

■ सोनिया-राहुल के खिलाफ आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से अदालत का इन्कार
- 12



■ कमजोर होते रुपये ने बढ़ाई विदेशी निकासी दबाव में घरेलू शेयर मार्केट
- 12



■ जॉर्डन के शाह के साथ वार्ता से दोनों देशों के बीच साझेदारी हुई मजबूत
- 13



■ ग्रुप ऑफ डेथ में सात्विक और चिराग की होगी कड़ी परीक्षा
- 14


आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.50
सूर्यास्त 05.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, 02:32 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 17 दिसंबर 2025, वर्ष 4, अंक 117, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# मथुरा में 8 बसें-3 कारें टकराईं, 13 जिंदा जले

**मौत का कोहरा**

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुआ भीषण हादसा, शीशा तोड़कर कूदे लोग, 95 से ज्यादा घायल

- मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक तीन शवों की पहचान हुई अन्य की डीएनए से की जाएगी

**मथुरा, एजेंसी**

मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के आठ बसों और तीन कारों के आपस में टकराने के बाद कई वाहनों में लगी आग में 13 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में 95 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। इस बीच जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (एडीएम) के नेतृत्व में चार सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है, जिसे दो दिनों के भीतर तफ्तीश पूरी कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। यमुना एक्सप्रेस-वे के आगरा-नोएडा साइड पर मंगलवार तड़के हादसा हुआ था।

मथुरा के एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा, आगरा से नोएडा की ओर जा रहे वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि कोहरा होने से कम दृश्यता के कारण यह हादसा हुआ। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचीं और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बलदेव थाना प्रभारी रंजना सचान ने कहा, 13 में से अब तक सिर्फ तीन की ही पहचान हो पाई है। इनकी पहचान प्रयागराज के निवासी अखिलेंद्र प्रताप यादव (44), आजमगढ़ निवासी रामपाल (75) और गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र के मुस्कान बाजार निवासी सुल्तान (62) के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शेष मृतकों के शव से सैंपल लेकर डीएनए जांच के लिए भेजे जा रहे हैं और उनके परिजनों से मिलान के बाद ही मृतकों की पहचान संभव हो सकेगी। हादसे के कारण अस्थायी तौर पर मार्ग परिवर्तन भी किया गया है। आगरा मण्डल के आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेष कुमार पांडेय ने भी जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और जिला अस्पताल में मरीजों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को उनका समुचित इलाज करने के निर्देश दिए। हादसे में हुई मौतों पर दुख प्रकट हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, जनपद मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का भी निर्देश दिया है।



मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर धूधू कर जलतीं बसें।



हादसे के बाद राहत कार्य में जुटे कर्मचारी।

### कई किमी दूर तक सुनाई दी वाहनों के टकराने की आवाज

स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहनों की टक्कर की आवाज कई किलोमीटर दूर के गांवों तक सुनाई दी, जिससे सुबह की शांति भयावह चीख-पुकार में बदल गई। भारी धुंध के कारण बचाव कार्य में भी कठिनाइयां आईं। हादसा आगरा से नोएडा की तरफ माइलस्टोन 127 पर कोहरा के कारण हुआ। दुर्घटनाग्रस्त बसों में आग को काबू करने के लिए मौके पर दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया।

### एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई फॉर्च्यूनर, 4 की मौत

**उन्नाव/बांगरमऊ।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भोरपहर तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि फॉर्च्यूनर के परखच्चे उड़ गए। यूपीडा टीम, बांगरमऊ व बेहटा मुजावर थाना पुलिस ने फंसे लोगों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक कार सवार गाजियाबाद के कारोबारी अशोक अग्रवाल (55) सहित अभिनव (20), आकाश (30) व अनवेश कौशल (29) की मौत हो गई। बताते हैं कि करोबारी यूपी के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के नजदीकी थे। घटना के समय वह एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। कैबिनेट मंत्री बेटे अरविंद राजभर के साथ मोर्चरी पहुंचे।

# हंगामे के बीच 'जी राम जी' विधेयक लोस में पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने विपक्ष के तीखे विरोध के बीच मंगलवार को लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पेश किया, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर लाया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' पेश करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी।

विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना उनका अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक को वापस लिया जाए या फिर संसदीय समिति के पास भेजा जाए। चौहान ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं। उन्होंने सवाल किया, कांग्रेस की सरकार ने भी जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था? उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि महात्मा गांधी ने भी रामराज्य की कल्पना की थी और उनके आखिरी शब्द भी 'हे राम' थे। वहीं, अप्रचलित और पुराने हो चुके 71 कानूनों को समाप्त करने या संशोधित करने के प्रावधान वाले 'निरसन और संशोधन विधेयक, 2025' को लोकसभा मंजूरी दे दी।

- अप्रचलित और पुराने कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को लोकसभा की मंजूरी



### बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई वाला विधेयक लोस में पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रावधान वाले विधेयक को मंगलवार को मंजूरी दे दी। विधेयक पर चर्चा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद सदन ने विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज करते हुए 'सबका बीमा सबकी रक्षा विधेयक, 2025' को ध्वनि मत से स्वीकृति दे दी।

**ब्रीफ न्यूज**

### उड़ान के दौरान चालक दल की महिला से दुर्व्यवहार, मामला दर्ज

**हैदराबाद।** सऊदी अरब के दम्माम से आ रही एक उड़ान में चालक दल की एक एक महिला सदस्य को अनुचित तरीके से छूने को लेकर एक बुजुर्ग यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विमान के यहां उतरने के बाद, चालक दल ने 13 दिसंबर को आरजीआई हवाई अड्डा थाने में लगभग 60 वर्षीय यात्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग ने जानबूझकर दुर्व्यवहार करने से इनकार किया और दावा किया कि संपर्क आकस्मिक था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और यात्री को नोटिस जारी किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

### कोहरे से दिल्ली हवाई अड्डे पर 126 उड़ानें रद्द

**मुंबई।** दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन बाधित हुआ जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के एक अधिकारी ने बताया कि खराब दृश्यता के कारण अब तक 49 प्रस्थान और 77 आगमन उड़ानें रद्द की गईं। इसी बीच, संकटग्रस्त इंडिगो ने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण हुई बाधाओं के चलते उसने अपने नेटवर्क की 110 उड़ानें रद्द कर दी हैं। (विस्तृत पेज-12)

# भारत-जॉर्डन का व्यापार पांच सालों में होगा दोगुना, 5 समझौतों पर हस्ताक्षर

- प्रधानमंत्री मोदी बोले- शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ वार्ता से प्रमुख क्षेत्रों में साझेदारी हुई मजबूत

**अम्मान, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत-जॉर्डन द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्ष में दोगुना करके पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा। साथ ही उन्होंने जॉर्डन की कंपनियों को देश की उच्च आर्थिक वृद्धि का लाभ उठाने और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान दोनों देशों के बीच पांच समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। वह किंग अब्दुल्ला द्वितीय के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे थे।

प्रधानमंत्री मोदी और किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने यहां भारत-जॉर्डन व्यापार मंच को मंगलवार को संबोधित किया। इस सम्मेलन में युवराज हुसैन और जॉर्डन के व्यापार एवं उद्योग मंत्री तथा निवेश मंत्री भी उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने के महत्व को स्वीकार किया। साथ ही दोनों पक्षों के उद्योगपतियों से इस क्षमता एवं अवसरों को वृद्धि और समृद्धि में बदलने का आह्वान किया। किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने कहा कि जॉर्डन के मुक्त व्यापार समझौतों और भारत की आर्थिक शक्ति को मिलाकर दक्षिण एशिया एवं पश्चिम एशिया तथा उससे परे एक आर्थिक गलियारा बनाया जा सकता है। मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की सफलता, जॉर्डन और दुनिया भर में इसके साझेदारों के लिए अपार वाणिज्यिक अवसर प्रदान करती है।



जॉर्डन के क्राउन प्रिंस के साथ कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### स्वयं कार चला मोदी को संग्रहालय ले गए युवराज

**अम्मान।** भारत और जॉर्डन के संबंधों में गर्मजोशी को दर्शाते हुए अरब देश के युवराज अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी को स्वयं कार चलाकर जॉर्डन संग्रहालय लेकर गए। युवराज पैगंबर मोहम्मद की 42वीं पीढ़ी के सीधे वंशज हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि वह संग्रहालय में जॉर्डन के इतिहास और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दिखाने के लिए अल-हुसैन के प्रति आभारी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने युवराज के साथ विस्तृत बातचीत की है तथा जॉर्डन की प्रगति के प्रति उनका जुनून स्पष्ट रूप से नजर आया। वर्ष 2014 में निर्मित यह संग्रहालय प्रागैतिहासिक काल से लेकर वर्तमान समय तक क्षेत्र की सभ्यतागत यात्रा को दर्शाता है। संग्रहालय में 15 लाख वर्ष पुरानी जानवरों की हड्डियां और चूना प्लास्टर से बनीं 9,000 वर्ष पुरानी ऐन गजल की मूर्तियां हैं, जिन्हें दुनिया की सबसे प्राचीन मूर्तियों में से एक माना जाता है।

## गोवा नाइटक्लब अग्निकांड में लूथरा बंधु थाईलैंड से प्रत्यर्पित

- गोवा पुलिस को लूथरा बंधुओं की दो दिन की ट्रांजिट रिमांड मिली

**नई दिल्ली।** गोवा के 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब के सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को थाईलैंड से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद मंगलवार को दिल्ली पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस नाइटक्लब में भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी।

दिल्ली की एक अदालत ने गोवा पुलिस को लूथरा बंधुओं की दो दिन की ट्रांजिट रिमांड प्रदान की। थाईलैंड से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद लूथरा बंधुओं को पटियाला हाउस अदालत में पेश किया गया था। छह दिसंबर की घटना के बाद लूथरा बंधुओं के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। जांचकर्ताओं का आरोप है कि नाइटक्लब द्वारा अनिवार्य अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के कारण यह घटना और भी गंभीर हो गई। इस घटना ने प्रबंधन द्वारा कथित अग्नि सुरक्षा उल्लंघनों और चूक पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

# दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

- दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को घोषणा की कि 18 दिसंबर से राजधानी में वैध प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्र के बिना वाहनों को पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सिरसा ने कहा कि वाहन मालिकों को नियम का पालन करने के लिए एक दिन का समय दिया गया है। मंत्री ने कहा कि पेट्रोल पंप पर लगाए गए कैमरे बगैर वैध पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों की स्वतः पहचान कर लेंगे, और गुरुवार से ऐसे वाहनों को बिना किसी टकराव या व्यवधान के ईंधन देने से इनकार कर दिया जाएगा। वैध पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं होने की वजह से अबतक आठ लाख वाहनों पर जुर्माना लगाया गया है।

### प्रदूषण के 13 प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की : सिरसा



सिरसा ने कहा कि सरकार ने शहर में प्रदूषण के 13 प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की है और संबंधित एजेंसियों को इनसे निपटने के लिए आमंत्रित किया है। कोविड काल को छोड़कर, इन स्थानों पर एक्यूआई का स्तर इस वर्ष पिछले एक दशक की तुलना में कम रहा है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## पश्चिम बंगाल में 58 लाख नाम मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए

- निर्वाचन आयोग ने बंगाल में मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जिसमें अधिकारियों ने बताया कि मृत्यु, पलायन और गणना प्रपत्र जमा न करने सहित विभिन्न कारणों से 58 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं।

प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इन हटाए गए नामों से कई महत्वपूर्ण विधानसभा सीटों पर असर पड़ा है तथा इससे राजनीतिक मतभेद और भी बढ़ गए हैं। चार नवंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित एसआईआर अभ्यास के बाद मसौदा मतदाता सूची से 58,20,898 नाम हटा दिए गए हैं, जिससे राज्य के मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ हो गई है।

## 24 जनवरी से शुरू होंगी यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**लखनऊ/ प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के आयोजन का कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया है।

परिषद के सचिव भगवती के अनुसार, परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि पहला चरण 24 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस चरण में आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन एवं बस्ती मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराई जाएंगी। दूसरे चरण में प्रयोगात्मक परीक्षाएं 2 फरवरी 2026 से 9 फरवरी 2026 तक होंगी। इस चरण में अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों को शामिल किया गया है।

# अनकैप्ड खिलाड़ियों पर जमकर बरसा पैसा, ऑस्ट्रेलिया के ग्रीन सबसे महंगे

**आईपीएल नीलामी**

- केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपये लगाई बोली, पथिराना को 18 करोड़
- सीएसके का प्रशांत और कार्तिक पर दांव, 14.20-14.20 करोड़ में बिके

**अबूधाबी, एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के खिलाड़ियों की नीलामी में मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज हरफनमौला ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के लिए रिकॉर्ड 25.20 करोड़ रुपये और श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के लिए 18 करोड़ रुपये खर्च किए। इस नीलामी में 'अनकैप्ड' (अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले) भारतीय खिलाड़ियों को भी बड़ी सफलता मिली।

इसमें उप्र के प्रशांत वीर, राजस्थान के विकेटकीपर और आक्रामक बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को चेन्नई सुपर किंग्स ने एक समान 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। दोनों खिलाड़ी 30 लाख रुपये की आधार मूल्य में आने के बाद आईपीएल नीलामी के इतिहास में सबसे अधिक कीमत पाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। जम्मू और कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी दार को भी दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा। ग्रीन ने अपने हमवतन मिशेल स्टार्क (24.75 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ते हुए आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इस हरफनमौला को सात करोड़ रुपये की बोली के साथ अपनी से जोड़ा।



**सख्ती**

**मुख्यमंत्री ने कहा- अन्नदाता को खाद के लिए भटकना पड़ा तो कोई नहीं बचेगा, तय होगी जवाबदेही**

# खाद माफिया पर एनएसए के तहत होगी कार्रवाई : योगी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में खाद की कालाबाजारी, मिलावट और नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए दो टूक कहा है कि ऐसे तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि खाद माफिया पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अन्नदाता किसान को खाद को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी हुई तो दोषी चाहे जिस स्तर का हो, कार्रवाई से नहीं बच पाएगा।

मंगलवार को कृषि एवं सहकारिता मंत्री की मौजूदगी में हुई उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सहकारिता और कृषि मंत्री प्रतिदिन खाद की स्थिति की समीक्षा करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय से हर जिले पर सीधी निगरानी रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि डीएम, एडीएम और एसडीएम खुद मैदान में उतरें और खाद की दुकानों व समितियों पर औचक निरीक्षण करें। फील्ड में तैनात अधिकारियों की गतिविधियों की निरंतर निगरानी होगी। मिलीभगत सामने आई तो खुली विजिलेंस जांच कराई जाएगी।

- कृषि मंत्री प्रतिदिन करेंगे समीक्षा सीएम कार्यालय से हर जिले पर रखी जाएगी सीधी निगरानी



### प्रदेश में खाद की मौजूदा उपलब्धता

**यूरिया : 9 .57 लाख मीट्रिक टन**
- सहकारी क्षेत्र : 3 .79 लाख मीट्रिक टन
- निजी क्षेत्र : 5 .78 लाख मीट्रिक टन

**डीएपी : 3 .77 लाख मीट्रिक टन**
- सहकारी : 1 .47 लाख मीट्रिक टन
- निजी : 2 .30 लाख मीट्रिक टन

**एनपीके : 3 .67 लाख मीट्रिक टन**
- सहकारी : 0 .88 लाख मीट्रिक टन
- निजी : 2 .79 लाख मीट्रिक टन
- रबी बुवाई लगभग पूरी
- गेहूं में टॉप ड्रेसिंग के लिए यूरिया वितरण जारी
- प्रतिदिन औसतन 54,249 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण

### वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी पर सख्त

मुख्यमंत्री ने एनेक्सी में हुई दूसरी उच्चस्तरीय बैठक में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को लेकर विभागों को और तेजी से काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश की जीएसडीपी जहां 12 .5 लाख करोड़ रुपये थी, वहीं वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 29 .78 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 2025-26 में 36 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने निर्देश दिए कि मंत्रीगण मासिक, मुख्य सचिव पाक्षिक और विभागाध्यक्ष साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित करें।

न्यूज ब्रीफ

## हर विधानसभा में भाजपा के 84 हजार वोट कट गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार



लोगों के वोट कटवाने के लिए एसआईआर कर रही है। एसआईआर में आधार कार्ड नहीं माना जा रहा है। अब मुख्यमंत्री कह रहे है कि एसआईआर में चार करोड़ वोट कट गये। कटे वोट भाजपा के है। अगर चार करोड़ वोट कट गये है तो इस हिसाब से हर विधानसभा में भाजपा के 84 हजार वोट कट गये। भाजपा अभी से हार गयी। सपा प्रमुख ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि जो दूसरों के लिए गड्डा खोदता है वह खुद उसी गड्डे में गिर जाता है। भाजपा के साथ यही होगा। भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। निगेटिव सोचती है। दूसरों को नुकसान पहुंचाती है। भाजपा भगवान और महापुरुषों को सिर्फ नारे और स्लोगन तक रखती है। न तो उनके बताए रास्ते पर चलती है और न उनके विचारों पर चलती है।

## इंडिया स्किल्स में पंजीकरण से यूपी अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए सर्वाधिक पंजीकरण प्राप्त कर उप्र.ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी और कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन का परिणाम है। यह बात कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने सोमवार को मिशन मुख्यालय में मिशन स्तरीय गठित समिति की बैठक में कहीं। उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य पंजीकृत युवाओं के प्रशिक्षण, सतत समीक्षा और मार्गदर्शन की रणनीति को मजबूत करना रहा, ताकि उन्हें प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया जा सके।

## योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे : नरेन्द्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पिछड़ा वर्ग राज्य मंत्री मंगलवार को सचिवालय स्थित सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति, कंप्यूटर प्रशिक्षण योजनाओं सहित बजट व्यय और रिक्त पदों की स्थिति की समीक्षा की गई।

# सेवा निर्यातकों को वैश्विक बाजार में मिलेगी नई ताकत

## सेवा निर्यात को लागू होगी विपणन विकास सहायता योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने सेवा क्षेत्र के निर्यात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल की है। नई उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025–30 के अंतर्गत पहली बार सेवा निर्यातकों के लिए समर्पित विपणन विकास सहायता योजना लागू की जा रही है। इस पहल के साथ उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने सेवा निर्यात के लिए अलग और विशेष विपणन सहायता नीति को अमल में लाया है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के सेवा निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनाना, उनकी विपणन क्षमता को सुदृढ़ करना और वैश्विक मांग के अनुरूप सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है। इससे न केवल सेवा क्षेत्र के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार सृजन, निवेश और प्रदेश की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

योजना का लाभ उन्हीं सेवा निर्यातकों को मिलेगा, जो निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो, उत्तर प्रदेश (यूपीईपीबी) और उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्धन परिषद में पंजीकृत हों। साथ ही वे भारत सरकार द्वारा चिन्हित 12 चैंपियन सेवा क्षेत्रों के अंतर्गत सेवाओं का निर्यात कर रहे हों और उत्तर प्रदेश में उत्पन्न सेवाओं का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार कर रहे हों।

- सेवा निर्यात के लिए अलग और विशेष विपणन सहायता नीति को अमल में लाया गया

### योजना की प्रमुख विशेषताएं

- सेवा निर्यातकों के लिए पहली बार अलग विपणन सहायता योजना
- आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन
- मेला समाप्ति के 120 दिनों के भीतर आवेदन अनिवार्य
- डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में भुगतान
- प्रथम आवत–प्रथम पावत के आधार पर दावों का निस्तारण

### नई नीति में यह भी छूट

- नई नीति के तहत सेवा निर्यातकों को विदेशों में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों, प्रदर्शनी और बायर–सेलर मीट में भागीदारी के लिए स्टॉल किराए के व्यय का 75 प्रतिशत (अधिकतम 2 लाख रुपये) तथा एक व्यक्ति की इकोनॉमी क्लास हवाई यात्रा पर हुए व्यय का 75 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख रुपये) तक की सहायता प्रदान की जाएगी। वहीं, देश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के व्यापार मेलों में भागीदारी के लिए स्टॉल किराए पर अधिकतम 50 हजार रुपये और यात्रा व्यय पर अधिकतम 25 हजार रुपये की सहायता अनुमन्य होगी।

### व्यापार मेलों के खर्च में 1 करोड़ तक सहायता

- इस योजना के तहत आयोजक संस्थाओं को भी बड़ा प्रोत्साहन दिया गया है। विदेशों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों, प्रदर्शनी और बायर–सेलर मीट के आयोजन पर कुल व्यय का 75 प्रतिशत, अधिकतम 1 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाएगी। देश में ऐसे आयोजनों के लिए अधिकतम 75 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान है, जिसमें न्यूनतम 20 सेवा निर्यातक इकाइयों की भागीदारी अनिवार्य होगी।

## लक्ष्य स्पष्ट है, ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की सीएम डैशबोर्ड और वित्तीय स्वीकृतियों की समीक्षा
- कहा-वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की राह पर यूपी, देरी नहीं चलेगी
- विभागीय कामकाज की मासिक-पाक्षिक-साप्ताहिक समीक्षा के निर्देश



सीएम डैस बोर्ड की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को लेकर प्रशासनिक मशीनरी को और तेज़ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ कहा कि लक्ष्य सही दिशा में बढ़ रहा है, लेकिन अब गति, समन्वय और समयबद्धता ही सफलता की कुंजी होगी। किसी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देश दिए कि मंत्रिगण अपने-अपने विभागों की मासिक समीक्षा, मुख्य सचिव पाक्षिक समीक्षा और अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/विभागाध्यक्ष साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से करें।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को एनेक्सी में सीएम डैशबोर्ड व वित्तीय स्वीकृतियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-17 में उत्तर प्रदेश की जीएसडीपी जहां 12.5 लाख करोड़ रुपये थी, वह 2024-25 में बढ़कर 29.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। 2025-26 में इसके 36 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि देश की अर्थव्यवस्था में यूपी की हिस्सेदारी 2016 में 8 प्रतिशत थी, जो अब 9 प्रतिशत से अधिक हो गई है। यह प्रदेश की मजबूत आर्थिक प्रगति का संकेत है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मंत्रिगण अपने-अपने विभागों की मासिक समीक्षा, मुख्य सचिव पाक्षिक समीक्षा और अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/विभागाध्यक्ष साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से करें। कार्यों में देरी या लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में बताया गया कि जीएसडीपी लक्ष्य का 93 प्रतिशत पहले ही प्राप्त किया जा चुका है। अब लगभग 42 लाख करोड़ रुपये के दीर्घकालिक लक्ष्य की ओर प्रदेश तेजी से अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने रियल-टाइम डेटा अपलोड, फाइलों के त्वरित निस्तारण और केंद्र सरकार से समन्वय पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बजट का समय से और गुणवत्तापूर्ण व्यय सुनिश्चित किया जाए। नियोजन विभाग को सभी विभागों का डेटा साप्ताहिक रूप से एकत्र करने के लिए मजबूत तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि, ऊर्जा और उद्योग प्रदेश की आर्थिक वृद्धि के मुख्य स्तंभ बनकर उभरे हैं। उत्तर प्रदेश देश के कुल 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन में योगदान दे रहा है और कृषि विकास दर 13 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। बेहतर बीज, उन्नत तकनीक और फसल विविधीकरण से किसानों की आय और उत्पादन दोनों में वृद्धि हुई है। सीड पार्क और यूपी एग्रीज परियोजना को और गति देने के निर्देश दिए गए।

ऊर्जा क्षेत्र में बिजली चोरी और तकनीकी हानियों में कमी से निगमों की स्थिति सुधरी है। पीएम कुसुम-सी योजना के तहत सोलर पार्क और बड़े सोलर प्रोजेक्ट्स से उत्पादन बढ़ा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में पीएम जन आरोग्य योजना से अस्पतालों की आय और स्वास्थ्य अवसंरचना में विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा, पर्यटन, होम-स्टे पॉलिसी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, डिजिटल लाइब्रेरी, आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-प्राइमरी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने और श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

## क्षेत्रीय कनेक्टिविटी व अंतिम मील तक पहुंच पर सरकार का फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हाई-स्पीड नेटवर्क व कॉरिडोर से व्यापार, रोजगार और शहरी अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति
- विकसित उप्र का लक्ष्य साधने को रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम का विस्तार

**अमृत विचार :** 'विकसित उत्तर प्रदेश' बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी सरकार का प्रमुख जोर क्षेत्रीय आवागमन संपर्क (रीजनल कनेक्टिविटी) को मजबूत करने के साथ-साथ 'अंतिम मील कनेक्टिविटी' सुनिश्चित करने पर है, ताकि शहरों, कस्बों, औद्योगिक क्षेत्रों और आवासीय इलाकों के बीच आवागमन तेज, सुरक्षित और सुगम हो सके। प्रदेश सरकार हाई-स्पीड परिवहन नेटवर्क के जरिए शहरी क्षेत्रों के बीच दूरी और यात्रा समय कम करने का रोडमैप तैयार कर रही है। इसके तहत प्रमुख शहरों, आर्थिक केंद्रों और औद्योगिक हब को जोड़ने पर फोकस किया गया है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में एक हजार किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में हाई-स्पीड नेटवर्क को चरणबद्ध ढंग से विकसित करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। इससे लोगों की दैनिक आवाजाही आसान होने के साथ आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम के विस्तार के लिए लगभग 1500 किलोमीटर क्षेत्र में विस्तारित परिवहन नेटवर्क के विकास पर काम हो रहा है। साथ ही विभिन्न ऑर्बिटल कॉरिडोर्स के निर्माण का खाका भी तैयार किया गया है। इन कॉरिडोर्स से शहरों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित होगी और शहरी इलाकों में यातायात का दबाव कम होगा। औद्योगिक क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स हब और नगरीय केंद्रों के आपसी जुड़ाव से प्रदेश की शहरी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।सरकार इंटरसिटी परिवहन को भविष्य-उन्मुख बनाने के लिए मेट्रो रेल परियोजनाओं के संचालन और विस्तार, वॉटर मेट्रो नेटवर्क तथा नई तकनीकों पर आधारित परिवहन विकल्पों पर भी विचार कर रही है।

### योजना के प्रमुख बिंदु

- हाई–स्पीड परिवहन नेटवर्क से शहरों के बीच तेज आवागमन
- लगभग 1500 किमी क्षेत्र में रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम का विस्तार
- ऑर्बिटल कॉरिडोर्स से ट्रैफिक दबाव में कमी
- मेट्रो, वॉटर मेट्रो व इंटरसिटी कनेक्टिविटी पर फोकस
- अंतिम मील कनेक्टिविटी को प्राथमिकता

### महाकुंभ भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति : मुख्यमंत्री

- **अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को लखनऊ में लेखिका मीनाक्षी सिंह एवं ब्लूम्सबरी इंडिया के प्रबंध निदेशक राहुल श्रीवास्तव ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान योगी को एक्सप्रेशन ऑफ डिविनिटी : महाकुंभ नामक पुस्तक भेंट की गई। मुलाकात के दौरान सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक विषयों पर संवाद हुआ। मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति है।मीनाक्षी सिंह लेखिका एवं विजुअल स्टोरीटेलर हैं, जो भारतीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं पर कार्य करती हैं। उनकी पुस्तक एक्सप्रेशन ऑफ डिविनिटी : महाकुंभ 2025 (दिव्यता की अभिव्यक्तियां : महाकुंभ) ब्लूम्सबरी इंडिया द्वारा प्रकाशित है। यह पुस्तक महाकुंभ 2025 के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयामों को चित्रात्मक एवं भावात्मक रूप में प्रस्तुत करती है। पुस्तक में महाकुंभ की दिव्यता, परंपराओं, साधना, आस्था और जनजीवन के विविध पहलुओं का समग्र चित्रण किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुस्तक के लिए मीनाक्षी सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के साहित्यिक प्रयास न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि उसे वैश्विक मंच पर भी पहचान दिलाने में सहायक होते हैं।

## कानपुर में राज्य स्तरीय मक्का कार्यशाला आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मक्का की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 17 दिसंबर को कानपुर में राज्य स्तरीय मक्का कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय के शताब्दी भवन सभागार में "त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम" योजना अंतर्गत कार्यक्रम होगा। कार्यशाला के मुख्य अतिथि कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्यप्रताप शाही होंगे। कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी ने दी, उन्होंने बताया कि "त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम" योजना वर्ष 2024-25 से 2027-28 तक चार वर्षों के लिए संचालित की जा रही है, जिसका कुल परिव्यय 14,656.45 करोड़ रुपये है। योजना में प्रदेश के सभी 75 जिलों में मक्का की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। वर्तमान में केंद्र सरकार की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत मक्का के लिए केवल 13 जिले ही चयनित हैं।

## सदन की कार्यवाही के दौरान नहीं होंगी समितियों की बैठकें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासनादेश के अनुपालन के लिए मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को जारी हुए निर्देश

**अमृत विचार :** प्रदेश में विधानमंडल सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही को निर्बाध और प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से सभी प्रशासनिक समितियों की बैठकों पर रोक रहेगी। संसदीय कार्य विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुपालन के लिए मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख सचिव जेपी सिंह-II की ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि संसद या राज्य विधानमंडल के सत्र के दौरान मंडल, जिला अथवा अन्य स्तरों पर गठित ऐसी किसी भी समिति की बैठक आयोजित नहीं की जाएगी, जिनमें सांसद या विधायक सदस्य अथवा नामित सदस्य हों। शासनादेश में वर्ष 1998 में जारी पूर्व आदेश का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यह व्यवस्था इसलिए लागू की गई है, ताकि विधायकों की विधायी जिम्मेदारियों में किसी प्रकार का व्यवधान न आए और वे सत्र की कार्यवाही में पूरी तरह सहभागी रह सकें। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल विशेष परिस्थितियों में ही इस व्यवस्था से अपवाद संभव होगा और वह भी तब, जब लोकसभा, राज्यसभा अथवा राज्य विधानमंडल का सत्र लगातार तीन दिनों के लिए स्थगित हो।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल का तृतीय सत्र-2025, 19 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए शासन ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने स्तर पर इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इसके लिए संबंधित विभागों, कार्यालयाध्यक्षों और अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा गया है। शासनादेश की प्रतिलिपि सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, सचिवों, पुलिस महानिदेशक, विधानसभा एवं विधान परिषद सचिवालय सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। शासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### शासनादेश की मुख्य बातें

- विधानमंडल/संसद सत्र के दौरान समितियों की बैठकें नहीं होंगी
- सांसद या विधायक सदस्य वाली सभी प्रशासनिक समितियां दायरे में
- वर्ष 1998 के शासनादेश के प्रावधानों का हवाला
- केवल तब छूट, जब सत्र लगातार तीन दिन स्थगित हो

## लेखपाल के 7,994 पदों पर भर्ती कार्यक्रम जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीईटी-2025 के अंकों के आधार पर मुख्य परीक्षा, 29 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन

**अमृत विचार:** सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने राजस्व परिषद के नियंत्रणाधीन लेखपाल के 7,994 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 के अंकों के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिए 29 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। अभ्यर्थी 28 जनवरी 2026 तक आवेदन और परीक्षा शुल्क जमा कर सकेंगे। आवेदन में संशोधन एवं शुल्क समायोजन की अंतिम तिथि 4 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पीईटी-2025 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। पीईटी स्कोर के आधार पर अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं के माध्यम से अंतिम चयन किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों को पीईटी में शून्य या उससे कम नकारात्मक अंक प्राप्त होंगे, उन्हें मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किया जाएगा।

## चार दिन चलेगा सत्र, 22 दिसंबर को अनुपूरक बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 से 24 दिसंबर तक



**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 से 24 दिसंबर तक चार दिन चलेगा। विधानमंडल सचिवालय के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे की ओर से विधायकों को आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। कार्यसूची कार्यक्रम विधानसभा अध्यक्ष द्वारा स्वीकृत किया गया है। विधानमंडल सत्र के दौरान 22 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश होगा, इसे लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियां तेज रहेगी।

प्रमुख सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार, सत्र की शुरुआत 19 दिसंबर (शुक्रवार) को होगी, जबकि 20 दिसंबर (शनिवार) और 21 दिसंबर (रविवार) को बैठक नहीं होगी। इसके बाद 22 दिसंबर (सोमवार) को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुपूरक अनुदानों की मांगें प्रस्तुत की जाएंगी। यह प्रस्तुति दोपहर 12:20 बजे सदन में की जाएगी । कार्यसूची के अनुसार, 22 दिसंबर को अनुपूरक बजट की प्रस्तुति के साथ ही विधायी कार्य भी संपन्न होंगे। 23 दिसंबर (मंगलवार) को विधायी कार्यों के साथ अन्य कार्यों पर विचार किया जाएगा, जबकि 24 दिसंबर (बुधवार) को अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा, मांगों पर विचार, मतदान और उनसे संबंधित विनियोग विधेयक को सदन की अनुमति से पुनः प्रस्तुत कर पारित किया जाएगा।

पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सत्र के दौरान पूर्व में प्रख्यापित अध्यादेशों के स्थानापन्न विधेयक और कुछ नए विधेयकों को सदन में विचारार्थ लिए जाने की संभावना है। इन विधेयकों को किस क्रम में लिया जाएगा, इसकी सूचना विधायकों को यथासमय अलग से दी जाएगी। जारी सूची के अनुसार, जिन अध्यादेशों के स्थानापन्न विधेयक सदन में लाए जा सकते हैं, उनमें पेंशन, निजी विश्वविद्यालय, नगर निगम, दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, शिक्षा सेवा चयन आयोग सहित कुल आठ अध्यादेश शामिल हैं। इस संबंध में सूचना मुख्यमंत्री, राज्यपाल सचिवालय, विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, सभी मंत्रियों, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों सहित संबंधित विभागों को भी भेज दी गई है। साथ ही विधानसभा सचिवालय की वेबसाइट पर भी कार्यसूची अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर सबमिट कर दिया : श्यामलाल पाल

- अमृत विचार, लखनऊ : सपा ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया है कि प्रदेश की कई विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर उनके गणना प्रपत्र सबमिट कर दिए गए हैं। शिकायतों के बावजूद जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, जो अत्यंत गंभीर विषय है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मंगलवार को ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। सपा ने झांसी सदर विधानसभा क्षेत्र का मामला उठाते हुए आरोप लगाया है कि मतदेय स्थल संख्या–2 पर 23 मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा किए गए थे, लेकिन बाद में सभी 23 मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया।

बैठक

विधानसभा अध्यक्ष बोले, लोकतांत्रिक व्यवस्था में विशेषाधिकार समिति की भूमिका अहम

## विशेषाधिकार समिति की बैठक में गिनाईं जिम्मेदारियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते समिति के सदस्य।

**अमृत विचार:** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा की विशेषाधिकार समिति का लोकतांत्रिक व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह समिति विधायिका की गरिमा, अधिकारों और मर्यादाओं की रक्षा का सशक्त माध्यम है।

विशेषाधिकार समिति की उद्घाटन बैठक में महाना ने स्पष्ट किया कि समिति को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी औपचारिकता और संवैधानिक मर्यादा के साथ करना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी या अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। विधानसभा अध्यक्ष ने समिति के सदस्यों से कहा कि विशेषाधिकार समिति के कार्य और अधिकारों को लेकर किसी को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह आवश्यक है कि सभी जनप्रतिनिधि और संबंधित पक्ष अपने अधिकारों का प्रयोग एक निर्धारित सीमा के भीतर करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अधिकार जितने महत्वपूर्ण हैं, उतनी ही जिम्मेदारियां भी हैं। अधिकारों के साथ कर्तव्यों का संतुलन ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाता है।महाना ने कहा कि किसी भी संस्था या व्यक्ति को ऐसी भाषा, व्यवहार या आचरण से बचना चाहिए, जिससे सदन की प्रतिष्ठा और गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगे। विधानसभा की मर्यादा सर्वोपरि है और इसकी रक्षा करना सभी जनप्रतिनिधियों और संबंधित पक्षों का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी जनप्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह हैं। जनता ने जिन अपेक्षाओं और विश्वास के साथ अपने प्रतिनिधियों को चुना है, उन पर खरा उतरना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### संयम, धैर्य और मर्यादा में करें कार्य

- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने समिति के सभी सदस्यों से संयम, धैर्य और मर्यादा के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि इन्हीं मूल्यों के आधार पर समिति लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख और विश्वसनीयता को और मजबूत कर सकती है। इससे पहले विशेषाधिकार समिति के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष का अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे सहित विधानसभा सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## साढ़े तीन करोड़ के मादक पदार्थ के साथ चार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एएनटीएफ ने की प्रदेश के तीन जिलों में की बड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार:** एएनटीएफ ने मंगलवार को प्रदेश के तीन जिलों में बड़ी कार्रवाई की है। गोरखपुर यूनिट ने मादक पदार्थ की तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 530 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद माल की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा भदोही में दो करोड़ और लखनऊ यूनिट ने निगोहां में 25 लाख के गांजा के साथ एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एएनटीएफ गोरखपुर यूनिट ने गोरखपुर-वाराणसी हाइवे के एकला के पास से राजघाट के चकरा अव्वल निवासी छेदी यादव और दुर्गाबाड़ी रोड चरनचौक निवासी अरुण सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से टीम ने 530 ग्राम हेरोइन, स्कूटी, मोबाइल व नकदी बरामद की। हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.10 करोड़ रुपये है। दोनों के खिलाफ गीडा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूछताछ में बताया कि दोनों हेरोइन बाराबंकी के जैतपुर टीकरा उसमा से लेकर जाते थे। जिसे छोटे पैकेट में सप्लाई करते थे। इसी तरह एएनटीएफ लखनऊ यूनिट ने निगोहां-नगराम रोड़ से मीरखनगर जाने वाली रोड़ परथाना से तस्कर को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी अनिकेत मौर्या रायबरेली के जगतपुर के जिगना पूरे देव का रहने वाला है। आरोपी के पास से 49.050 किलो ग्राम गांजा, चार पहिया वाहन, दो मोबाइल व नकदी बरामद हुई। बरामद गांजा की कीमत 25 लाख रुपये है। वहीं, भदोही में मेरठ व प्रयागराज यूनिट ने छापेमारी कर 380 किलो गांजा बरामद किया।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# पंचायत चुनाव के लिए 45 चिह्न तक के मतपत्र उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कोषागार के स्ट्रांग रूम में रखे गए 50 लाख 26 हजार बैलेट पेपर
- पीडी डीआरडीए और डीसी मनरेगा के नेतृत्व में आ गई टीम

**अमृत विचार।** भले ही अभी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है लेकिन मतपत्र लेकर दिल्ली से अधिकारी व कर्मचारी लौट आए हैं। 50 लाख 26 हजार 220 मतपत्रों को कड़ी सुरक्षा में कोषागार के स्ट्रांग रूम में रखा गया है। खास बात यह है कि 45 चिह्न तक के मतपत्रों की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

वर्ष 2026 में कुल 499 ग्राम प्रधान, 6327 ग्राम पंचायत सदस्य, 676 क्षेत्र पंचायत सदस्य और 28 जिला पंचायत सदस्य पद पर चुनाव होना है। लगभग 11 लाख मतदाता चुनाव में वोट डालेंगे। पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह और डीसी मनरेगा दिनेश यादव के नेतृत्व में कर्मचारियों की टीम बैलेट पेपर लेने दिल्ली गई थी जो बैलेट पेपर लेकर आ गई। स्ट्रांग रूम पर पुलिस कर्मियों की 24 घंटे चरणवार ड्यूटी शुरू हो गई है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि पंचायत चुनाव कराने के लिए बैलेट पेपर आ चुके हैं। ग्राम पंचायत सदस्य का सफेद, प्रधान का हरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य का नीला और जिला पंचायत सदस्य का गुलाबी रंग का बैलेट पेपर रहेगा। ग्राम पंचायत सदस्य के 06 लाख 40 हजार 100 मतपत्र आ गए हैं। प्रधान के 14 लाख 61 हजार 800, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 14 लाख 17 हजार 400 और जिला पंचायत सदस्य के 15 लाख 06 हजार 900 बैलेट पेपर आए हैं।

### किस पद के कितने चिह्न वाले बैलेट पेपर

- ग्राम पंचायत सदस्य के चार चिह्न वाले 05 लाख 91 हजार 700 मतपत्र आ गए हैं। 06 चिह्न के 45,700, 09 चिह्न के 1800, 12 चिह्न के 900 बैलेट पेपर आए हैं।
- प्रधान के 04 चिह्न के 02 लाख 38 हजार 700 मतपत्र, 06 चिह्न के 02 लाख 74 हजार 400, 09 चिह्न के 03 लाख 56 हजार 700, 12 चिह्न के 02 लाख 74 हजार 400, 18 चिह्न के 02 लाख 28 हजार 600, 27 चिह्न के 68,600, 36 चिह्न के 16,500, 45 चिह्न के 3900 बैलेट पेपर आ गए हैं।
- क्षेत्र पंचायत सदस्य के 04 चिह्न के 05 लाख 87 हजार 100, 06 चिह्न के 04 लाख 11 हजार 500 मतपत्र, 09 चिह्न के 02 लाख 92 हजार 600, 12 चिह्न के 91,500, 18 चिह्न के 27,400, 27 चिह्न के 4600, 36 चिह्न के 2700 बैलेट पेपर आ गए हैं।
- जिला पंचायत सदस्य के 04 चिह्न के 17,400, 06 चिह्न के 45,700, 09 चिह्न के 01 लाख 82 हजार 900, 12 चिह्न के 02 लाख 74 हजार 400, 18 चिह्न के 05 लाख 03 हजार, 27 चिह्न के 03 लाख 65 हजार 800, 36 चिह्न के 91,500 और 45 चिह्न के 26,200 बैलेट पेपर स्ट्रांग रूम में रख दिए गए हैं।

# आग बुझाने का मिला प्रशिक्षण

संवाददाता छिबरामऊ


फायर सर्विस के बारे में सीखते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद रोड स्थित सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में फायर विभाग ने कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें स्कूली बच्चों को अग्नि सुरक्षा और आग बुझाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

फायर स्टेशन इंचार्ज प्रांशु अवस्थी ने स्कूली बच्चों को आग लगने के प्रमुख कारणों, इससे होने वाले भयानक नुकसान तथा बचाव के सरल महत्वपूर्ण उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को सिखाया कि आग लगने पर फायर एक्सटिंग्विशर का सही प्रयोग कैसे करें। आपात स्थिति में शांत रहें, तुरंत सुरक्षित जगह पर पहुंचें और फायर ब्रिगेड को 101 नंबर पर सूचित करें। उन्होंने लाइव डेमो के जरिए आग बुझाने की प्रक्रिया दिखाई, जिससे बच्चों में न केवल जागरूकता आई, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा। सभी विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया, जबकि शिक्षक व स्टाफ ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया। स्कूल के डायरेक्टर वीसी अवस्थी ने कहा, बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ऐसे कार्यक्रम भविष्य में नियमित होंगे। अंत में, उन्होंने प्रांशु अवस्थी को अशोक की लाट का प्रतीक चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### चार बार संपूर्ण समाधान दिवस में दी शिकायत, समाधान नहीं

**तिर्वा।** चार बार संपूर्ण समाधान दिवस पर चकरोड खुलवाने संबंधी शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं किया जा सका। इसको लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की है। उमर्दा ब्लाक क्षेत्र की ग्रामसभा नुनारी निवासी रामाधार ने बताया कि ग्राम सभा की गाटा संख्या 213 में चकरोड बनना है। इसके लिए उसने समाधान दिवस में 05 व 19 अप्रैल, 05 जुलाई तथा 08 सितंबर को प्रार्थना पत्र देकर चकरोड बनवाने की मांग की थी। इस पर संबंधित लेखापाल ने चकरोड की नाप जोख भी की जा चुकी है। इस के बाद भी चकरोड का निर्माण ग्राम पंचायत से नहीं कराया गया है।

### नाबालिग घर से गायब गुमशुदगी दर्ज

**सौरिख।** नाबालिग घर से बिना बताए कहीं चला गया। इसकी गुमशुदगी पिता ने थाने में दर्ज कराई। पुलिस जांच में जुट गई है। नगरिया लालपार निवासी इमरान खान पुत्र अहमद खान ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि पुत्र मुनिस (14) जो की दिमागी रूप से थोड़ा कमजोर है 15 दिसंबर को सुबह समय के करीब 10 बजे घर से गायब हो गया। इसको हम लोगों ने हर जगह ढूंढने का प्रयास किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

### जहरीले सांप के काटने से ग्रामीण की मौत

**कन्नौज।** सांप के काटने से ग्रामीण की मौत हो गई। संदिग्ध हालत में मौत होने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान पैनल से पोस्टमार्टम किया गया। इसमें मौत का कारण जहरीले सांप के काटने से मिला। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव तुलापुर्वा निवासी सुबोध कुमार (29) पुत्र अमरीश कुमार सोमवार की शाम खेत की ओर गया था। जहां उसे जहरीले सांप ने काट लिया। अंधेरा होने से वह देख नहीं सका। जैसे ही जहर का असर हुआ तो परिजन इधर उधर उपचार व झाड-फूक कराते रहे। इससे उसकी हालत गंभीर हो गई। कुछ देर के बाद उसकी मौत हो गई।

# प्रधानाध्यापक पर 15 आरोप, किया सस्पेंड

## कंपोजिट विद्यालय जलालपुर कटरी बांगर के प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


जलालपुर कटरी बांगर में विद्यार्थियों से बात करते बीएसए संदीप कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड सदर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय जलालपुर कटरी बांगर के प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। बीएसए के निरीक्षण में वह स्कूल में मौजूद नहीं थे। बच्चे खेल रहे थे शिक्षक बैठे हुए थे। कंपोजिट ग्रांट, स्पोर्टस ग्रांट व स्कूल के विकास को आया बजट से कार्य नहीं कराया गया। कुल 15 आरोप उन पर लगे हैं। निलंबन के बाद प्रधानाध्यापक को प्राथमिक स्कूल टिड़ियापुर में संबद्ध कर दिया गया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने जारी किए आदेश में कहा है कि मंगलवार को सुबह 09:35 बजे तक प्रधानाध्यापक विनय गुप्ता बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे। स्कूल में कक्षाएं संचालित नहीं थीं। बच्चे कक्षा-कक्ष में नहीं थे बल्कि खेल रहे थे। शिक्षक बैठे हुए थे। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई नहीं थी, किचेन गंदा था और हैंडवॉश यूनिट टूटी मिली। बीएसए ने बताया कि शौचालय व बाथरूम गंदा था। पूछने पर बच्चों ने बताया कि गुरुवार को गुड़ की पट्टी या सप्लीमेंटरी न्यूट्रीशन नहीं बांटी गई है। वजन तौलने वाली मशीन नहीं पाई गई और खेल सामग्री भी नहीं खरीदी गई। किचेन गार्डेन नहीं मिला जबकि इस मद में विभाग ने स्कूल को धनराशि भेजी है। मिडे-डे मील में भोजन लकड़ी के चूल्हे पर बनता मिला, जबकि एलपीजी सिलेंडर से बनाया जाना चाहिए था। उन्होंने बताया कि विभागीय आदेशों की अवहेलना करना, पदेन दायित्वों का निर्वहन न करना, स्वेच्छाचारिता व मनमानी करना, शैक्षिक कार्य में रुचि न लेना, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन करने के आरोप में निलंबन की कार्रवाई हुई है। बताया गया है कि जांच बीईओ सौरिख विश्वनाथ पाठक को दी गई है।

### पैंदाबाद में महिला शिक्षक गैरहाजिर, इन विद्यालयों की देखी हकीकत

- बीएसए ने बताया कि सदर ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक स्कूल पैंदाबाद में स्मार्ट क्लास सही चलती मिली। प्राथमिक स्कूल डहलेपुर में शिक्षा व्यवस्था संतोषजनक मिली। किचन में स्टील की जगह एल्युमिनियम के बर्तनों का प्रयोग होता मिला। प्राथमिक स्कूल जहानाबाद में व्यवस्थाएं सही मिलीं। प्राथमिक स्कूल पैंदाबाद में शौचालय की स्थिति खराब मिली। सहायक अध्यापक अनुराधा अनुपस्थित थीं। शैक्षिक व्यवस्था ठीक थी। निरीक्षण के दौरान डीसी एमडीएम आदिल नियाज मौजूद रहे।

# ई-पॉश मशीनों में सर्वर गायब, कार्डधारक हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कोटेदारों के यहां भी जुट रही भीड़, देर से चलतीं मशीनें और बीच में ठप हो जातीं
- डीएम के निर्देश पर डीएसओ ने ग्रामीण इलाकों की दुकानों पर परखी हकीकत

**अमृत विचार।** जिले की ज्यादातर उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) के यहां कुछ दिनों से सर्वर की समस्या आड़े आ रही है। इससे राशन वितरण प्रभावित हो रहा है। देर से मशीनें काम करना शुरू करतीं हैं और बीच में ही ठप हो जातीं हैं। इससे कार्डधारकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो कोटेदार भी परेशान हैं।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के पास शिकायतें पहुंचीं कि राशन वितरण में सर्वर समस्या बनी हुई है। इसको गंभीरता से लेते हुए उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र को समस्या समाधान कराने के निर्देश दिए। डीएसओ ने राशन वितरण के दौरान सर्वर एवं जियो-लोकेशन की रही समस्याओं को लेकर विकास खंड कन्नौज की ग्राम पंचायत जसौली, सैयदपुर सकरी, मेहंदीपुर एवं महमूदपुर बीजा की दुकानों का पूर्ति निरीक्षक व सिस्टम इंटीग्रेटर के जनपद स्तरीय समन्वयक के साथ निरीक्षण किया।


मेहंदीपुर में उचित दर विक्रेता के यहां जानकारी करते डीएसओ राजीव मिश्र।

इस दौरान पाई गई तकनीकी समस्याओं का निराकरण कराया गया। साथ ही कार्यदाई संस्था के राज्य स्तरीय समन्वयक से वार्ता कर जियो-लोकेशन से संबंधित समस्या का शीघ्र एवं स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि राशन वितरण सुचारू एवं सुगमता के साथ किया जा रहा है। दूसरी ओर कुछ कोटेदारों ने बताया कि वितरण के लिए वह श्रमिक रखते हैं जब तकनीकी समस्या की वजह से वितरण नहीं हो पाता है तो वितरण कई दिन तक चलता है और मजदूरी अधिक देनी पड़ती है।

### जिला विकास अधिकारी ने किया ब्लॉक सौरिख का निरीक्षण

**सौरिख।** मंगलवार को दोपहर 12 बजे जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी ने सौरिख ब्लॉक के खड़नी पहुंच कर अतरौली ग्राम सभा में सड़क की गुणवत्ता जांची। इस दौरान उन्होंने जेई संदीप कुमार के साथ फीता पकड़ कर जांच की। इस दौरान ग्राम सभा बहुशिया निवाशी सचिन पुत्र पंचीलाल ने मनरेगा कार्यों की शिकायत पर गांव वालों से बात कर की। इस दौरान शिकायत के संबंध में ग्रामीणों के बयान दर्ज किए साथ ही ब्लॉक मुख्यालय सौरिख में स्थापना पटल, लेखाकार, मनरेगा आदि का निरीक्षण किया। परिसर में बेहतर साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल हेतु आवश्यक दिशा निर्देश बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता को दिए। इसके साथ ही ब्लॉक क्षेत्र से किसी भी शिकायत को गंभीरता से लेने की बात कही। इस मौके पर सचिव, अनुज मिश्रा, मुनीश कुमार, विनोद पटेल, उपेंद्र कुमार, पंकज, अखलेश कुमार, जेई अनुप्रिया गुप्ता समेत सभी ब्लॉक अधिकारी मौजूद रहे।

# युवक ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता तिर्वा

- सुबह 2:30 बजे परिजनों को हुई जानकारी, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा

**अमृत विचार।** शराब के नशे में पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कस्बा के वार्ड दुर्गा नगर निवासी सत्येंद्र राजपूत पुत्र दीप चंद्र अपनी पत्नी व मां के साथ रहता था। रात को शराब पीकर पत्नी से कहासुनी हो गई। इसके बाद सभी लोग रात में सो गए। रात किसी समय सत्येंद्र ने मकान के दूसरे कमरे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह करीब 2:30 बजे उसकी मां लघु शंका के लिए उठी तो वह सत्येंद्र को फंदे पर लटका देख चीख पड़ी। चीखने की आवाज सुनकर पत्नी भी जाग गई। परिजनों में चीख पुकार मच गई। मां ने दूसरे मकान में रह रहे छोटे पुत्र विनय कुमार को सूचना दी। कुछ ही देर में विनय तथा अन्य कई पड़ोसी भी आ गए। परिजनों ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। इसके बाद कोतवाली पुलिस को मामले से अवगत कराया। घने कोहरे में सुबह करीब चार बजे कस्बा चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे तथा शव को उतरवाकर पंच नामा भरने की कार्यवाही शुरू की। मृतक के भाई विनय की सूचना पर पुलिस ने सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# कार्रवाई: इस्लामिक शिक्षा देने पर एसपी ने यातायात दरोगा को किया लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


यातायात उप निरीक्षक आफाक खां।

- मामले की हिंदू संगठनों ने एसपी से की थी शिकायत
- मामले की जांच एसपी ने सीओ ट्राफिक से कराई

**अमृत विचार।** ठठिया के आदर्श इंटर कालेज में यातायात जागरूकता गोष्टी के दौरान छात्र छात्राओं को इस्लामिक शिक्षा देने के मामले में एसपी ने यातायात उप निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया। मामले की शिकायत हिंदू संगठन ने एसपी से की थी। मामले की जांच यातायात सीओ को सौपी गई थी। जांच रिपोर्ट देर शाम आने के बाद एसपी ने कार्रवाई की है।

नौ दिसंबर को यातायात के उप निरीक्षक आफाक खां ने ठठिया कस्बे के आदर्श इंटर कालेज में यातायात गोष्टी का आयोजन किया था। इस दौरान उन्होंने यातायात नियमों की जानकारी देने के दौरान स्कूली बच्चों को इस्लामिक शिक्षा दे डाली। यही नहीं इस का वीडियो अपने फेसबुक एकाउंट पर वायरल कर दिया। इसके बाद हिंदू संगठन बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के योगेश कटियार, जिला संयोजक चेतन वाजपेई, जिला उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता, जिला संयोजक अन्नू बाबा, जिला प्रचारक प्रमुख शैलेंद्र त्रिपाठी, जिला प्रमुख उमेश वाजपेई, शिवम शुक्ला, आलोक राजपूत समेत कई पदाधिकारियों ने एसपी से मुलाकात की और यातायात दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की जांच एसपी ने सीओ यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई को सौंपी।

### यूपीएस विद्यालय में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**जलालाबाद।** पीएमश्री यूपीएस विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता व विज्ञान प्रैक्टिकल का आयोजन किया गया।

मंगलवार को मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम प्रताप भदोरिया ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जबकि विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं गृह विज्ञान प्रैक्टिकल का भी आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा व्यंजनों के 18 काउंटर लगाए गए। जिसमें तंदूरी चाय, हनी चिली पोटैटो, रोस्टेड आलू, कचौड़ी बनाए गए।

# 1971 के युद्ध में शहीद सैनिकों की वीर नारियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कार्यक्रम में मौजूद वीर नारियां, एसडीएम सदर व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी पूर्व कर्नल रोहित भटारा। अमृत विचार

- राष्ट्रगान व शहीदों के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया
- जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में मनाया विजय दिवस

**अमृत विचार।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर विजय दिवस मनाया गया। इसें वीर नारियों का सम्मान किया गया। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर मिली जीत की 54वीं वर्षगांठ पर कर्नल रोहित भटारा ने झण्डा रोहण किया। राष्ट्रगान के बाद शहीदों के प्रति दो मिनट का मौन रखा गया।

मंगलवार को एसडीएम सदर वैशाली चोपड़ा ने द्वीप प्रज्जवलित कर व शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने वीर नारी हंसमुखी देवी पत्नी कृष्ण मुरारी, उमा देवी पत्नी रोहण सिंह, शांती देवी पत्नी हंसराम और युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिक देवकी नंदन का माल्यार्पण एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी व पूर्व कर्नल रोहित भटारा ने कहा कि सभी नागरिकों को अपने सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों का उचित सम्मान करना चाहिए। आगे कहा कि राष्ट्र की अखंडता और सम्मान के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वालों का देश सदैव ऋणी रहेगा।

इस अवसर पर एसके चंदेल, शंकर सिंह, ललित वर्मा, ओमकार सिंह वर्मा, केके त्रिपाठी, मलखान सिंह पाल, ब्रजेश यादव, अनंतराम वर्मा, शिव नरायन सिंह, राजेश सिंह सिसौदिया, मोहम्मद वशीरूद्दीन खान, बृजेंद्र प्रताप सिंह भदौरिया, प्रमोद सिंह, सीएल पाल, शिव मंगल सिंह, दीपेंद्र चौहान, विजय सिंह चौहान उपस्थित रहे।

**परेशानी** मानपुर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित दो स्थानों पर केबल बाक्स फुंकने से हुई बिजली गुल

# 10 घंटे गुल रही एक सैकड़ा गांवों की बिजली

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सरायमीरा में बिजली न मिलने से लोग पानी के लिए तरसे
- मंगलवार को 12 बजे के बाद ठीक हुआ फाल्ट


मानपुर के निकट फुंके केबल बाक्स को ठीक करते कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मानपुर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित दो स्थानों पर केबल बाक्स फुकने से रात दो बजे से गुल हुई बिजली 10 घंटे के बाद मिली। इससे एक सैकड़ा गांव व कोल्ड स्टोरेज की बिजली गुल रही। कहीं सुबह नौ बजे तो कहीं दिन में एक बजे के बाद सप्लाई बहाल की जा सकी।

जिला मुख्यालय के मानपुर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित दो स्थानों पर रात 2:15 बजे गांव भीम नगर व मानपुर रोड के निकट केबल बक्से फुंक गये। इससे सप्लाई बाधित हो गई। एसएसओ ने रात में ही सूचना लाइनमैन व जेई को दी। इसके बाद फाल्ट की खोज की गई पर नहीं मिला। इससे पूरी रात करीब एक सैकडा गांव, सरायमीरा क्रासिंग के निकट व करीव 20 कोल्ड स्टोरेज की बिजली सप्लाई बंद रही। सुवह करीव आठ बजे किसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की सप्लाई बहाल की पर वह चंद मिनट भी नहीं चली। इसके बाद फिर से कर्मचारियों ने फाल्ट को ठीक किया। तब कहीं मंगलवार को सुबह 10 बजे के बाद सप्लाई बहाल हो सकी। ग्रामीण क्षेत्र की सप्लाई बहाल तो हो गई पर शहरी क्षेत्र सरायमीरा क्रासिंग की बिजली खराबी नहीं दूर हुई। कर्मचारियों ने फुंके केबल बाक्स को ठीक कर मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे सप्लाई को सुचारू रुप से चालू किया। 10 घंटे से अधिक बिजली की सप्लाई बंद रहने से ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी सभी के बिजली उपभोक्ताओं के सामने पानी की समस्या रही। इस संबंध में बिजली विभाग के अवर अभियंता करन सिंह का कहना है कि फाल्ट आने के बाद रात में ही खोज की गई पर कोहरा के चलते फाल्ट नहीं मिला। सुबह होने पर कर्मचारियों ने खोज की। इसके बाद केबल बाक्स को भरा गया। तब कही बिजली की सप्लाई दोपहर 12:30 बजे बहाल हो सकी।

### घर में घुस कर चोरों ने लाखों रुपये की नकदी जेवरात किये पार

**तिर्वा।** तिलसरा गांव में चोरों ने घर में घुस कर लाखों रुपये की नकदी व जेवरात पार कर दिये।

ठठिया थाना क्षेत्र के गांव तिलसरा पट्टी गांव निवासी संजय कुमार सोमवार को पत्नी के साथ तिर्वा कस्बा में बने अपने मकान में थे। गांव के घर में छोटा भाई था। रात करीब एक बजे अज्ञात चोर मकान के पीछे का दरवाजा तोड़ कर घर में घुस गये। चोरों ने अलमारी व बक्से तोड़ कर नकदी न जेवरात चोरी कर लिये। सुबह जब भाई उठा तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा देख घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना पर वह गांव पहुंचे तो पाया कि अलमारी टूटी पडी है। सारा सामान बिखरा पडा है। चोर अलमारी में रखे करीब तीन लाख रुपए के जेवरात व 23 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए।

# आशा बहुओं का दूसरे दिन भी धरना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना देतीं आशा कर्मचारी व मौजूद राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अशोक सविता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय के बाहर आशा बहुओं का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। इससे पोलियों अभियान में दिक्कत हुई। आशा बोलीं जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाता तब तक धरना जारी रहेगा।

ग्रामीण महिला एवं बाल कल्याण आशा एसोसिएशन के बैनर तले जिलाध्यक्ष रानी के नेतृत्व में मंगलवार को भी दूसरे दिन सीएमओ कार्यालय पर धरना दिया गया। कोहरा होने के बाद भी जिले भर की आशा बहुएं सीएमओ कार्यालय के बाहर एकत्र हुईं। यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए धरना दिया। आशा ने मांग की है कि आशा वर्करों को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाये। जब तक आशा वर्करों को सरकारी घोषित नहीं किया जाता है तब तक उनको 25 हजार रुपये मानदेय प्रति माह दिया जाये। जिले के सभी अस्पतालों में एक कक्ष तैयार किया जाये जिसमें वह रात हो या दिन, गर्भवती को लाने के बाद रुक सकें। हाईस्कूल व इंटर पास आशा को एएनएम का प्रशिक्षण दिया जाये जिससे वह आगे बढ़ने का मौका मिल सके। सभी आशा को ईपीएफ की सुविधा तत्काल दी जाये। जिससे आशा द्वारा लंबी समय सीमा नौकरी करने के बाद उनके पास कुछ धनराशि एकत्र हो सके। सभी आशा का बीमा कराया जाये। जिससे दुर्घटना होने पर परिवार को कुछ मिल सके। इस मौके पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अशोक सविता के अलावा मंगेश लता, सुमन शंखवार, विनीता यादव, प्रयंका के अलावा अन्य आशा मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रियभाष प्रिय रहें धरा पर, अमर सदा ही नाम रहे...

छिबरामऊ। नगर के मोहल्ला इंदिरानगर स्थित आरबी पब्लिक स्कूल में बाल कवि प्रभाष मिश्र प्रियभाष की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर बाल कवि प्रभाष मिश्र को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। समर्थ चैरीटेबिल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में देवी सरस्वती और बाल कवि प्रभाष मिश्र प्रियभाष के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सरस्वती वंदना के बाद कवयित्री दीपमाला शाक्य 'दीप,' साधना यादव, व्यंगकार डॉ.श्याम दुबे, संचालन कर रहे कवि हरगोविंद शाक्य हरि ने पंक्तियां प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा मदन वर्मा फलक, हरिप्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात तथा कवयित्री दिव्यांशी पांडेय ने भी प्रस्तुति देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### शराबी पति ने पत्नी को कमरे में किया बंद

छिबरामऊ। प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के गांव नगला बाउरी की रहने वाली राजकुमारी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पति शराब व गांजा पीने का आदी है। नशा का विरोध करने पर आये दिन मारपीट करता है। इसके साथ ही मेरे ऊपर गलत आरोप लगा कर बदनाम करने का प्रयास करता है। इसी बात को लेकर मंगलवार को दोनों के बीच विवाद हो गया। तभी पति ने मारपीट करते हुए उसे कमरे में बंद कर ताला लगा कर फरार हो गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने कमरे का ताला तोड़ कर महिला का कमरे से बाहर निकाला। पति की करतूत से परेशान महिला ने मामले की कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी।

### स्कूलों का समय बदलने की मांग

कन्नौज। परिषदीय विद्यालयों का संचालन सुबह 09 से दोपहर 03 बजे तक हो रहा। बढ़ती सर्दी व घने कोहरे को लेकर समय बदलने की मांग हुई है। प्राथमिक शिक्षक संघ ने डीएम को संबोधित पत्र में कहा है मौसम की वजह से कक्षा 01 से 08 तक के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव होने की संभावना है। इस वजह से समस्त विद्यालयों में कक्षाएं सुबह 10 से दोपहर 03 बजे तक संचालित कराई जाएं।

### ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

फर्रुखाबाद। जनपद में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का प्रकोप जारी रहा। मंगलवार सुबह विजिबिलिटी काफी कम रही, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते दिखे, वहीं ठंड से ठिठुरते बच्चे स्कूल पहुंचे। दोपहर बाद तक बाजारों व सड़कों में सन्नाटा रहा। सोमवार रात से ही जिले में घना कोहरा छाना शुरू हो गया था, जो मंगलवार सुबह भी बना रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरा और भी घना था। इटावा-बरेली हाईवे और फर्रुखाबाद-दिल्ली मार्ग पर वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। हनुमान मंदिर के पास सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव तापते दिखे। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा अभी तक आलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है, वे अपनी निजी व्यवस्था से आग जला रहे हैं। मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, और पास में स्कूल होने के कारण छात्र-छात्राएं भी ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

### करंट लगने से निर्माणाधीन भवन स्वामी की मौत

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के रखा तिराहे पर निर्माणाधीन भवन के मालिक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गयी। रेलवे रोड नवाब न्यामत खान पश्चिम निवासी विशाल मिश्रा (40) कोतवाली फतेहगढ़ के रखा तिराहे पर अपने मकान का निर्माण करा रहे थे। उनके निर्माणाधीन मकान में जीने पर लेंटर का कार्य चल रहा था, विशाल छत पर खड़े होकर सरिया खींच रहा था। उसी दौरान मकान के सामने से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से विशाल गंभीर रूप से झुलस गये। सूचना पर परिजन मौके पर पंहुचे और विशाल को निजी वाहन से लेकर जिला जेल चौराहे पर एक निजी अस्पताल लेकर पंहुचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने विशाल को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# सड़क हादसे में सैनिक की मौत पत्नी व बच्चा घायल, कोहराम

## फर्रुखाबाद रोड पर हुई दुर्घटना, हवलदार का शव पहुंचा गांव, उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता सौरिख



सैनिक को श्रृद्धांजलि देते जन प्रतिनिधि व सैनिक, ग्रामीण। अमृत विचार



विनीत कुमार।

**अमृत विचार।** सड़क दुर्घटना में जवान की मौत हो हो गई। शव घर आते ही कोहराम मच गया। जन प्रतिनिधि के अलावा सैनिकों व पुलिस ने सलामी दी। जानकारी पर आसपास गांव के लोगों की भीड मौके पर लग गई। क्षेत्र में देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्रीय विधायक कैलाश राजपूत, नरेंद्र राजपूत, पूर्व सपा प्रत्याशी अनिल पाल, पूर्व राज्य मंत्री सतीश पाल ने सैनिक के शव पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बाद में सैनिकों व पुलिस ने सलामी दी।

सौरिख थाना क्षेत्र की चौकी भाउलपुर के गांव शिवसिंहपुर निवासी सैनिक विनीत कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह पाल सोमवार को फतेहगढ़ स्कूटी से जा रहे थे। स्कूटी पर पत्नी के अलावा एक बच्चा बैठा था। जैसे ही वह स्कूटी लेकर फर्रुखाबाद जनपद के जहानगंज के निकट पहुंचे उसी समय सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार सैनिक के अलावा उनकी पत्नी पत्नी निशा और बेटा रोहन गंभीर रुप से घायल हो गये। सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सैनिक को मृत घोषित कर दिया गया। पत्नी व बच्चे का इलाज चल रहा है। मंगलवार को सैनिक का शव गांव शिवसिंहपुर लाया गया।

जहां सैनिकों ने राष्ट्रीय सम्मान के साथ सलामी देते हुए विदाई दी। सैनिक विनीत कुमार पाल 2005 में आगरा से इन्फेंट्री आर्मी में भर्ती हुए थे। वर्तमान समय में हवलदार थे। वह जम्मू कश्मीर के सतवारी सेक्टर में तैनात रहे। अभी हाल ही में जम्मू से जोधपुर तबादला हुआ था। गांव में सैनिक के पिता ने धार्मिक अनुष्ठान कराया था जिसमें शामिल होने आये थे। वर्तमान में सैनिक ने अपना मकान फतेहगढ़ में बनवा लिया था उसी में पत्नी व बच्चों के साथ रह रहे थे। 20 दिन की छुट्टी लेकर 01 दिसम्बर को फतेहगढ़ आये थे। शव गांव पहुंचते ही माता उर्मिला का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की दो बेटी गौरी (14) व अंशिका (12) पिता की मौत पर बदहवास हो गये। क्षेत्र की जनता में शोक व्याप्त है। हजारों की संख्या मे लोग श्रद्धांजलि देने गांव पहुंच गये। हर आंख सैनिक के निधन पर नम थी। लोग भारत माता के जयघोष व विनीत कुमार अमर रहे के नारे लगा रहे थे।

# तीन उर्वरक लाइसेंस निलंबित 4 दुकानदारों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 29 दुकानों पर मारे गए छापे, कुछ दुकानदार प्रतिष्ठान बंद कर भागे



निरीक्षण करते जिला कृषि अधिकारी।

**अमृत विचार।** जनपद में कुल 29 उर्वरक विक्रय केंद्रों पर छापेमारी की गई। 06 नमूने लिए गए। 03 उर्वरक प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए और 04 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

शासन के निर्देश पर किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक मिलें और कालाबाजारी पर नियंत्रण लगे इसको लेकर अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने छापेमारी की। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के आदेश पर तहसील छिबरामऊ क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता की छापेमारी में मै. वैष्णो खाद भण्डार कन्नौज, मै. जखई महाराज खाद बीज भण्डार मटेना व मै. दुबे फर्टिलाइजर, कुंवरपुर बनवारी के प्रोपराइटर अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर मौके से अनुपस्थित मिले। जिसके कारण संबंधित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण नहीं किया जा सका। इनके लाइसेंस निलंबित कर कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। छापेमारी में किसान खाद भण्डार छिबरामऊ पर स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, रेट बोर्ड एवं बैनर आदि अभिलेख अपूर्ण पाए गए, जिस पर नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी की ओर से 02 एनपीके एवं 01 डीएपी उर्वरक का नमूना लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इसी क्रम में तिर्वा तहसील क्षेत्र में उप कृषि निदेशक संतोष यादव एवं अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र तिवारी ने राहुल ट्रेडर्स से पोटाश का नमूना तथा सुभ्रा ट्रेडर्स कम्पनी खैरनगर से 01 एनपीके एवं 01 माइक्रोन्यूट्रिएंट का नमूना संग्रहित किया।

# क्विज में 25 बच्चों का चयन

**कन्नौज।** नगर संसाधन केंद्र कन्नौज क्षेत्र की क्विज प्रतियोगिता बीआरसी परिसर में संपन्न हुई। प्रथम चरण में लिखित परीक्षा 25 अंकों की हुई जिसमें उत्कृष्ट 25 बच्चों का चयन किया गया।

इसके बाद इनमें 05-05 बच्चों का समूह बनाकर क्विज प्रतियोगिता हुई जिसमें नंदिनी कंपोजिट विद्यालय सरायमीरा, अंजली वर्मा कंपोजिट विद्यालय सरायमीरा, लक्ष्मी कंपोजिट विद्यालय बाजार कला, साक्षी कंपोजिट विद्यालय सिपाही ठाकुर और राजा कंपोजिट विद्यालय पकरिया टोला की टीम विजेता घोषित हुई। 25 बच्चों का अकादमिक रिसोर्स पर्सन ने साक्षात्कार के बाद उत्कृष्ट पांच बच्चों का चयन जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए किया। छवि वर्मा कक्षा 07 व अर्पित सिंह कक्षा 08 कंपोजिट विद्यालय सरायमीरा, अर्जुन व वैष्णवी कक्षा 08 कंपोजिट विद्यालय सिपाही ठाकुर, खुशबू कक्षा 08 कंपोजिट विद्यालय बाजार कला का चयन जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए हुआ। शशांक द्विवेदी, पवन कुमार एवं आशुतोष दुबे उपस्थित रहे।

# ईओ ने किया गौशाला व रैन बसेरा का निरीक्षण

संवाददाता गुरसहायगंज

- बंद मिली पीकॉक लाइट को तत्काल सही कराने के निर्देश

**अमृत विचार।** शीतलहर को देखते हुए अधिशासी अधिकारी ने रात्रि में रेलवे स्टेशन, चौराहा, तिराहा, बाईपास, तिर्वा रोड, चकोर रोड, गौशाला, रेन बसेरा में निरीक्षण किया जिसमें चकोर रोड पर पीकॉक लाइट बंद पाई गई जिसे तत्काल ठीक करने के लिए निर्देशित किया। मौके पर मौजूद लोगों से भी बात की।

सोमवार की रात नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने शीत लहर के चलते आमजन की सुविधाओं व निराश्रित व्यक्तियों की सुविधाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए रात्रि में निरीक्षण किया। जबकि रेलवे स्टेशन, चौराहा, तिराहा, बाईपास, तिर्वा रोड, चकोर रोड, रेन बसेरा, गौशाला आदि जगहों का निरीक्षण किया। रेलवे रोड पर पीकॉक लाइट बंद पाई गई। जिसे तत्काल ठीक कराने को कहा गया। वहीं नगर में चिन्हित स्थानों पर अलाव जलते पाए गए। ईओ ने कहा कि नगर पालिका परिषद की सभी टीम 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहें। जबकि गौशाला में पशुओं को शीतलहर से बचाव की व्यवस्था को भी जांचा।

ठंड से बचने के लिए पर्दे लगे हुए पाए गए और पशुओं के रखरखाव में कोई भी कमी न आने पाए इसका ध्यान रखा। वहीं आमजन से अपील की गई की जरूरतमंद व्यक्ति को ठंड से परेशान देखें तो नगर पालिका को सूचित करें।

# किसानों को कम दिया उर्वरक रिकार्ड में अधिक दर्ज यूरिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



सहकारी समिति पर जांच करते डीडी कृषि संतोष यादव व मौजूद अन्य लोग।

अमृत विचार। जनपद की सहकारी समितियों में उर्वरक वितरण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। रिकार्ड में जितनी यूरिया किसानों को बांटी गई है हकीकत में कृषकों को वह दी नहीं गई है।

उप निदेशक कृषि संतोष यादव ने सदर तहसील क्षेत्र के साधन सहकारी समिति बलईपुर सरायमीरा में निरीक्षण किया। भौतिक सत्यापन में यूरिया के 170 बैग कम पाए गए। पॉश मशीन में दर्ज स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में भारी अंतर पाए जाने पर समिति सचिव ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। तिर्वा इलाके के साधन सहकारी समिति खैरनगर उमर्दा की किसानों ने शिकायत की थी, खाद सीधे न पहुंचाकर अन्य जगह भेजी जाती है। डीडी कृषि के भौतिक सत्यापन में यूरिया (एचयूआरएल) 1.26 मीट्रिक टन एवं यूरिया (एमएटीआरआईएक्स) 2.115 मीट्रिक टन उपलब्ध नहीं पाई गई। स्टॉक में यूरिया के 62 बैग कम पाए गए। उन्होंने बताया कि रजिस्टर में अंकित मात्रा से कम उर्वरक प्राप्त हुआ है। कृषक राकेश कुमार को 02 बोरी, रज्जन को 01 बोरी, देवेश को 02 बोरी, रामरूप को 02 बोरी एवं बालकृष्ण को 02 बोरी ही दी गई, जबकि वितरण रजिस्टर में 05-05 बोरी अंकित हैं। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता राजीव लोचन शर्मा को कार्रवाई के लिए लिखा गया है।

# अदालत के आदेश पर छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर जसोदा निवासी बीना देवी पत्नी रामकुमार ने न्यायालय के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

बीना देवी ने कहा कि 20 अक्टूबर 2025 की सुबह वह अपने पुत्रों अनुराग व सचिन के साथ दीपावली का त्योहार मनाने दिल्ली से गांव आई थी शाम 05 बजे उसका पुत्र अनुराग अपने दोस्त लाखन के साथ बाइक से जलालाबाद पटाखा बाजार गए थे। जहां बंटी ठाकुर और बुग्गल ठाकुर उर्फ रूपेन्द्र सिंह ने अपने चार अज्ञात साथियों के सहयोग से लाखन व उसके पुत्र अनुराग उर्फ शनि से गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी थी। भयभीत होकर उसका पुत्र अनुराग उर्फ शनि व लाखन, अभय तिवारी वहां से भाग कर घर आ रहे थे। तभी पांडेयपुर्वा अण्डरपास के निकट बंटी व बुग्गल ठाकुर ने बाइक से पीछा करते हुए रोक लिया और गाली गलौज की।

अनुराग के पास से 13 हजार रुपये भी छीन लिए और बाइक से भाग जाने को कहा। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसके पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी। इससे उसका पुत्र अनुराग व लाखन घायल हो गए थे। इसके बाद आरोपित बाइक व कार पर बैठ कर मौके से भाग गए। जिला अस्पताल में लाखन की मौत हो गई थी। जबकि लखनऊ ले जाते समय अनुराग की भी मौत हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध हत्या में रिपोर्ट दर्ज की है।

# डीआईजी ने कैश लूटकांड मामले में शीघ्र खुलासे के दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



पुलिस लाइन में मौजूद डीआईजी हरीशचंदर साथ में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह।

**अमृत विचार।** कानपुर परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक हरीश चन्दर ने पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि गोली मारकर दिनदहाड़े कैश लूटने की घटना का शीघ्र ही खुलासा करो। डीआईजी हरीश चन्दर ने बीती मध्य रात पुलिस लाइन के सभागार में समस्त थाना प्रभारी थानाध्यक्ष, कार्यालय प्रभारियों एवं क्षेत्राधिकारियों के साथ बैठक करके कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

उन्होंने लापरवाह पुलिस कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा की सर्दी के मौसम में पुलिस की गश्त को बढ़ाओ जिससे कोई अपराधिक घटना न हो सके। डीआईजी ने कानून-व्यवस्था के साथ ही मिशन शक्ति अभियान, लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, जन शिकायतों साइबर अपराधों, आईजीआरएस की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने विभागीय काम के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों एवं थानाअध्यक्षों को कार्यों में सुधार लाने की चेतावनी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र हरीश चन्दर सोमवार देर रात्रि आते समय थाना जहानगंज पहुंचे, जहाँ उन्होंने थाने के कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात एवं शस्त्रागार का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाई गई खामियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

# मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में नेशनल सेमिनार आज

**फर्रुखाबाद।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर 17 दिसंबर को एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के डीन डॉ अम्बरीश कुमार बाथम ने बताया कि तनाव प्रबंधन पर आयुर्वेदिक दृष्टिकोण विषय पर होने वाली सेमिनार में देश के जाने माने विशेषज्ञ प्रो डॉ सुहास कुमार शेट्टी एवं बेंगलुरु के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक व काउंसलर डॉ. वारुंगसे हिरामन अपने विचार साझा करेंगे और तनाव से निपटने के आयुर्वेदिक उपायों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि सेमिनार में विभिन्न राज्यों के शोधार्थी, चिकित्सकों के अलावा विद्यार्थियों की भी सहभागिता रहेगी।

# जानलेवा हमले में चार को सात साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। नौ साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में जिला जज नीरज कुमार ने दो भाइयों सहित चार आरोपियों को दोषी ठहराया है। प्रत्येक दोषी को सात साल के कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

घटना 15 जून 2016 को दोपहर करीब तीन बजे थाना जहानगंज क्षेत्र के रतनपुर गांव में हुई थी। गांव निवासी रामबाबू ने अपने पुत्र सचिन पर जानलेवा हमला करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवाद रास्ते की खुदाई और उसे बंद करने को लेकर शुरू हुआ था। रामबाबू के अनुसार, पड़ोस के नीरज, थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के अनूप व अनिल, और जनपद हाथरस निवासी टीपू उनके घर के सामने रास्ते में खुदाई कर रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए रामबाबू के पुत्र सचिन को आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से गोली मार दी, जो उसके पेट में लगी। सचिन गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। फायरिंग के दौरान पास के नल पर पानी भर रही विट्टन पत्नी जयराम को भी छर्रे लगे, और मारपीट में रामबाबू की पत्नी राजबेटी भी घायल हो गईं। पुलिस ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचक ने विवेचना पूरी कर चारों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान जिला जज ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और चारों को जानलेवा हमले का दोषी पाया। इसके बाद उन्हें सात साल कारावास और प्रत्येक पर 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई।

# मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के 13 विजेता पुरस्कृत

**फर्रुखाबाद।** मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ठण्डी सड़क में मण्डल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में विजेता टीमों के प्रतिभागियों के पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया है।

नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह के द्वारा खो-खो विजेता टीम के नौ प्रतिभागी, गोला फेंक का एक प्रतिभागी, लम्बी कूद के दो प्रतिभागी एवं दौड़ 100 मीटर/400 मीटर के एक प्रतिभागी को ट्राफी एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, बृजेश कुमार कार्यदेशक, सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, जगन्नाथ सिंह, रोहित कान्त एवं समस्त स्टॉफ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उपस्थित रहे।

**किसान परेशान** | आधार कार्ड और खतौनी दिखाकर मिल रही खाद, महिलाएं भी पहुंचीं

# नहीं खत्म हो रहा खाद का संकट, लगी लंबी लाइन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद




खाद के लिए पंक्तिबद्ध लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में खाद का संकट खत्म नहीं हो रहा है। जिला प्रशासन भरपूर खाद उपलब्ध होने की बात कह रहा है, लेकिन हकीकत इफको केंद्रों पर किसानों की लंबी कतारें बयां कर रही हैं।

मंगलवार को सातनपुर मंडी स्थित इफको सेंटर पर यूरिया और डीएपी खाद लेने के लिए किसान घंटों लाइन में खड़े रहे। इन कतारों में महिलाएं भी शामिल थीं।फर्रुखाबाद एशिया की सबसे बड़ी आलू मंडियों में से एक है, जहां आलू और गेहूं की अच्छी पैदावार होती है। कायमगंज क्षेत्र में तंबाकू की खेती भी की जाती है। इन प्रमुख फसलों के लिए किसानों को यूरिया और डीएपी खाद की आवश्यकता होती है, जिसके चलते इफको केंद्रों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। किसान सुबह 6-7 बजे से ही इफको केंद्रों पर पहुंचना शुरू कर देते हैं, जबकि केंद्र सुबह 9 बजे खुलते हैं।

मंगलवार को सातनपुर स्थित इफको केंद्र पर खाद वितरण शुरू होने के बाद लंबी कतारें लग गईं। किसानों ने बताया कि उन्हें खाद लेने के लिए एक से दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा।कटरी गंगपुर के किसान घनश्याम ने बताया कि वह सुबह सात बजे खाद लेने आए थे और दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे तक उन्हें खाद नहीं मिल पाई थी। लाइन में लगे अन्य किसानों ने भी इसी तरह की परेशानी बताई। इफको केंद्र के प्रभारी धीरज कुशवाहा ने जानकारी दी कि केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुलता है और समय पर खाद का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि कभी-कभी सर्वर की समस्या के कारण दिक्कतें आती हैं, लेकिन इसके अलावा कोई अन्य समस्या नहीं है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# कांशीराम कॉलोनी में तीसरे दिन 80 आवासों की जांच

**फर्रुखाबाद।** शहर के हैबतपुर गढ़िया कांशीराम कॉलोनी में पुलिस ने तीसरे दिन भी सघन सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 80 आवासों की जांच की गई।

यह अभियान थाना मऊदरवाज़ा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के लिए चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने घर-घर जाकर निवासियों के महत्वपूर्ण दस्तावेजों और अभिलेखों की जांच की।थाना प्रभारी अजब सिंह ने बताया कि ब्लॉक संख्या 20 से लेकर 25 तक कुल 80 आवासों का सत्यापन किया जा चुका है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कल से अलग से टीमें और भी लगाई जाएगी और बहुत तेजी से काम किया जाएगा।

# निजी बस के परिचालक को पीट कर नकदी छीनी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। राजेपुर में एक निजी बस के कंडक्टर के साथ मारपीट कर नकदी लूटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक यात्री और उसके साथियों ने कंडक्टर से 4570 रुपए छीन लिए।

हरदोई के सवाजपुर स्थित ग्राम खतौली निवासी बस चालक राजेश पुत्र महावीर ने राजेपुर पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि वह थाना कादरी गेट मोहल्ला कादरी निवासी राम रतन पुत्र श्रीराम की निजी बस चलाते हैं। बस में थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम गांधी निवासी विश्व बहादुर पुत्र जगपाल हेल्पर के रूप में कार्यरत हैं। मंगलवार को जब बस फर्रुखाबाद आ रही थी, तभी एक युवक बस में चढ़ा। हेल्पर ने जब युवक से टिकट लेने को कहा, तो उसने गांव पहुंचने पर पैसे देने की बात कही। सुबह करीब 7 बजे जब बस युवक के गांव के सामने पहुंची, तो हेल्पर विश्व बहादुर ने उससे पहले टिकट के पैसे देने को कहा। इतना सुनते ही युवक ने फोन कर अपने गांव के अन्य युवकों को बुला लिया तथा हेल्पर विश्व बहादुर के साथ मारपीट की और 4570 रुपए छीनकर फरार हो गए। कार्यवाहक थानाध्यक्ष कामता प्रसाद ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गई है। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कला कौशल एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आज

**इटावा।** इटावा महोत्सव के अंतर्गत प्रदर्शनी पंडाल में आयोजित होने वाली कला कौशल एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रदर्शनी पंडाल में आज 17 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता के संयोजक डॉक्टर आनंद प्रधानाचार्य निदेशक, सीबीएसई जिला कॉर्डिनेटर ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया जाएगा ।प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित होगी प्रथम चरण में सभी वर्गों के प्रतिभागियों को भारत का राष्ट्रीय ध्वज बनाना होगा तथा द्वितीय चरण में प्रतिभागियों को अपने-अपने वर्ग के अनुसार दिए गए विषय पर चित्र बनाना होगा। तथा विजेता छात्र छात्राओं कों पुरस्कृत भी किया जायेगा।

### पुरानी रंजिश में दंपती पर किया पथराव

**इटावा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला और उसके पति के साथ गाली-गलौज करते हुए पथराव किया गया। थाने में लिखित शिकायत के बाद जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो पीड़ित एसएसपी दरबार पहुंच गई। पीड़िता शिवानी कुमारी ने बताया कि विपक्षी ब्रह्मकान्त और उनके परिवार ने 11 नवंबर को उनके पति पर जानलेवा हमला किया और पथराव किया। पीड़िता का दावा है कि इस घटना का वीडियो सबूत होने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि विपक्षी अपनी बुजुर्ग माँ का गलत इस्तेमाल कर पीड़ित पक्ष को ही फंसाने की साजिश रचते हैं। पीड़िता ने एसएसपी से जान-माल की सुरक्षा और दोषियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### एसएसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**इटावा।** पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया और राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से गुणवत्तपूर्ण निस्तारण की बात कही।

### बिजली आपूर्ति आज रात बाधित रहेगी

**इटावा।** अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र रामलीला ने उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि आज 17 दिसम्बर को 11केवी के नीचे आरडीएसएस सम्बन्धी कार्य होने के कारण विद्युत उपकेंद्र रामलीला से पोषित 11केवी फीडर तहसील राजगंज चौराहे से संबंधित नगर पालिका, बाजाजा लाइन आदि की विद्युत आपूर्ति रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्णत: अथवा आंशिक रूप से बाधित रहेगी। अवर अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**इटावा।** विलो पॉवर्टी लाइन के उत्तीर्ण सभी ट्रेनीज/छात्रों के लिए नौकरी हेतु राजकीय आईटीआई में आज 17 दिसम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इच्छुक छात्र सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र व अपडेट रिज्यूम के साथ राजकीय आईटीआई इटावा में होने वाली प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिभाग कर लाभ उठाएं।

# छह दिन से लापता युवक का शव कुएं में मिला, मचा कोहराम

## थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर गांव का मामला, परिजनों ने चप्पलों से की पहचान

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर गांव के पास कुएं में छह दिन से लापता युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। कुएं से शव होने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। परिजनों ने मृतक की पहचान उसकी चप्पलों के आधार पर की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक अकबरपुर गांव निवासी कृष्ण चंद्र 35 वर्ष पुत्र सुभाष चंद्र ने बताया कि उसका छोटा भाई चंदन उर्फ चंद्रप्रकाश मजदूरी करता था। 9 दिसंबर को वह मजदूरी के सिलसिले में क्षेत्र के रिटौली गांव गया था। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान शाम करीब साढ़े पांच बजे कुछ ग्रामीणों ने बताया कि चंदन को बसरेहर बाईपास के पास देखा गया था। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने युवक के लापता होने की सूचना पुलिस को दी, जिस पर गुमशुदगी दर्ज की गई। छह दिन बाद अकबरपुर गांव के पास एक कुएं में शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई कृष्ण चंद्र ने आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों से चंदन का पुराना विवाद चल रहा था और उन्हीं लोगों ने साजिश के तहत उसकी हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया। मृतक चंदन अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके एक बेटा और एक बेटी है। परिजनों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।


घटना स्थल पर मौजूद परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

थाना अध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पहले ही गुमशुदगी दर्ज की गई थी। अकबरपुर गांव के पास कुएं से शव बरामद किया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद कारणों का स्पष्ट पता चलेगा।

# बच्चों की वैज्ञानिक, रचनात्मक और नवाचार की सोच को बड़ों ने सराहा

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल में पहुंचकर बच्चों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाये गये विज्ञान मॉडलों की जमकर प्रशंसा की। साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस मॉडर्न स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान एवं तकनीकी विषयों पर आधारित विभिन्न कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्हें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गहनता से देखा और छात्र छात्राओं की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, नवाचार एवं प्रस्तुतीकरण क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होती हैं तथा उनमें तार्किक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती हैं। उन्होंने बच्चों से मॉडलों के कार्य करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सरल शब्दों में समझाने की बच्चों की क्षमता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान एवं तकनीकी का युग है, ऐसे में विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव।

- पुलिस मॉडर्न स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का एसएसपी ने किया अवलोकन, बच्चों का किया उत्साहवर्धन

# लेफ्टिनेंट बनने के बाद पहली बार गांव आने पर हर्षवर्धन के स्वागत में उमड़े लोग

संवादाता महेवा इटावा

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र महेवा के कस्बा अहेरीपुर क्षेत्र के ग्राम चकरपुर निवासी शिक्षक सुनील कुमार कुशवाह के पुत्र हर्षवर्धन कुशवाह का आर्मी के लेफ्टिनेंट पद चयन होने पर ट्रेनिंग उपरांत प्रथम बार घर आने पर क्षेत्र के लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

हर्ष ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा अहेरीपुर स्थित कुमारी दीक्षा ज्ञान ज्योति विद्यालय से शुरू की जहां इन्होंने कक्षा दो तक ही पढ़ाई की वर्ष 2008 में उन्होंने बक्रेवर में स्थित लार्ड मदर स्कूल से अपनी इंटर तक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्ष 2018 में दिल्ली चले गए वहां जाकर अपनी ग्रेजुएट की पढ़ाई डीयू से की। ग्रेजुएट की पढ़ाई के साथ साथ हर्ष ने एनडीए की भी तैयारी की वहीं से इनका 2021 में एनडीए में सेलेक्शन हो गया। 3 साल इनकी ट्रेनिंग पुणे में और 1 साल देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में पूरी कर इनका चयन आर्मी के लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ। जैसे ही चयन की खबर उनके पैतृक गांव चकरपुर और आस पास के गांव अहेरीपुर, मुकुटपुर महेवा में पहुची तो उनके प्रथम बार आने पर क्षेत्र के लोगों द्वारा जगह जगह माला पहनाकर मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। युवाओं ने बैंडबाजों के साथ बाइक रैली निकालकर स्वागत किया। हर्ष का परिवार शिक्षा जगत से जुड़ा है इनके बाबा धनीराम कुशवाहा महेवा के लोकमान्य रूरल इंटर कालेज में शिक्षक रहे हैं। वहीं पिता सुनील कुमार कुशवाहा टड़वा स्कूल में शिक्षक है तथा चाचा बृजेंद्र सिंह कुशवाहा अहेरीपुर में शिक्षक हैं मां रजनी सिंह सामान्य गृहिणी हैं।


लेफ्टिनेंट हर्षवर्धन का स्वागत करता पुलिस कर्मी। अमृत विचार

- 2021 में एनडीए में हुआ था चयन क्षेत्र में खुशी का माहौल

ट्रेनिंग के बाद प्रथम बार गृह आगमन पर अहेरीपुर चौकी पुलिस द्वारा भी उनका स्वागत किया गया चौकी के दीवान संजीवन यादव द्वारा युवा लेफ्टिनेंट को माल्यार्पण कर सैल्यूट दिया गया तथा युवाओं को प्रेरित किया गया। इस दौरान धनीराम कुशवाहा, नाथूराम कुशवाहा, रमेश चंद्र शर्मा, वीरेंद्र कुमार, विनोद तिवारी, प्रदीप कुशवाहा, गोलू, संजय, अर्चित, रामवीर, संचित, आशु, हर्षित, बउआ मिश्रा, विकास कुमार, अनमोल कुशवाहा प्रमुख रूप से रहे।

# रुपयों से भरा थैला बाइक से हुआ गायब

**भरथना।** भरथना कोतवाली के कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक से 50 हजार की नकदी निकाल कर थैले में रखकर बाइक से गांव जाते समय अज्ञात बदमाश ने रुपयों से भरा थैला पार कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अपूरपुरा निवासी पीड़ित धीरज सिंह पुत्र हनुमत सिंह ने बताया कि वह बैंक से पचास हजार की नकदी निकाल कर थैले में सुरक्षित रख कर और रुपयों से भरा थैला बाइक में टांग कर देरशाम करीब 5 बजे गांव जा रहा था इसी बीच कस्बा में स्थित एक दुकान पर रुक कर कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए जेब से रुपये निकालकर दुकानदार को देने लगा। इसी दौरान बाइक के हैंडल में टंगा रुपयों से भरा थैला अज्ञात बदमाश उतार कर चम्पत हो गए। पीड़ित के अनुसार थैले में 50 हजार रुपये के अलाव बैंक पासबुक थी। बाइक से अचानक रुपये भरा थैला गायब होते ही पीड़ित धीरज के होश उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की।

# हर्ष फायरिंग में घायल युवक की उपचार के दौरान हुई मौत

संवाददता ताखा इटावा

**अमृत विचार।** थाना ऊसराहार क्षेत्र के ताखा गांव में बारात के दौरान की गई हर्ष फायरिंग से एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। सोलह दिन तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद सूर्यकांत गुप्ता 28 वर्ष ने दम तोड़ दिया। वह ऊसराहार कस्बे में रेडीमेड कपड़े के व्यापारी अवधेश गुप्ता के पुत्र थे।

घटना 30 नवंबर की रात की है, जब ऊसराहार से सुमित कश्यप की बारात ताखा गांव गई थी। बारात में शामिल बीएसएफ का जवान शेष कुमार यादव निवासी जनता कॉलोनी मंडी गेट इटावा, अपनी पिस्टल और रायफल से लगातार हर्ष फायरिंग कर रहा था। बताया जाता है कि बारात निकलने से लेकर बारात चढ़ने तक उसने कई बार फायर किए, लेकिन किसी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की।

- 30 नवंबर की रात बारात चढ़ने के दौरान हुई थी घटना

बारात चढ़ते समय डांस के दौरान सूर्यकांत और शेष कुमार के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद शेष कुमार दूल्हे के रथ पर चढ़ गया और पिस्टल से फायर कर दिया। गोली नीचे खड़े सूर्यकांत के पेट में जा लगी। गंभीर हालत में उसे आगरा के पुष्पांजलि अस्पताल ले जाया गया।

हालत बिगड़ने पर परिजन उसे दिल्ली और फिर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले गए लेकिन सुधार न होने पर डॉक्टरों ने घर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद ग्वालियर ले जाते समय सूर्यकांत की मौत हो गई। सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि पुलिस आरोपी को पिस्टल और रायफल सहित पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# सांसद ने रेल मंत्री से की प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग

**इटावा।** इटावा लोकसभा क्षेत्र से सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे ने मंगलवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंटकर इटावा रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन मुख्य रेलगाड़ियों के ठहराव की मांग की है। सांसद श्री दोहरे ने रेलमंत्री श्री वैष्णव को दिए पत्र में बताया कि इटावा स्टेशन से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री गुजरात, महाराष्ट्र आदि जगह आते जाते है इन प्रदेशों को जाने वाली कई गाड़ियों का ठहराव न होने की वजह से टिकट कन्फर्म नहीं हो पाती है। उन्होंने मांग की है कि गुवाहाटी एक्सप्रेस 15635 साप्ताहिक, कामख्या एक्सप्रेस 15667 साप्ताहिक, गरबा एक्सप्रेस 12937 साप्ताहिक, अजीमाबाद एक्सप्रेस 12947 साप्ताहिक, पारसनाथ एक्सप्रेस 12941 साप्ताहिक, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 12561 का ठहराव होने से क्षेत्र के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इनका ठहराव यहां पर सुनिश्चित किया जाये।

# बाइक से स्टंट करना युवक को पड़ा भारी, हुआ चालान

संवाददताता, जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** थाना जसवंतनगर पुलिस ने मोटर साइकिल पर स्टंट करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये मोटर साइकिल का चालान कर स्टंटबाज को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे थाना जसवंतनगर द्वारा स्टंट करने वालों के विरुद्ध निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मोटर साइकिल पर स्टंट करने की रील /वीडियो का संज्ञान लेकर थानाध्यक्ष जसवंतनगर ने यशवीर सिंह चौकी प्रभारी धरबार सहित पुलिस टीम के साथ बाइक का एमवीएक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 11500 रुपये का चालान करते हुये बाइक को सीज किया एवं स्टंटबाज कौशल बाबू पुत्र बलराम सिंह निवासी बिहारीपुरा जसवन्तनगर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की। एसएसपी ने नवयुवकों से अपील की है कि मोटर साइकिल/कार चलाते समय स्टंट न करें तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अभिभावक भी अपने बच्चों को मोटर साइकिल/कार से स्टंट न करने दें। ताकि सड़क हादसों पर लगाम लगाई जा सके।


पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया स्टंटबाज।

# गरीबों की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** शहर के गरीबों और मजलूमों को कड़ाके की सर्दी से निजात दिलाने के उद्देश्य से समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था वरदान वेलफेयर सोसायटी की ओर से गरीबों को कम्बल का वितरित किये गए। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे।

वरदान वेलफेयर सोसायटी के ग्वालियर रोड स्थित बाह अड्डा पर सोसायटी के अध्यक्ष मो. कासिम अंसारी के प्रयास से मुख्य अतिथि अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा विद्युत वितरण खण्ड प्रथम ने शहर के गरीबों और मजलूमों को कड़ाके की सर्दी से निजात दिलाने के उद्देश्य से कम्बल वितरित करते किये। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य समय समय पर करते रहने चाहिए। इनकी सेवा से बड़ी कोई सेवा नही होती है। कासिम अंसारी और उनकी टीम ने गरीबों को ठंड से निजात दिलाने के लिए आज जो कम्बल वितरण कार्यकम किया वह काबिले तारीफ और अविस्मरणीय है। वरदान वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मो. कासिम अंसारी ने कहा कड़ाके की सर्दी में जब गरीबों के चेहरे पर मुस्कान दिखती है तो हमे अंदर से सुकून प्राप्त होता है। इस ठंड के मौसम मे गरीबों के चेहरे में मुस्कान लाना पुनीत कार्य है। समाजसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। कम्बल वितरण कार्यकय में बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष इदरीस अंसारी, सलाह उद्दीन अंसारी, राजीव पाल, मो. रईस, मो. आबिद, फजलुर्रहमान अंसारी, अब्दुल जब्बार, इजहार राईन, डा. हसन अफरोज, मो. हसीन, इरफान अहमद, फुरकान अंसारी आदि रहे।



गरीबों को कंबल वितरित करते कासिम अंसारी व अन्य। अमृत विचार

- कासिम अंसारी वरदान वेलफेयर सोसायटी ने गरीबों को बांटे कंबल

# खांसी, जुकाम, बुखार व दाद खाज के मरीजों को दी गई दवा

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** बढ़पुरा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों अजबपुर, पूठन सकरौली और इकदिल में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में लगभग तीन दर्जन मरीजों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

पीएचसी इकदिल में मौजूद डॉ शिवेंद्र यादव ने मरीजों की चिकित्सकीय जांच की और बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जन जन तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। चिकित्सकीय जांच में सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, सांस एवं चर्म रोग दाद, खाज-खुजली और फंगल संक्रमण से संबंधित मरीज देखे गए। आरोग्य मेले में सभी मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। आवश्यकतानुसार जांच और परामर्श भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य टीम ने मरीजों और उनके परिजनों को बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी और उन्हें संतुलित आहार लेने, के साथ ही साफ-सफाई बनाए रखने और किसी भी लक्षण के दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर पीएचसी अजबपुर की डॉ फातिमा वीएमएस ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जो लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर इलाज उपलब्ध करा रहे हैं।

- मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

बैठक — मुख्य विकास अधिकारी ने मातहतों को दिये दिशा-निर्देश

# मुनादी कराकर दें योजनाओं की जानकारी

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के अंतर्गत ग्राम चौपाल के सफल क्रियान्वयन हेतु मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक आयोजित की गई।

सीडीओ ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के अंतर्गत ग्राम चौपाल में मुनादी आदि कराकर लोगों को जागरूक किया जाए एवं सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार अवश्य किया जाए । उन्होंने कहा कि चौपाल में रजिस्टर अवश्य बनाया जाए जिससे उच्च अधिकारियों के आने पर उनको अवगत कराया जाए । उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी चौपाल में समय से उपस्थित होकर जनता की समस्याओं को सुने एवं मौके पर इसका निस्तारण भी किया जाए साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया की चौपाल में बैनर लगाया जाए, चौपाल के अंतर्गत जनता की सभी समस्याओं को सुना जाए एवं सभी योजनाओं के बारे में उन्हें जागरूक भी किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि चौपाल के समय लेखपालों का उपस्थित रहना अनिवार्य है जिससे कि खतौनी आदि को जांच कर मौके पर फ़ीड कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी चौपाल में समय का विशेष ध्यान रखें समय में किसी भी प्रकार की हेरा फेरी ना की जाए।



बैठक में मातहतों को निर्देश देते मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम।

- कहा, चौपाल में रजिस्टर अवश्य बनाया जाये

उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर विद्युत बिल जमा करने की सुविधा पंचायत घर पर की गई है जिससे सभी ग्राम वासी अपना बिल वहीं पर जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा जिसमें जो भी छूटे हुए फैमिली आईडी के लाभार्थियों का भी कार्य किया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह , जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी न्यायिक एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कैंप में दी योजनाओं की जानकारी

**इटावा।** विकास खण्ड महेवा में स्वावलंबन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित स्टाल लगाये गये तथा उपस्थित आम जनमानस को उ.प्र. सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुये अपील की गई कि लाभार्थी अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

उक्त कैम्प में खण्ड विकास अधिकारी ने उ.प्र. सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन व जनहित में विकास खण्ड स्तर से कराये जा रहे विभिन्न कार्यो, योजनाओं के बारे में अवगत कराया। खण्ड विकास अधिकारी ने उपस्थित जन मानस के समक्ष बाल विवाह मुक्त भारत बनाये जाने हेतु शपथ दिलाते हुये बाल विवाह रोकने एंव उसके दुष्प्रभाव के बारे में बताया।

# फर्जी दस्तावेजों से पंचायत चुनाव की साजिश

संवाददता ताखा इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र में फ़र्जी दस्तावेज़ों के सहारे अलग-अलग ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराकर पंचायत चुनाव लड़ने और एक ही परिवार के सदस्यों ने विभिन्न पंचायतों से प्रधान बनने के गंभीर मामले का खुलासा हुआ है। इस प्रकरण में पिता, पुत्र, भाई-बहन, पति-पत्नी सहित कुल 11 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाज़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरोपितों में दो पंचायत सचिव, चार बीएलओ, दो ग्राम प्रधान और एक पूर्व ग्राम प्रधान शामिल हैं। मामले की शिकायत दीपक नंदन जाटव ने विभिन्न स्तरों पर की थी। उनकी तहरीर पर ऊसराहार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने अलग-अलग तीन ग्राम पंचायतों से प्रधान पद का चुनाव लड़ा था। इसके लिए समय-समय पर फ़र्जी शपथ पत्रों व कूटरचित दस्तावेज़ों के माध्यम से परिवार रजिस्टर और वोटर सूची में नाम स्थानांतरित कराए गए। नया मामला ग्राम पंचायत कुदरैल से सामने आया है। यहां के ग्राम प्रधान जिलेदार सिंह हैं, जबकि उनके पुत्र संजीव कुमार वर्तमान में ग्राम पंचायत नगरिया खनाबांध के प्रधान हैं। आरोप है कि संजीव कुमार ने प्रधान रहते हुए भी अपना नाम कुदरैल के परिवार रजिस्टर में दर्ज करा लिया। जांच के बाद नाम काटे जाने पर शिकायतकर्ता दीपक नंदन जाटव ने एसएसपी को तहरीर दी।

# पंडाल में 24 व 25 को होगा मानस सम्मेलन

**इटावा।** जनपद प्रदर्शनी समिति के तत्वावधान में आगामी 24 व 25 दिसम्बर को भारत के महान संत अनंतश्री विभूषित अग्रपीठाधीश्वर एवं मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज रैवासा वृंदावन धाम प्रदर्शनी पंडाल में प्रवचन करेंगे।यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. विश्वपति त्रिवेदी रिटायर्ड आईएएस, संयोजक संजीव कुमार अग्रवाल, सह संयोजक ओपी मिश्रा, ओम नारायण शुक्ला, कुश चतुर्वेदी, सुधीर मिश्र एवं कार्यक्रम के विशेष सहयोगी राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि ये इटावा जनपद के भक्त समाज का सौभाग्य है कि महाराज जी के श्रीमुख से उनकी अमृतमयी वाणी सुनने का अवसर मिलने जा रहा है। यह पहला अवसर होगा, जब इष्टिकापुरी की धरती पर मलूक पीठाधीश्वर महाराज का राम चरित पर प्रवचन हम सबको सुनने को मिलेगा।

अमृत विचार

कानपुर, बुधवार, 17 दिसंबर 2025 औरैया

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिरिया में अतिथि भोजन का आयोजन

**औरैया।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिरिया में मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत अतिथि भोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन औरैया के जिलाध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा अपने सुपुत्र ओजस के जन्मदिन के अवसर पर कराया गया। अतिथि भोजन कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन नमन पाण्डेय, सुभाष रंजन, एसआरजी हबीब बाबू, प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी, इस्तियाक अहमद, सुमन लता, ब्रजेश आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अतिथि भोजन की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक सोच और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाला बताया। विद्यालय परिवार ने आयोजन के लिए अंकित शुक्ला का आभार व्यक्त किया।

### महंत पर विवादित बयान देने के मामले में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**अयाना।** बबाइन चौकी प्रभारी अरविंद सिंह ने अयाना थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि सोमवार को वह क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों में वायरल वीडियो को लेकर आक्रोश है। वायरल वीडियो में असेबटा निवासी योगेश यादव ने अयोध्या हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास के औरैया में मंदिर उद्घाटन में आगमन पर बच कर वापस न निकलने देने के लिए एक पार्टी के कार्यकर्ताओं से आवाहन किया था। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### अयाना में 19 क्वार्टर देसी शराब के साथ युवक को पकड़ा

**अयाना।** थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि एसआई हरिकेश कुमार ने सोमवार शाम को गश्त के दौरान कटघरा चौराहा के पास एक संदिग्ध युवक की तलाशी ली। युवक के झोले में 19 क्वार्टर देसी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम महारतपुर निवासी रामकिशोर बताया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को जिलाधिकारी ने दिए दिशा निर्देश

## अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत निर्मित होने वाली 43 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) के निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में संबंधित कार्यदाई संस्था के चयन के उपरांत निर्देशित किया कि निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया जाए।


बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

इसके लिए उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि वह तत्काल भूमि चिन्हांकन करते हुए हस्तांतरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें जिससे निर्माण कार्य का शुभारंभ हो सके। डीएम इंद्रमणि त्रिपाठी ने कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण (आरईडी) को निर्देशित किया कि शासनादेश के अनुसार मानक व गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हुए निर्माण कार्य किया जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की शासन द्वारा प्राप्त बजट का हस्तांतरण दिए गए निर्देशानुसार संबंधित कार्यदाई संस्था को करना सुनिश्चित करें। कार्य की गुणवत्ता व समयबद्धता की समीक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन करते हुए निर्देश दिए कि गठित समिति निर्माण कार्य की सतत समीक्षा करते हुए जांच आख्या उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान किए जा रहे निर्माण कार्य की बारीकियों को भी आख्या में इंगित किया जाए साथ ही कार्य की समय सीमा को भी सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के कार्य के उपरांत बजट उपभोग प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए द्वितीय किस्त हेतु बजट की मांग की जाए। जिससे निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण हो सके और निर्मित भवनों में दुकानों का संचालन कराया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, अपर जिलाधिकारी अविनाश चंद्र मौर्य, उप जिलाधिकारी सदर अजय आनंद वर्मा, जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार पांडेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार मौर्य, डीसी मनरेगा रामदुलार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला पूर्ति अधिकारी राजेश कुमार, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में जिम्मेदार लापरवाह, डीएम ने दी चेतावनी

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

- विकासखंड स्तर पर मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया में गुणवत्ता बढ़ाते हुए कार्यवाही कर संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाना करें सुनिश्चित

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने जूम मीटिंग के दौरान कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों द्वारा विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में गंभीरता न बरतते बरते जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई। लापरवाह अधिकारियों की लिस्ट बनाकर उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने के निर्देश जारी किए हैं।

जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने उपरोक्त निर्देश जूम मीटिंग के दौरान कार्यों व विभिन्न स्तर से प्राप्त होने वाले शिकायती/समस्या संबंधी प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा के उपरांत दिए। उन्होंने कहा कि जिला व विकासखंड स्तर पर प्रकरणों के निस्तारण में रुचि न लेने से संतुष्टि प्रतिशत खराब होने की स्थिति उत्पन्न हो रही है यह बहुत ही आपत्तिजनक है इसमें सुधार लाते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर संतुष्टि प्रतिशत बढ़ायें। उन्होंने उक्त के दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वह अपनी-अपनी जिम्मेदारी/ कर्तव्य का निर्वहन कर यह सुनिश्चित करें कि अपने क्षेत्रीय भ्रमण/ निरीक्षण के दौरान कोई भी असहाय, गरीब, मजबूरजन सर्दी से परेशान न होने पाए इसके लिए संबंधित का नाम, स्थान आदि अंकित करते हुए अवगत कराएं जिससे उसे कम्बल आदि मुहैया कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि कम्बल वितरण हेतु थाना अध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, उप जिलाधिकारी अपने-अपने साथ कम्बल रखें, जिससे जरूरतमंद को मुहैया कराया जा सके। उन्होंने उक्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट स्थित सीआरए कार्यालय से कम्बल प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बढ़ते शीतलहर के प्रकोप से बचाव हेतु रैन बसेरों को पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। साथ ही रात भ्रमण के दौरान यह देखें कि कोई भी खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर न हो। यदि ऐसा मिलता है तो तत्काल रैन बसेरा में पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव हेतु चौराहों व बस स्टेशन, अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी सहित अन्य आवश्यक स्थलों पर स्थान चिह्नित करते हुए अलाव भी जलवायें।

इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने गत दिवसों में संचालित मिशन समाधान कार्यक्रमों के तहत कब्जा मुक्त कराई गई सरकारी भूमि, चकरोड, खाद के गड्ढे आदि पर यदि किसी के द्वारा पुनः अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर सहित कठोर कार्यवाही अमल में लाते हुए अवगत कराएं।


बीज एवं खाद की दुकानों पर छापेमारी करती टीम। अमृत विचार

# बीज व खाद की दुकानों पर की गई छापेमारी

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**14** प्रतिष्ठानों की जांच की गयी, 06 उर्वरक के नमूने लिए

**अमृत विचार।** मंगलवार को खाद एवं बीज की दुकानों पर छापेमारी की गई। इस मौके पर 14 प्रतिष्ठानों की जांच की गयी और 06 उर्वरक के नमूना संग्रहित किये गये।

जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि प्रमुख सचिव (कृषि) उ.प्र. शासन लखनऊ एंव जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश के क्रम में थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापेमारी की गई। गठित टीम द्वारा कुल 14 प्रतिष्ठानों की जांच की गयी और 06 उर्वरक के नमूना संग्रहित किये गये। जांच हेतु नमूने लैब भेजे जाएंगे।

## नगर में अलाव जलाने की मांग

**फफूंद (औरैया)।** पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ने की वजह से कस्बे में भी शीतलहर के तहत काफी सर्दी पड़ रही है। गरीब लोगों को व ग्रामीण क्षेत्र से फफूंद आने वालों को कड़ी सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा के लोगों ने जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी से अलाव जलवाने की मांग की है।

नगर पंचायत फफूंद के अंतर्गत अछल्दा चौराहा, मुरादगंज तिराहा, ख्याली दास आश्रम तिराहा, टॉकीज रोड, चमनगंज तिराहा, मुख्य फाटक, गल्ला मंडी, सब्जी मंडी पंजाब नेशनल बैंक के पास, संकट मोचन धाम के पास, अस्थल मंदिर बाबा का पुरवा के पास, पाता चौराहा, छह मरवा कुआं, जिला सहकारी बैंक के पास, बस स्टैंड मोतीपुर, करही सोसाइटी के पास, बड़ी मस्जिद थाने के पास, आदि स्थानों पर तुरंत अलाव जलाने की व्यवस्था किये जाने की मांग की है।

# 35 विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तिकाएं वितरित

**संवाददाता, फफूंद (औरैया)**

**अमृत विचार।** नगर के मां सरस्वती शिक्षा निकेतन, फक्कड़पुर में ओजस्वी फाउंडेशन की ओर से कक्षा 10 में अध्ययनरत 35 छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के उद्देश्य से बहुविकल्पीय पुस्तिकाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बोर्ड एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रति मानसिक रूप से सशक्त करना तथा उनकी तैयारी को दिशा देना रहा।

पुस्तिकाओं का वितरण करते हुए ओजस्वी फाउंडेशन की अध्यक्ष अपर्णा सिंह ने कहा कि बहुविकल्पीय पुस्तिकाएं छात्रों को अपने अध्ययन स्तर का आत्ममूल्यांकन करने में मदद करती हैं और परीक्षा के भय को कम कर आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से फाउंडेशन द्वारा विभिन्न विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा की तैयारी को मजबूत करने के कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं। सोशल डेवलपमेंट कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ़ सिद्दीकी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के प्रयास समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलने से विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बनता है और वे आत्मनिर्भर बनते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश पाल ने ओजस्वी फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों को समय पर अध्ययन सामग्री मिलना परीक्षा की सफलता में अहम भूमिका निभाता है। इस पहल से विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी में निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ओजस्वी फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अफजल खान सहित अभिषेक शुक्ला, रामसेवक, विजय सिंह, अनुज कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।


छात्र-छात्राओं को पुस्तिकाएं वितरित करते शिक्षक। अमृत विचार

- ओजस्वी फाउंडेशन की ओर से वितरित कीं पुस्तिकाएं

# फरक्का नौ व ऊंचाहार एक्सप्रेस सात घंटे लेट


स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। अमृत विचार

**संवाददाता, कंचौसी**

**अमृत विचार।** सर्द मौसम और कोहरे ने ट्रेनो की चाल बिगाड़ दी है। दिल्ली हावड़ा रेलवे रूट की एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन कई कई घंटे लेट चल रही हैं। फरक्का नौ घंटे ऊंचाहार सात घंटे लेट कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची । यात्री भीषण सर्दी में गंतव्य तक पहुंचने में परेशान हो गए। सर्दी बढ़ने और रात को कोहरा छाए रहने से रेल यातायात प्रभावित हो गया है। दिल्ली हावड़ा लखनऊ रूट की डाउन फरक्का एक्सप्रेस निर्धारित समय सुबह के सवा चार के बजाय दिन के एक बजे के करीब कंचौसी पहुंची। प्रयागराज जाने वाली ऊंचाहार दिन के ग्यारह बजे आई। सुबह इटावा से चल कर कानपुर जाने वाली मेमू सवा छह बजे के बजाय डेढ़ घंटे लेट पहुंची। शिकोहाबाद कानपुर मेमू साढ़े आठ बजे कंचौसी पहुंचने की जगह दो घंटा बिलंब पहुंची।

कानपुर टूंडला मेमू एक घंटा लेट नौ बजे के बजाय दस बजे कंचौसी पहुंची। उधर टूंडला से चल कर दस बजे कंचौसी पहुंचने वाली कानपुर मेमू डेढ़ बजे स्टेशन आई। अन्य एक्सप्रेस और मेमू ट्रेन भी घंटों लेट चलने से यात्रियों को भीषण सर्दी में परेशानी उठानी पड़ी। स्टेशन अधीक्षक दरवारी कुमार ने बताया कि कोहरे और सर्दी के कारण ट्रेनें लेट चल रही हैं।

### मालगाड़ी एक घंटे तक कंचौसी स्टेशन व क्रॉसिंग के बीच खड़ी रही

- **कंचौसी।** दिल्ली हावड़ा रेल रूट से सटे (रेलवे फ्रंट कॉरिडोर) डीएफसी ट्रैक पर सिग्नल न मिलने से एक मालगाड़ी करीब एक घंटे तक कंचौसी स्टेशन व क्रॉसिंग के बीच में खड़ी रही। इससे क्रॉसिंग के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। जाम लंबा होने से वाहन सवार कंचौसी से बिझाई, परजनी, दिबियापुर का 5 से 10 किलोमीटर का चक्कर काटकर अपने गंतव्य की ओर निकल गए। मंगलवार को दिल्ली हावड़ा रेल खंड के पास से निकले डीएफसी ट्रैक पर मालगाड़ी कानपुर की ओर जा रही थी। शाम करीब साढ़े 4 बजे सिग्नल न होने से खड़ी हो गई। मालगाड़ी के क्रॉसिंग पर फंसी होने से जाम में फंसे लोग परेशान होने लगे। जिससे सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। किसानों और सेतु निगम के बीच मुआवजे को लेकर फंसे मामले के कारण ओवरब्रिज निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ है जिससे रोजाना वाहन सवारों को जाम में फंसना पड़ता। न्यू कंचौसी स्टेशन मास्टर दीपक जायसवाल ने बताया कि आगे ब्लॉक होने के कारण ट्रैक क्लियर न होने से मालगाड़ी को रोका गया था।

## किसान दिवस आज

**औरैया।** उप कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि पूर्व माह की भांति दिसम्बर माह के तृतीय बुधवार को शासन के निर्देश के क्रम में किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में दिनांक 17 दिसंबर (बुधवार) को अपरान्ह 12:00 बजे से 2:00 बजे तक विकास भवन सभागार, ककोर में किया जायेगा।

किसान दिवस में कृषि क्षेत्र से जुडे विभागों के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों की कृषि से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण किया जायेगा तथा विभागों में संचालित योजनाओं एवं कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी से कृषकों को अवगत कराया जायेगा। अतः कृषक भाइयों से अनुरोध है, कि किसान दिवस में प्रतिभाग कर अपनी कृषि से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण प्राप्त करें।

# चैंबर ध्वस्त किए जाने से खपा वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे

**संवाददाता बिधूना**

**अमृत विचार।** शनिवार/रविवार की रात्रि में मथुरा कलेक्ट्रेट परिसर में अपर जिलाधिकारी द्वारा बिना नोटिस दिए लगभग डेढ़ सैकड़ा से अधिक अधिवक्ताओं के चैम्बर ध्वस्त किए जाने को लेकर मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन बिधूना एवं सिविल बार एसोसिएशन बिधूना के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस अवसर पर ज्यादातर कोर्ट में सन्नाटा पसरा रहा।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सदन सिंह शाक्य एवं महामंत्री अनिल यादव ने कहा कि बिना नोटिस दिए मनमाने ढंग से अधिवक्ताओं के चैम्बर गिराना न सिर्फ तानाशाही है बल्कि गैर कानूनी भी है। उन्होंने कहा कि शासन को तत्काल ऐसे निरंकुश अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करना चाहिए। इस अवसर पर मथुरा के अधिवक्ताओं के समर्थन में तहसील अधिवक्ता बार हाल में अधिवक्ताओं ने बैठक कर इस तानाशाही रवैए की कड़ी निन्दा की। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरविंद दुबे, राम किशोर शुक्ला एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष, यादवेंद्र शरण त्रिवेदी, अमरेश सिंह सेंगर पूर्व महामंत्री, राकेश सिंह यादव पूर्व महामंत्री, विजय कुमार अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।


कार्य से विरत बैठे वकील। अमृत विचार

**प्रगतिशील खेती** | सहखेती के रुप में सब्जी , बागवानी, औषधि आदि के अलावा मशरूम का उत्पादन कर आत्मनिर्भर बन रहे

# दम्पति सह खेती कर किसानों को कर रहे जागरूक

**संवाददाता, बिधूना**

**अमृत विचार।** प्रगतिशील किसान आधुनिक ढंग से खेती किसानी कर जहां कम लागत में ज्यादा लाभ अर्जित कर रहे हैं वहीं सहखेती के रुप में सब्जी बागवानी औषधि आदि के अलावा मशरूम का उत्पादन कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

कस्बा बिधूना मोहल्ले सूरजपुर गांव के निवासी प्रगतिशील किसान दम्पति समाजसेवी गिरेन्द्र पाल सिंह उर्फ मनियां सिंह सेंगर उर्मिला सिंह उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में भ्रमण करने के बाद कृषि के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मशरूम प्लांट के लिए उन्हें कृषि वैज्ञानिक डॉ दलगंजन सिंह यादव ने प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि अपने फार्म हाउस पर आधुनिक तरीके से मशरूम का उत्पादन शुरू कर जहां एक दर्जन से अधिक महिलाओं पुरुषों को रोजगार मुहैया कराया है वहीं किसानों को एक संदेश देने का प्रयास किया है कि सिर्फ धान गेहूं आलू की खेती किसानी से आज के परिवेश में परिवार को आत्मनिर्भर बनाना संभव नहीं है। इसके लिए सहखेती के रुप में कुछ हटकर करने की आवश्यकता है। बीते एक माह से उनके फार्महाउस पर लगे मशरूम प्लांट पर प्रतिदिन कम से कम ढाई से तीन कुंतल मशरूम का उत्पादन किया जाता है। मशरूम की बिक्री के लिए उन्हें कहीं जाना नहीं पड़ता है, स्थानीय स्तर पर ही बाजार से खरीदार आकर मशरूम की खरीद कर लेते हैं। कहा कि वर्तमान समय में पंद्रह हजार रुपये कुंतल के हिसाब से बिक्री हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सावधानी बरतने की भी बड़ी आवश्यकता रहती है। कार्य करने वाले श्रमिकों को सेनेटाइज करना पड़ता है साथ ही आवश्यक दवाओं का भी समय समय पर प्रयोग करना पड़ता है। कृषक दंपति का कहना है कि युवा सरकारी नौकरी के पीछे भागने के बजाय अपना स्वतः का रोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनका मशरुम उत्पादन का संभवतः जनपद में यह पहला प्लांट है। कहा कि शासन को किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस तरह की सहखेती के रुप में कार्य करने पर अनुदान आदि देकर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बिधूना जैसे एक छोटे कस्बे में मशरुम उत्पादन केंद्र किसानों के लिए एक अनूठी पहल सी लगती है। प्रतिदिन दर्जनों किसान मशरूम उत्पादन केंद्र पर आकर प्रगतिशील कृषक समाजसेवी गिरेन्द्र पाल सिंह उर्फ मनियां सिंह व उनकी पत्नी उर्मिला सिंह से मशरूम उत्पादन के संबंध में जानकारी करते हैं। उधर भटौली गांव के उन्नतिशील किसान एवं शिक्षक अमर सिंह द्वारा औषधि की खेती के रुप में अश्वगंधा की खेती कर अच्छा खासा लाभ अर्जित किया जा रहा है।


जानकारी देते किसान दंपत्ति। अमृत विचार


माइनर में छोड़ा गया पानी। अमृत विचार

## माइनर में पानी छोड़ा गया, गेहूं की फसल को मिलेगा लाभ

**फफूंद (औरैया)।** सिंचाई विभाग ने बम्बा की सफाई का कार्य पूरा होने के कुछ दिनों बाद माइनर में पानी छोड़ दिया है।

माइनर में पानी देखकर किसान बेहद प्रसन्न हैं, क्योंकि इस समय खेतों में गेहूं की फसल खड़ी है और उसे सिंचाई की आवश्यकता है। समय पर पानी मिलने से किसान अपनी गेहूं की फसल की सिंचाई कर पा रहे हैं। यदि पानी देर से आता, तो किसानों को डीजल का उपयोग करके सिंचाई करनी पड़ती, जिससे उनकी लागत बढ़ जाती। अब डीजल के पैसे बच जाने से किसान काफी खुश हैं। प्रेम कुशवाह, ओमप्रकाश , विशाल, अजीत आदि लोग मौजूद रहे।

### छत पर खेल रही बालिका गिरकर घायल

**फर्रुखाबाद।** बढ़पुर विकास खंड के गांव अमेठी कोहना में एक 6 वर्षीय बच्ची छत से गिरकर घायल हो गई। बच्ची को गंभीर हालत में लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बच्ची की पहचान विकास की पुत्री दिशा के रूप में हुई है। वह छत पर खेल रही थी, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गई। हादसे के बाद परिजन आनन-फानन में दिशा को लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ले गए। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि घायल बच्ची दिशा को गंभीर अवस्था में लाया गया था। उसे भर्ती कर तत्काल इलाज शुरू कर दिया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई गई है।

**श्री गयादीन महाविद्यालय**
बमुराहा (रठगांव) औरैया, उत्तर प्रदेश

**आवश्यकता है:-**

**प्राचार्य :** एक पद

**नोट :** योग्यता यूजीसी के मानक के अनुसार 15 वर्ष का अनुभव के साथ पीएचडी की डिग्री अनिवार्य

**बीएससी संकाय विषय :** एक-एक पद भौतिक विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान व रसायन विज्ञान, सहायक आचार्य हेतु।

**एमएससी विभाग विषय :** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित 2-2 पद सहायक आचार्य हेतु।

**बीएड संकाय :** एक पद विभागाध्यक्ष, एक पद चित्रकला, एक पद शारीरिक शिक्षा, एक पद संगीत व 7 पद सहायक आचार्य, योग्यता यूजीसी के मानक के अनुसार।

**सम्पर्क करें अथवा रजिस्टर्ड डाक से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि 15 दिन के अंदर भेजें।**

प्राचार्य
श्री गयादीन महाविद्यालय
बमुराहा, रठगांव, औरैया
मो0नं0 : 9412487377, 7078326271

## न्यूज ब्रीफ

### 10वीं की छात्रा ने फांसी लगा दी जान

**मौदहा।** पढ़ोरी निवासी हाई स्कूल की एक छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पढ़ोरी निवासी नेहा (15) पुत्री राकेश उर्फ बाबू लाल निषाद कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की छात्रा थी। नेहा के पिता ने बताया कि मै और मेरी पत्नी सुबह मेहनत मजदूरी के लिए गए थे। सुनसान घर पाकर नेहा ने फांसी लगा ली है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। छात्रा द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। राकेश का 10 वर्षीय पुत्र 3 वर्ष पहले नदी में डूब कर मौत हो गई थी। नेहा घर की इकलौती चिराग बची थी। कोतवाली प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि मृत्यु का कारण जानने के लिए शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पड़ोसी ने घर में घुस युवती से किया दुष्कर्म

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर में घुस कर युवती से दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के युवक अताउद्दीन पुत्र बच्चा लंबरदार ने गांव की 22 वर्षीय युवती के घर में घुसकर दुष्कर्म को अंजाम दिया। युवती के भाई ने विरोध किया तो भाई के साथ लात घूसों से मारपीट कर की सोमवार को पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घटना के बारे में बताया। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए। आरोपी अताउद्दीन के खिलाफ एससी, एसटी दुष्कर्म महिला उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया।

### विदेशों में इस्लामिक शिक्षा देने वाले मुफ्ती अब्दुल का निधन

**मौदहा।** क्षेत्र के विख्यात इस्लामिक शिक्षक और दो दशक से अधिक दक्षिण अफ्रीका में इस्लामिक शिक्षा देने वाले मुफ्ती अब्दुल रहमान खान का आकस्मिक निधन हो गया वह 69 वर्ष के थे। मूलरूप से कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर निवासी मुफ्ती अब्दुल रहमान लगभग दो दशक तक दक्षिण अफ्रीका में बतौर इस्लामिक शिक्षक काम करते रहे। मंगलवार को रागौल स्थित उनके निवास पर अचानक तबियत खराब होने से उनका निधन हो गया वह 69 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह दस बजे पैतृक गांव मदारपुर में होगा। उनके निधन से क्षेत्र के मुस्लिम समाज में शोक की लहर दौड़ गई है।

### युवक को दौड़ा दौड़ाकर पीटा

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में घर के दरवाजे अलाव ताप रहे युवक को पड़ोसियों ने दौड़ा-दौड़ा कर गाली गलौज करके जमकर पीटा। युवक ने चार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। टेढ़ा निवासी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि वह 13 दिसंबर को सुबह घर के बाहर अलाव ताप रहा था तभी पड़ोसी मुन्ना खंगार, ज्ञान सिंह, विनोद, सीमा आए और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। बचाव में उसने भागने की कोशिश की तो उसे खड़ंजे में चारों ने लाठी डंडों से दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जिससे गंभीर चोटें लगी है। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# घने कोहरे ने कम कर दी वाहनों की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले में मंगलवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। इससे हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई। सुबह 10 बजे के बाद कोहरा कम होना शुरू हुआ और दिन में 11 बजे के बाद हल्की धूप निकली। इससे लोगों को ठंड से राहत मिली। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आने वाले कुछ दिनों तक ऐसे ही मौसम रहेगा। कोहरा के साथ ठंड बढ़ेगी, लोग गर्म कपड़ों की खरीदारी करते दिखाई दिए।


दिन में कोहरे के चलते लाइट जलाकर रेंगते वाहन। अमृत विचार

दिसंबर माह अधवारे पर पहुंचते ही वातावरण में पुरवा हवाओं ने पैठ जमा रखी है। इससे तापमान में तेजी से इजाफा हो रहा है। दिन में धूप खिलने से ठंड का अहसास कम रहता, मगर शाम होते ही ठंड का असर शुरू हो जाता है। इधर मंगलवार को पश्चिमी हवाओं ने पुरवा हवाओं को पछाड़कर वातावरण में अपनी पैठ जमा ली है। इससे मौसम का मिजाज बदल गया है। तापमान लुढ़कने लगा है। वहीं कोहरा भी पड़ना शुरू हो गया है। मंगलवार को भोर में लोगों की नींद खुली तो पूरा वातावरण कोहरे के चादर से तना रहा। कोहरा इतना घना था कि थोड़ी दूर के बाद देखना मुश्किल था। ठंड भी कोहरे के साथ बढ़ती जा रही है। आलम यह था कि नेशनल हाईवे 34 पर गुजर रहे छोटे-बड़े सभी वाहन रेंगते दिखाई दिए। वाहन चालक लाइट जलाकर हार्न के सहारे धीरे- धीरे सड़क से गुजरते दिखे। मुख्यालय से सुमेरपुर, राठ रोड, कानपुर रोड व कालपी स्टेट हाईवे पर जो वाहन गुजर रहे थे, वह बहुत ही एहतियात बरत रहे थे। सुबह 11 बजे के बाद धूप तेज हुई तो कोहरा छंटना शुरू हुआ। धूप खिलने के बाद ठंड कम हो गई। धूप की वजह से दिनभर लोगों को ठंड से राहत रही।

### सर्दी का सितम बढ़ा, नगर पंचायत के अलाव शुरू नहीं

**सुमेरपुर।** सर्दी का सितम बढ़ने के बाद भी नगर पंचायत के अलाव गायब हैं। मंगलवार को तड़के की गई पड़ताल में कस्बे के प्रमुख स्थानों में अलाव नजर नहीं आए। राहगीर घास फूस जलाकर सर्दी से बचाव की कोशिश करते नजर आए। उधर भीषण कोहरे के चलते हाईवे सहित सभी प्रमुख मार्गों में वाहन रेंगते दिखे। स्कूली बच्चे सभी प्रमुख चौराहा में खड़े होकर ठंड से सिकुड़ रहे थे। मंगलवार को तापमान 10 डिग्री रहा। मंगलवार को सुबह 7 बजे कस्बे के बस स्टैंड, देवगांव चौराहा, रेलवे स्टेशन, कमलेश तिराहा, थाना चौराहा, सब्जी मंडी चौराहा, पशु बाजार चौराहा, नेहा चौराहा, इमलिया तिराहा, ब्लॉक कार्यालय आदि प्रमुख जगहों पर जलने वाले अलाव गायब रहे। राहगीर घास फूस पन्नी आदि जलाकर ठंड से बचाव करते नजर आए।

### यातायात पुलिस ने वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए


ट्रैक्टर-ट्रॉली में रिफ्लेक्टर लगाती यातायात पुलिस।

**मौदहा (हमीरपुर)।** यातायात पुलिस ने आयशर कामदगिरि ट्रैक्टर एजेंसी के सहयोग से कोहरे में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहनों पर रेडियम रिफलेक्टर लगवाए। वाहन चालकों को सर्दी में सावधानी से वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। रिफ्लेक्टर लगाने की सलाह दी गई, ताकि दृश्यता में कमी से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। नेशनल हाईवे में मंगलवार को यातायात पुलिस ने कोहरे में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाए। वाहन चालकों को सर्दी के मौसम में सावधानी पूर्वक वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने कस्बे के बड़े चौराहे, बांदा रोड मलीकुआं चौराहे पर वाहनों के पीछे लाल पीले और सफेद रंग के रिफ्लेक्टर रेडियम स्टीकर लगवाए। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि कोहरे में दृश्यता कम होने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। इससे बचने के लिए रिफ्लेक्टर रेडियम स्टीकर अवश्य लगवाएं। इस मौके पर यातायात के वीरेन्द्र कुमार व कामदगिरि ट्रैक्टर एजेंसी के संतोष कुमार गुप्ता, हर्ष, कुलदीप त्रिपाठी मौजूद रहे।

# लापरवाही से ट्रैक्टर पलटाने में दोषी को दो साल की कैद

## 20 साल पूर्व का मामला, 8 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगा

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** 20 वर्ष पूर्व लापरवाही से तेज गति ट्रैक्टर चलाने से हुई दुर्घटना में मौत के मामले की सुनवाई मंगलवार को ग्राम न्यायालय में हुई। न्यायाधीश ने अभियुक्त को दो साल की जेल व आठ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

सहायक अभियोजन अधिकारी ज्ञान प्रकाश ने बताया कि छह अक्टूबर 2005 को जरिया गांव निवासी मृतक रमजान पड़ोसी विकास आदि के साथ जगमोहन पुत्र दीना यादव के ट्रैक्टर में बैठकर राठ गए थे। वापस लौटते समय तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने से संतुलन बिगड़ गया और पवई गांव के पास ट्रैक्टर सड़क किनारे खाई में पलट गया। इस घटना में रमजान व विकास ट्रैक्टर के नीचे दब गए। जिससे रमजान की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि विकास को इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतक के भाई शकूर खां ने मुकदमा दर्ज कराया था। ग्राम न्यायालय में चली लंबी सुनवाई के बाद न्यायाधीश प्रखर तिवारी ने अभियुक्त जगमोहन पुत्र दीना यादव को दो साल की सजा व आठ हजार रुपये के अर्थदण्ड सुनाया है। लंबी पैरवी के बाद भाई व परिजनों को मिले न्याय से उनके चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई।

### नाबालिग से छेड़खानी के दोषी को 3 वर्ष की सजा



**हमीरपुर।** एक गांव में 13 वर्षीय बालिका से पड़ोसी युवक द्वारा छेड़खानी करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कीर्तिमाला सिंह ने आरोपी को तीन वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौदहा कोतवाली के एक गांव निवासी ने कोतवाली में 1 अगस्त 2016 को तहरीर देकर बताया कि 31 जुलाई की रात 10 बजे गांव में जद्दू मास्टर की तेरहवीं में गए थे। तभी मौका पाकर पड़ोसी युवक बरदानी पुत्र मुल्ली उसके घर में घुस गया है और तेरह वर्षीय पुत्री को दबोचकर छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। पुत्री के शोर मचाने पर पुत्र कुलदीप मौके पर पहुंच गया। तो युवक पुत्री को छोड़कर धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने आरोपी बरदानी के खिलाफ 8 पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मुकदमें की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कीर्तिमाला सिंह ने आरोपी बरदानी को दोषी मानते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

### भाजपा नेता प्रीतम को लेकर पुलिस हाईकोर्ट रवाना

**हमीरपुर।** लखनऊ के दुबग्गा से बरामद भाजपा नेता प्रीतम सिंह किसान को मंगलवार की सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच हाईकोर्ट इलाहाबाद के लिए रवाना कर दिया गया। इससे पूर्व सुबह जिला अस्पताल से पहुंची स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। रिपोर्ट नॉर्मल आई।

बीते 19 अक्टूबर को कथित रूप से लापता हुए भाजपा नेता ने 54 दिन तक पुलिस को जमकर छकाया। इसके बाद बीते 12 दिसंबर को पुलिस ने उन्हें लखनऊ के दुबग्गा से एक मकान से गिरफ्तार किया था। उधर लापता अवधि के दौरान 28 अक्टूबर को प्रीतम के भाई एडवोकेट वीर सिंह ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल कर पुलिस पर भाई को गायब करने का आरोप लगाया था। नवंबर माह में लगातार इस याचिका पर चार बार सुनवाई भी हुई। पांचवीं बार 8 दिसंबर को एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा को व्यक्तिगत तौर पर स्वयं पेश होकर हलफनामा दाखिल करना पड़ा था। इसके बाद कोर्ट ने छठवीं सुनवाई की तारीख 16 दिसंबर लगाई थी।

### कस्बे को ग्रीन फील्ड हाईवे से जोड़ा जाए, सौंपा ज्ञापन


विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** प्रस्तावित ग्रीन फील्ड हाईवे से कस्बे की उद्योग नगरी को जोड़ने की मांग करते हुए व्यापार मंडल ने सदर विधायक को ज्ञापन सौंपा है। सदर विधायक ने व्यापारी नेताओं को आश्वस्त किया है कि वह केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री से मिलकर समस्या का निदान कराएंगे।

कानपुर से लेकर महोबा जिले के कबरई कस्बे तक बनने वाले ग्रीन फील्ड हाईवे के निर्माण को हरी झंडी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में प्रदान दी है। यह प्रस्तावित राजमार्ग अप्रैल से बनना शुरू होगा। इस हाईवे में उतरने चढ़ने के लिए एप्रोच मार्ग मुख्यालय की कुछेछा के पास दिया गया है। जबकि कस्बे में उद्योग नगरी के साथ अन्य कई बड़े व्यापार संचालित है। जिससे दूसरे प्रांत के लोगों के साथ गाड़ियों की आवाजाही होती है। लेकिन कस्बे को इस हाईवे से नहीं जोड़ा जा रहा है। इसी के मद्देनजर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू के नेतृत्व में व्यापारी नेताओं ने सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति को ज्ञापन सौंप कर कस्बे की उद्योग नगरी को फोरलेन हाईवे से जोड़ने की मांग की है। सदर विधायक ने व्यापारी नेताओं को आश्वस्त किया है कि वह केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर समस्या से अवगत कराकर कस्बे को प्रस्तावित फोर लेन हाईवे से जुड़वाने का कार्य करेंगे। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के चेयरमैन अनुज शिवहरे, महामंत्री श्यामलाल गुप्ता, विजय उर्फ कल्लू चौरसिया, अनिल परनामी,रामजी मिश्रा, शिवनारायण धुरिया, गुड्डू गुप्ता रहे।

### स्कूली वैन पलटी तीन बच्चे घायल

**हमीरपुर।** स्कूली बच्चों को लेकर जा रही वैन सड़क पर घूम रहे अन्ना मवेशी को बचाने के चक्कर में पलट गई। इस हादसे में तीन बच्चे घायल हो गए है। मुस्करा कस्बे में स्वामी विवेकानंद एकेडमी के नाम से विद्यालय संचालित है। इसमें आसपास के गांवों से बच्चों को वाहनों से लाया जाता है। मंगलवार की सुबह इसी स्कूल के बच्चों से भरी एक मारुति वैन सड़क पर घूम रहे अन्ना मवेशी को बचाने के चक्कर में असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गई। वैन में करीब छह बच्चे सवार थे। जो घायल हो गए। जिनमें तीन बच्चों को ज्यादा चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर एकत्रित लोगों ने आनन-फानन में बच्चों को वैन से निकालकर एंबुलेंस की मदद से कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। स्कूली वैन में सवार बच्चों ने बताया कि वह रोज की तरह अपने गांव बसवारी से अपने विद्यालय स्वामी विवेकानंद एकेडमी जा रहे थे, तभी कस्बे के लीलावती पेट्रोल पंप के पास सड़क पर दौड़ रहे अन्ना जानवर को बचाने के चक्कर में गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। घायल बच्चों में बसवारी गांव निवासी कनक पुत्री योगेंद्र, अर्पित पुत्र जितेंद्र, आलिम पुत्र अंसार है।

### पुलिस लाइन परिसर में एंटी करप्शन चौकी स्थापित

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** एंटी करप्शन विभाग ने कस्बे के प्रमुख स्थानों में पोस्टर लगाते हुए कहा कि यदि किसी भी विभाग का सरकारी कर्मचारी राजकीय कार्य के लिए रिश्वत की मांग करता है, तो लोग बिना भय के इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह जानकारी थाना एंटी करप्शन चित्रकूट धाम मंडल बांदा से आई टीम ने दी।

उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय हमीरपुर में पुलिस लाइन परिसर के भीतर फिंगरप्रिंट कार्यालय के बगल में एंटी करप्शन की चौकी स्थापित की गई है, जहां क्षेत्र की जनता अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। किसी भी विभाग के सरकारी अथवा राज्य कर्मचारी द्वारा रिश्वत मांगे जाने की स्थिति में एंटी करप्शन विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरक्षी अभिषेक सिंह ने बताया कि थाना एंटी करप्शन बांदा मंडल के हमीरपुर के अंतर्गत तहसील मौदहा, थाना, ब्लॉक और नगर पालिका कार्यालय मौदहा, तहसील राठ क्षेत्र एवं तहसील सरीला क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान आमजन से वार्ता कर उन्हें भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक किया गया। यदि कोई सरकारी कर्मचारी अथवा अधिकारी रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना 9454402489, 9454402484, 9415886317 मोबाइल नंबरों पर दी जा सकती है।

### अंधेरे में धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में एक बार फिर मिट्टी का अवैध खनन और परिवहन का खेल खुलेआम चल रहा है। बीते करीब एक माह से रात होते ही जेसीबी मशीनों से मिट्टी का अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। सैकड़ों की संख्या में बिना नंबर प्लेट वाले ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अंधेरे का फायदा उठाकर अवैध खनन की हुई मिट्टी का परिवहन करते हैं। इससे जहां शासन को भारी राजस्व की हानि हो रही है, वहीं सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बढ़ती जा रही है।


रात में मिट्टी लेकर जाती ट्रैक्टर-ट्रॉली। अमृत विचार

रात के समय करीब दो दर्जन से अधिक बिना रजिस्ट्रेशन के डंपर और सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां नगर के विभिन्न हिस्सों में मिट्टी की आपूर्ति कर रही हैं। मीडिया कर्मियों को देखते ही चरखारी रोड से आने वाले वाहन रास्ता बदलकर धमना रोड के जरिए नगर में प्रवेश कर जाते हैं, लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई नजर नहीं आता। अवैध खनन से जुड़े संचालकों का कहना है कि इस काम के बदले उन्हें मोटी रकम चुकानी पड़ती है। अधिक चक्कर लगाने के दबाव में वाहन तेज गति से चलाए जाते हैं, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार शीतलहर और घने कोहरे के बीच रात में मिट्टी ढोने वाले कई ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में होते हैं, जिनकी तेज रफ्तार कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। बताया जाता है कि खनन माफिया को स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का खास भय नहीं रहता। हालांकि हमीरपुर से आने वाले खनन व परिवहन विभाग के अधिकारियों पर नजर रखने के लिए नगर से करीब दस किलोमीटर पहले ही निगरानी रखी जाती है। अधिकारियों की आवाजाही की सूचना मिलने पर वाहन तुरंत मार्ग बदल लेते हैं।

### एक-दूसरे पर शक का अंत पत्नी की मौत और पति गया जेल

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- मां की मौत, पिता के जेल जाने से रेहान हुआ बेसहारा

**अमृत विचार।** शादी के बाद से ही एक दूसरे पर बढ़ा शक मौत के मंजर के साथ समाप्त हुआ। इस शक में 3 वर्षीय पुत्र बेसहारा हो गया। मां की मौत हो गई और पिता जेल चला गया है। मृतका के पिता ने दामाद के खिलाफ पुत्री की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

बांक गांव निवासी अर्चना कुशवाहा (25) की शादी 5 वर्ष पूर्व जालौन जनपद के रामपुरा थाना क्षेत्र के छेवना गांव निवासी धर्मेंद्र कुशवाहा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों एक दूसरे पर शक करने लगे और 2 वर्ष के अंदर इनमें अलगाव हो गया। इसी बीच इनके एक पुत्र रेहान 3 वर्ष हुआ। पति से मनमुटाव बढ़ने पर अर्चना पुत्र को लेकर मायके आ गई और पिछले तीन वर्षों से मायके में ही रह रही थी और अदालत में भरण पोषण का वाद दायर कर रखा था। सोमवार को मायके में अर्चना घर पर अकेली थी। माता-पिता भाई खेतों में थे तभी धर्मेंद्र ससुराल पहुंचा और अर्चना की कथिततौर पर गला दबाकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर भागते समय ग्रामीणों ने धर्मेंद्र को दबोच लिया। अर्चना के पिता रामदास ने आरोप लगाया है कि दामाद पुत्री के चाल चलन पर शक जाहिर करके प्रताड़ित करता था। इसी प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके आ गई थी। दामाद ने आकर हत्या की है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर दामाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करके हिरासत में लिया है। शक का इतना खौफनाक अंत होगा किसी ने नहीं सोचा था और एक दूसरे पर किए गए शक में पत्नी जान से हाथ धो बैठी पति जेल चला गया।

**अव्यवस्था** | किसानों का आरोप-मंडी समिति में किसानों की नहीं हो रही सुनवाई

# किसान परेशान, व्यापारियों का तौला जा रहा ज्वार

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्थानीय मंडी समिति में संचालित ज्वार केंद्र में किसानों की तौल न होने से किसान परेशान हैं। वहीं व्यापारियों की तौल होने पर किसानों में रोष व्याप्त है।

स्थानीय मंडी समिति में संचालित ज्वार केंद्र में ज्वार की खरीद की जा रही है। जिसमें किसान ज्वार लेकर आ रहे हैं, लेकिन उनकी तौल नहीं की जा रही है। हरौलीपुर के किसान राजेंद्र ने बताया की बीते 10 दिन से 07 क्विंटल ज्वार बेचने के लिए लाया था। लेकिन आज तक तौल नहीं हो पाई है, क्योंकि प्रभारी और व्यापारियों की मिली भगत के चलते सिर्फ व्यापारियों की तौल की जाती है। पडुई गांव के किसान अनुराग ने बताया की बीते 13 दिन से अभी तक मेरी ज्वार 40 क्विंटल की तौल नहीं हुई। रोज आज कल आज कल कह कर प्रभारी टहला रहा है। पडुई की महिला किसान किशना ने बताया कि बीते 3 तारीख से साढ़े 4 क्विंटल ज्वार की तौल कराने लेकर आई थी। लेकिन आज तक तौल नहीं हुई है। परसी का डेरा के किसान मलखान ने बताया की 35 क्विंटल ज्वार की तौल नहीं हुई है। जबकि 15 दिन हो गए है। बताया की केंद्र प्रभारी की मिली भगत से व्यापारियों की तौल की जाती है और किसानों की तौल नहीं की जा रही है। जिससे किसानों में रोष उत्पन्न हो रहा है। वहीं केंद्र प्रभारी सुनील कुमार ने बताया की अभी तक 2000 क्विंटल ज्वार की खरीद की जा चुकी है। 60 किसान लाभान्वित किए जा चुके हैं और 40 किसानों का पैसा भेजा जाना है। बताया कि किसानों के लगाए आरोप निराधार है।

### सहकारी समितियों से यूरिया गायब

- महंगे दर से निजी दुकानों से खाद खरीदने के लिए किसान मजबूर

**बिवांर।** सहकारी समिति में यूरिया खाद का अभाव होने से किसानों को नहीं मिल पा रही है। किसान समिति के चक्कर लगाकर महंगे दर में निजी दुकानों से खाद खरीदने के लिए मजबूर हैं। खाद के लिए किसान परेशान हैं। खाद के अभाव में किसानों की फसल खराब हो रही है। कस्बा स्थित सहकारी समिति के साथ भुजपुर रूरीपारा में दो समिति संचालित हैं। किसान खाद के लिए समिति के भरोसे पर बने हैं। किसानों ने खेत में खड़ी फसल की सिंचाई का कार्य कर लिया। अब फसल में छिड़काव के लिए खाद की जरूरत है। लेकिन छिड़काव के लिए खाद नहीं मिल पाती है। सहकारी समिति में खाद का अभाव हो गया है। भुजपुर रूरीपारा समिति में करीब 20 दिन से खाद नहीं है। खाद मिलने की आस लिए हुए किसान दिन रात समिति के चक्कर लगा रहे हैं। कई किसान सुबह होते ही यूरिया खाद के लिए समिति पहुंच जाते हैं। समिति खुलने पर पता चलता है कि अभी यूरिया नहीं आई है। इससे निराश होकर किसानों को बैरंग लौटना पड़ता है।दोनों समितियों में खाद के न होने पर किसानों को निजी दुकानों की शरण लेनी पड़ रही है। किसान निजी दुकानों से खाद खरीदने के लिए मजबूर है। समिति में तैनात सचिव रामफल यादव ने बताया कि मुस्करा कोऑपरेटिव बैंक में किसानों की चेक समायोजित कराई जा रही है। दो ट्रक खाद आना बाकी है। खाद आने पर किसानों में वितरित की जाएगी।

### किसान पाठशाला में किसानों को पढ़ाया कृषि का 'पाठ'

**मौदहा।** कृषि विभाग द्वारा भमरौली में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को विभिन्न फसलों को उगाने व फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों से बचाव तथा सही समय पर बुवाई, उपचार, सिंचाई आदि के संबंध में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीज भंडार प्रभारी संतोष कुमार ने किसानों को रबी सीजन की फसलों में उपयोगी उन्नत कृषि तकनीक एवं कीटनाशक दवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चना, मटर और मसूर की बुवाई के साथ अलसी की सहफसली खेती व जैविक खेती पर विशेष चर्चा की। बताया कि कीटों का प्रकोप होने पर समय रहते पहचान कर उचित दवा का प्रयोग किया जाना चाहिए, जिससे फसल उत्पादन सुरक्षित रहे।

# पति-पत्नी के नाम से आवंटित राशन दुकानें, 1 निलंबित, मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अलग-अलग ग्राम पंचायतों में दंपति के नाम से आवंटित सरकारी राशन की दुकान में निरीक्षण के दौरान राशन की दुकान में स्लोगन तथा जिला शिकायत निवारण अधिकारी का नाम व संपर्क नंबर न लिखा होना तथा भंडारण की मात्रा सूचना पट्ट में प्रदर्शित न करने के साथ घटतौली आदि की आशंका जाहिर करते हुए पत्नी के नाम से आवंटित राशन की दुकान को निलंबित कर एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण देने के साथ पति के नाम से आवंटित राशन की दुकान का स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अंदर मांगा है। अन्यथा की स्थिति में नजदीकी कोतवाली में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने का लिखित आदेश जारी किया है।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सिजनौडा व भैंसता गांव में दंपति के नाम से सरकारी राशन की दुकान आवंटित हैं। पति अब्दुल गनी के नाम से भैंसता तो पत्नी कुरैशा बानो सिजनौडा गांव की उचित दर विक्रेता है। बीते रविवार को पूर्ति निरीक्षक अभय उपाध्याय ने दंपति के नाम से आवंटित दोनों दुकानों का भौतिक सत्यापन किया।

सत्यापन के दौरान राशन की दुकानों में सरकारी आदेशानुसार जिला शिकायत निवारण अधिकारी का नाम व सम्पर्क नंबर, रेट बोर्ड व भंडारण पट्ट अद्यतन नहीं पाया गया। साथ ही सूचना पट्ट प्रदर्शित न होने के साथ वन राशन वन नेशन संबंधित सूचनाएं प्रदर्शित नहीं की थीं। बताया कि भण्डारण रजिस्टर भी नहीं उपलब्ध कराया गया। दुकान में रखे खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन करने पर चावल 18 बोरी व गेंहू 21 बोरी मौके पर पाया गया। प्रदर्शित सारणी के माध्यम से कुरैशा बानो के नाम से आवंटित दुकान पर 4.251 किग्रा गेहूं अधिक तथा 0.371 किग्रा चावल कम मिलने का हवाला दिया गया है। भौतिक सत्यापन में उपलब्ध खाद्यान्न को देखते हुए घटतौली, कालाबाजारी करने का अंदेशा जताते हुए निलंबित करने का आदेश जारी करते हुए पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। इसी प्रकार भैंसता गांव में अब्दुल गनी के नाम से आवंटित राशन की दुकान के भौतिक सत्यापन में राशन अधिक पाया गया।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

अमृत विचार

कानपुर, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

महोबा-जालौन

## न्यूज ब्रीफ

### दबंगों ने ग्रामीण को पीटा

**महोबा।** थाना श्रीनगर के बिलखी गांव में एक ग्रामीण के घर पर जबरन दबंग ने बकरियों को बांध दिया, विरोध करने पर दबंगों ने गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। ग्रामीण के साथ मारपीट किए जाने से उसका एक पैर फैक्चर हो गया। बिलखी गांव निवासी कुलदीप विश्वकर्मा ने बताया कि गांव का दबंग मेरे घर के पीछे बकरियां बांधता है, जिससे घर के अंदर बदबू आने के अलावा वहां पर गंदगी फैली होने के कारण परिजनों का निकलना मुश्किल हो गया। बताया कि उसके पिता रामनारायण विश्वकर्मा ने उसे बकरियां बांधने से मना किया तो वह आगबबूला हो गया और गाली गलौज करने लगा, जब पिता ने विरोध किया तो दबंग ने अपनी पुत्र व पत्नी के साथ मिलकर लाठी डंडों से पिता के साथ मारपीट कर पैर तोड़ दिया। पीड़ित ने एसपी से शिकायत की।

### खेत में बकरियां छोड़ी

**महोबा।** सिजहरी गांव में विकलांग के खेत में दबंग ने अपनी बकरियां चरने के लिए छोड़ दी, जिससे खेत में लगी मूंगफली की फसल खराब होने की बात कहकर किसान ने विरोध किया तो दबंग ने गाली गलौज कर उसकी मारपीट कर दी। पीड़ित ने इस संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी, लेकिन दबंग पर कोई कार्रवाई न किए जाने के बाद विकलांग पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना श्रीनगर के गांव सिजहरी निवासी विकलांग जगदीश ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह अपने खेत में लगी मूंगफली फसल की रखवाली कर रह था, तभी गांव के एक दबंग अपनी बकरियों को लेकर खेत में चरने के लिए छोड़ दिया, जिससे उसकी फसल बर्बाद होने लगी।

### आर्म्स एक्ट में शातिर गिरफ्तार, जेल भेजा

**जालौन।** सिम्हारा चौराहा के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। थाना पुलिस रात्रि में सिम्हारा चौराहा के पास वाहनों व संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने बाइक सवार आकाश निवासी धर्मपुरा थाना कुठौंद को पकड़ लिया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 12 बोर का तमंचा व जिंदा मिला। थानाध्यक्ष प्रवेन्द्र कुमार सिंह का कहना है कि आकाश एक शातिर अपराधी है। वह 12 बोर तमंचा व कारतूस लेकर कहीं देने जा रहा था। उसे गिरफ्तार करके आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली चरखारी के गौरहारी गांव में कर्ज से परेशान एक ग्रामीण ने सोमवार की रात फांसी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने उसका शव लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। घर में चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली चरखारी के गौरहारी गांव निवासी नूर खां (35) पुत्र अब्दुल खां आटो रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था, लेकिन आटो चलाने में कम आमदनी होने के कारण वह परेशान



नूर खां।

रहने लगा और ग्रामीणों से कर्ज लेकर वह परिवार चला रहा था। आर्थिक रूप से परेशान हो गया। उधर कर्जदार भी अपने कर्ज का तकादा करने लगे, जिससे वह और परेशान हो गया। ठंड के मौसम में सुबह जल्दी उठाकर ऑटो ले जाने के बाद भी थोड़े बहुत पैसा ही बच पाता था, जिसमें घर चलाकर मुश्किल हो रहा था। सोमवार को रोजाना की तरह शाम करीब आठ बजे अपने कमरे के ऊपरी हिस्से में सोने चला गया, जहां पर उसने सूनसान पाकर पंखे के कुंडे में रस्सी बांधकर और गले में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी।

रात का समय होने के कारण परिजनों को किसी भी तरह की भनक नहीं लगी। मंगलवार को सुबह काफी देर तक उसके नीचे न आने पर परिजन उसे जगाने पहुंचे तो उसका शव लटका देख चीखने लगे। गृहस्वामी की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है, अब उन्हें छोटे-छोटे बच्चों की परवरिश की चिंता सता रही है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

## पूर्वजों के मकान न गिराये जाएं

**महोबा।** तहसील कुलपहाड़ के धवर्रा गांव में रक्षा मंत्रालय भारत सरकार का नोटिस भेजा जाने से खसरा नंबर 103 में निवास करने वाले ग्रामीणों में दहशत फैल गई। नोटिस में ग्रामीणों पर अवैध कब्जा कर निवास किए जाने का आरोप लगाया है, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि उनके पूर्वज पिछले सौ सालों से यहां निवास कर रहे है उनके इस खसरा नंबर से करीब 500 मीटर दूर मकान बने हुए।

ग्राम धवर्रा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पूर्वजों के पिछले सौ वर्ष पुराने बने मकान है और अचानक रक्षा मंत्रालय ने खसरा नंबर 103 में अवैध कब्जा किए जाने का नोटिस भेज दिया, जिससे सभी ग्रामीण परेशान हो गए हैं। बताया कि खसरा नंबर 103 से हम लोगों का कोई लेना देना नहीं है। ज्ञापन देने वालों में कौशल अहिरवार, दामोदर, किशोरीलाल, सलीम खान, गोवर्धन, बाबूलाल, कालीचरण, दीनदयाल रहे।

# राजस्व निरीक्षकों को दिया क्रॉप कटिंग का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के सचिव एवं चित्रकूट धाम मंडल बांदा के मंडलायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत रबी फसल 2025-26 में सीसी एग्री एप व जीसीईएस एप के माध्यम से जिले के सभी राजस्व निरीक्षकों को खेतों में क्रॉप कटिंग कराने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान क्रॉप कटिंग के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जिले भर के सभी राजस्व निरीक्षकों ने हिस्सा लिया।

मंगलवार को तहसील महोबा, कुलपहाड़ और तहसील चरखारी के सभी राजस्व निरीक्षकों को कलेक्ट्रेट सभागार में एप के माध्यम से मंडलीय सांख्यिकी अधिकारी रुपेश कुमार गुरंग और



क्रॉप कटिंग प्रशिक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी व राजस्व निरीक्षक। अमृत विचार

- **कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की तीनों तहसीलों से प्रशिक्षण लेने आए राजस्व निरीक्षक**

अपर सांख्यिकी अधिकारी लालता प्रसाद यादव एवं वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मनीष कुमार यादव ने राजस्व निरीक्षकों को क्रॉप कटिंग कैसे की जाती है इसका बारीकी से प्रशिक्षण दिया। इससे क्रॉप कटिंग सही तरीके से की जा सके।

निरीक्षण के दौरान सांख्यिकीय अधिकारी ने बताया कि सीसी एग्री एप व जीसीईएस एप भारत सरकार ने फसल कटाई प्रयोगों के डेटा को डिजिटल और सटीक तरीके से इकट्ठा करने के लिए बनाए गए हैं, जो फसल की उपज का अनुमान लगाने में मदद करते हैं। एप मुख्य रूप से ग्रामीण कार्यकर्ताओं के लिए है, जो जीपीएस सक्षम डेटा संग्रह फोटो अपलोड के जरिए पारदर्शिता और समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करता है, जिससे मैन्युअल काम खत्म होता है और बेहतर कृषि नीतियों में मदद मिलती है।

# राजस्व विभाग में लंबित मामलों का निस्तारण हो

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लखनऊ सचिवालय में उत्तर प्रदेश विधानसभा प्रतिनिहित विधायन समिति साक्ष्य बैठक में विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर सहित राजस्व विभाग से संबंधित प्रदेश के विभिन्न जिलों से लंबित प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही काफी समय से लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण किये जाने का मुद्दा उठाया।

सदस्य विधान परिषद जितेंद्र सिंह सेंगर ने समिति के माध्यम से बैठक में उपस्थित प्रमुख सचिव राजस्व रणवीर प्रसाद को अवगत कराया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में वसीयत प्रकरण एवं उप जिलाधिकारी, तहसीलदार कोर्ट से वादकारी के पक्ष में निर्णय होने के उपरांत भी अधिकांश लेखपालों, राजस्व निरीक्षकों द्वारा उच्च



बैठक में मौजूद एमएलसी।

अधिकारियों के आदेश का त्वरित पालन नहीं हो रहा है। अनावश्यक विलंब की शिकायतें संज्ञान में आती हैं जिससे न्याय मिलने में विलंब हो रहा है। बैठक में एमएलसी ने कहा कि किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रमुख सचिव ने स्पष्ट किया कि बहुत जल्द सभी जिलों में दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत निकाली गई रैली

कार्यालय संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय पसाना बाद में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक युद्ध नशे के विरुद्ध थीम पर तंबाकू मुक्त युवा अभियान चलाया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने गांव में रैली निकालकर तंबाकू और नशे से दूर रहने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके बाद विद्यालय में सीएचसी जैतपुर के अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें नशा मुक्त जीवन जीने के प्रति वक्ताओं ने अपने विचारों से लोगों को प्रेरित किया।

तंबाकू मुक्त युवा अभियान के एक युद्ध नशे के विरुद्ध थीम के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय पसानाबाद से स्वास्थ्य विभाग की




जागरूकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

- **गोष्ठी में नशा व तंबाकू छोड़ने की दिलाई शपथ**

टीम व शिक्षकों ने बच्चों के साथ गांव में जागरूकता रैली निकाली।

गोष्ठी में डॉ. पवन राजपूत ने बच्चों, ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि तंबाकू खाने से मुंह, गले, फेफड़ों, दिल, लीवर सहित कई तरह के कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों के रोग, दांतों मसूड़ों की समस्या के अलावा त्वचा का जल्दी बूढ़ा होना और गर्भावस्था में गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं।

इस मौके पर डॉ. आकांक्षा सोनी, डॉ. अमित गंगेले, एफएचडब्ल्यू संगीता सहित विद्यालय से प्रधानाचार्य प्रीती मिश्रा, अक्षयदीप तिवारी, संगीता पाठक, प्रतिमा शर्मा मौजूद रहीं।

# विक्षिप्त को लाठी से पीटा

संवाददाता कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** अपना रौब दिखाते हुए एक दबंग ने सड़क पर जा रहे विक्षिप्त को लाठी पीट दिया। दबंग की इस दबंगई को देखते हुए राहगीर भी बचाने का साहस नहीं जुटा सके। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। घटना के बाद एक नेकदिल इंसान ने मानवता दिखाते हुए उसका इलाज कराया। पीड़ित विक्षिप्त होने के कारण उसका किसी को नाम और पता भी नहीं मालूम है। हालांकि तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। पीड़ित का न तो कोई अपना है और न ही कोई परिवार का पता है। ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महेश सिंह की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रशासन ने उसकी अच्छे से देखभाल के



रोते हुए चोट दिखाता विक्षिप्त।

- **पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की**

साथ आवश्यक दवाइयां व खाने को भोजन आदि मुहैया कराया है, जिससे वह जल्द से जल्द स्वस्थ व दुरूस्त हो सके। इस तरह की घटना को समाज के लिए भी आत्ममंथन की जरूरत है। अब सभी की निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है आरोपी की तलाश की जा रही है।

# विकलांग कल्याण समिति ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकलांग कल्याण समिति ने विकलांग, विधवा और वृद्धों की पेंशन बढ़ाने, विकलांगों को मिलने वाले ऋण को दस हजार रुपये की जगह दो लाख रुपये किए जाने, बिजली पानी बिल माफ करने सहित अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित 34 सूत्रीय मांगों से भरा ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में दी गई समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता तो 20 दिसम्बर से सदर तहसील में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

विकलांग कल्याण समिति ने ज्ञापन में विकलांगों को स्टेशन पर ट्रेन आने से पूर्व विकलांग डिब्बा की सूचना दी जाए। समिति को रैन बसेरा के लिए भूमि उपलब्ध कराई



ज्ञापन दिखाते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

जाए, कुष्ट रोग ग्रस्ति दिव्यांगों को तीन हजार रुपये से बढ़ाकर छह हजार रुपये पेंशन की जाए। साथ ही विकलांगों को मिलने वाले दस हजार रुपये के ऋण की राशि दो लाख रुपये करने और विधवाओं को ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन में बताया कि विकलांग, विधवा और वृद्धों को पांच हजार पेंशन कर सभी के आयुष्मान कार्ड, अंत्योदय कार्ड बनवाए जाएं। ज्ञापन में बताया कि सरकारी नौकरियों में दिव्यांग व्यक्तियों का आरक्षण कोटा पूरा करने का समयबद्ध स्पष्ट आदेश दिया जाए व बैकलाग कोटा भी तत्काल पूरा कराया जाए। दिव्यांगजनों की 21 श्रेणियों को देखते हुए आरक्षण कोटा चार प्रतिशत से बढ़ाकर दस प्रतिशत किया जाए। समिति के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश कुमार भारती सहित तमाम पदाधिकारी व विकलांग मौजूद रहे।

# क्रय केंद्र में अब बाजरा की खरीद भी हुई बंद

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** ज्वार की सरकारी खरीद पहले ही बन्द हो चुकी थी लेकिन अब बाजरा की भी तौल बन्द हो गई है जिससे केन्द्र पर फिर से खरीद शुरू होने की उम्मीद पाले किसानों का हौसले टूटने लगे हैं।

शासन ने एमएसपी पर ज्वार और बाजरा की खरीद करने की जिम्मेदारी खाद्य रसद विभाग की विपणन शाखा को दी थी जिसके द्वारा कालपी और कदौरा ब्लाक में क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। यहां पर बाजरा की बिक्री के लिए तहसील क्षेत्र के 1964 किसानों ने पंजीकरण कराया है, लेकिन उनकी तौल हो पाती कि इससे पहले 10 दिसम्बर को अचानक विभाग द्वारा ज्वार की खरीद बन्द कर दी गई थी। जबकि बड़ी संख्या में किसान उपज बेचने के लिए केन्द्र पर लाइन लगाकर खड़े थे हांलाकि उन्होंने हौसला नहीं खोया था और फिर से खरीद शुरू होने की उम्मीद में केन्द्र पर डटे है। वहीं मंगलवार को विभाग द्वारा बाजरा की खरीद भी बन्द कर दी गई है। इसके चलते अब किसानों का हौसला टूटने लगा है। नगर निवासी उमाकांत व सिमरा शेखपुर निवासी राकेश की मानें तो वह विगत कई दिनों से बाजरा बेचने की उम्मीद में खड़े थे लेकिन केन्द्र प्रभारी रूचिता द्वारा खरीद बन्द कर दी गई है, जिससे उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। किसानों के मुताबिक एक दो दिनों मे अगर शासन ने लक्ष्य नहीं बढ़ाया तो मजबूर होकर उन्हें वापस जाना पड़ेगा।

# एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में चल रहा किसानों का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन मंगलवार को समाप्त हो गया। एसडीएम ने उनकी सभी मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

भाकियू ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को तहसील परिसर में राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन की अगुवाई में अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन शुरू किया था। हांलाकि प्रशासन ने पहले दिन किसानों के इस प्रदर्शन को तवज्जो नहीं दी थी, लेकिन मंगलवार सुबह किसानों का जमावड़ा शुरू हुआ तो प्रशासन में खलबली मच गई थी। इस दौरान इस धरना प्रदर्शन की अगुआई कर रहे किसान नेता राजवीर सिंह जादौन ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा था कि शासन किसानों की समस्याओं को गम्भीरता से नहीं ले रहा है, जबकि इस देश की अर्थव्यवस्था किसानों के हाथ में है तो देश की सुरक्षा भी उनके पुत्रों के हाथ में है। यह धरना प्रदर्शन आगे बढ़ता इससे पहले ही एसडीएम मनोज कुमार सिंह किसानों की बीच आये और उनका मांगपत्र लेकर उनको आश्वस्त किया कि उनकी सभी जायज समस्याओं का समाधान किया जायेगा। एस डी एम के आश्वासन के बाद भाकियू के बैनर तले चल रहा किसानों का प्रदर्शन समाप्त हो गया। इस मौके पर किसान नेता नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश उपाध्यक्ष केदार नाथ, जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह निरंजन, महासचिव राजकुमार, झाँसी मण्डल के महासचिव सुरेश सिंह चौहान, उरई तहसील अध्यक्ष भुवन राजपूत कोंच अध्यक्ष चतुर सिंह निरंजन, वीर सिंह पूर्व प्रधान हथनौरा, ओमसिंह पूर्व प्रधान निवहना, महेश यादव लमसर, कल्लू यादव काशीखेरा, नितिन यादव तिरही रहे।

### ट्रैक्टर और खाना पानी लेकर आये थे किसान

- सोमवार से धरना प्रदर्शन को आए किसान नेता इस बार पूरी तैयारी से आए थे। किसानों ने ट्रैक्टरों से तहसील का मैदान भर दिया था। वहीं खाना पानी और सर्दी से बचाव के लिए टेन्ट और रजाई गददे भी साथ लेकर आए थे। शायद प्रशासन ने भी उनकी मजबूत तैयारियों को भांप लिया था, जिसकी वजह से उन्हे दूसरे दिन ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन देकर चलता कर दिया है।

क्रिकेट स्पर्धा

## दूसरे मैच में रणवीर क्लब ने दीपक ट्रेडर्स को 39 रनों से हराया

# अनमोल क्लब ने जेपी आरएस को हराया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैपतुर के अजनर गांव में चल रहे एपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में सभी टीम अपनी जीत की रेटिंग बढ़ाने के लिए दमखम के साथ मैदान पर उतरकर बेहतर खेल दिखाने में लगी हुई हैं और अंत तक अंक तालिका में सबसे ऊपर जगह बनाकर सेमी और फाइनल में जगह पक्की करने का प्रयास कर रही है, लेकिन करीब चार टीमों का इस टूर्नामेंट में मैच हारने के बाद उनका घर जाना लगभग तय हो गया है।

वहीं अन्य टीमें मैच जीतने में लगी हुई। आज हुए दो मैचों में रणवीर क्लब और अनमोल क्लब ने अपनी विरोधी टीमों को हराकर अंकों में इजाफा किया है। टूर्नामेंट का पहला



क्रिकेट मैच के दौरान प्रतिभा दिखाते खिलाड़ी। अमृत विचार

मुकाबला रणवीर क्लब और दीपक ट्रेडर्स के मध्य खेला गया। जिसमें रणवीर क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 111 रन लक्ष्य विरोधी टीम के समक्ष रखा। लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी दीपक ट्रेडर्स के ओपनर बल्लेबाजों ने बेहतर खेल दिखाते हुए 6 ओवर में 52 की साझेदारी की, लेकिन रणवीर क्लब के तेज गेंदबाज ने जैसे ही ओपनर जोड़ी को तोड़ा इसके बाद कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक भी नहीं बना सका और 11.2 ओवर में 72 रन बनाकर सभी बल्लेबाज आउट हो गए, जिससे रणवीर क्लब ने 39 रनों से मैच में जीत दर्ज कर ली।

दूसरा मैच जेपीआरएस क्लब और अनमोल क्लब के बीच हुआ, जिसका टास जेपीआरएस क्लब ने जीता, लेकिन कप्तान ने निर्णय लेने के बाद पहले गेंदबाजी ली। अनमोल क्लब के बल्लेबाजों ने बैटिंग करते हुए 12 ओवर में चार विकेट खोकर 86 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए जेपीआरएस क्लब के बल्लेबाजों की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन मिडिल ऑर्डर खिलाड़ियों के ज्यादा ओवर खेलने के बाद भी रन न बनाए जाने के कारण सारी टीम लास्ट ओवर में 71 रनों पर आउट हो गई, जिससे 15 रनों से अनमोल क्लब मैच जीतकर अंक तालिका में सबसे ऊपर पहुंच गई। इन मैचों में मोहम्मद सद्दाम, देवेंद्र यादव ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि कमेंट्री बीके राजपूत, अभिजीत चंदेल ने की। वहीं स्कोर शिवम माजिद रहे।

# अधिकारों के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में मंगलवार को जिले में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के तहत थानों की एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली एवं सेवाओं की

- **महिला सुरक्षा के तहत हुआ कार्यक्रम**

जानकारी प्रदान की। अभियान के तहत टीमों ने महिलाओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों के साथ साथ महिला सुरक्षा कानूनों के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। कार्यक्रमों दौरान निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइनों महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि की जानकारी भी दी गई और इन सेवाओं के उपयोग के लिए महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया।

## एएसपी ने परेड का किया निरीक्षण

**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद परेड का टोली वार निरीक्षण किया। निरीक्षण में अनुशासन की दृष्टि से जिला पुलिस एवं रिक्रूट आरक्षियों से टोली वार ड्रिल कराई तथा शारीरिक व मानसिक दृढ़ता को बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई। अपर पुलिस अधीक्षक साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी, टोली वार निरीक्षण एवं ड्रिल करायी गयी। उन्होंनें पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए पुलिस बल की गरिमा, कर्तव्य निष्ठा एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।

PCF जिला कार्यालय-यू0पी0कोआपरेटिव फेडरेशन लि0, जनपद- महोबा

पत्रांक:पी0सी0एफ0/जि0का0/ दलहन–तिलहन/ई–टेण्डर/2025–26/622 दिनांक:– 16–12–25

अल्पकालीन पुनः ई–टेण्डर–नोटिस

पी0सी0एफ0 में विपणन खरीफ वर्ष 2025–26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत कय किये जाने वाले दलहन/तिलहन (मूंगफली, मूंग, उरद एवं तिल) के परिवहन एवं हैण्डलिंग कार्य हेतु चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के महोबा के कय केन्द्रों हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी0सी0एफ0 महोबा के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं0–8765985033 पर की जा सकती है।

जिला प्रबन्धक
पी0सी0एफ0, महोबा

## न्यूज ब्रीफ

### कुचरम में आज होगी जनसुनवाई

**चित्रकूट।** आज उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होकर मातृ–शिशु स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगी। साथ ही कालेज में छात्राओं से भी संवाद करेंगी। उनका विकास खंड पहाड़ी की ग्राम पंचायत कुचरम में जनसुनवाई कार्यक्रम है, जहां महिलाओं की समस्याएं सुनी जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान सदस्य द्वारा महिला एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के संबंध में शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

### बंदी की मौत की होगी मजिस्ट्रीयल जांच

**चित्रकूट।** विचाराधीन बंदी की मौत मामले की मजिस्ट्रीयल जांच उप जिलाधिकारी सदर को सौंपी गई है। एसडीएम ने बताया कि कल्लू पुत्र नोहर निवासी करछना ( प्रयागराज) की स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में उपचार के दौरान 12 अक्टूबर को मौत हो गई थी। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को साक्ष्य देना हो या बयान अंकित कराना हो तो 22 दिसंबर तक किसी भी कार्य दिवस में बयान दे सकता है।

### कलेक्ट्रेट में आज होगा पेंशनर दिवस

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे से पेंशनर दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पेंशनर/पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी समस्या बता सकेंगे और उनको सुझाव देने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आम तौर पर विभिन्न पेंशनर संगठन शिकायत करते हैं कि पेंशनर दिवस पर प्राय: कार्यालयाध्यक्ष प्रतिभाग नहीं करते हैं, जिससे समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता है।

### पूर्व छात्र के तैयार किए चना बीज को मिला पेटेंट

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संकाय से बीटेक के पूर्व छात्र नीति रंजन प्रताप ने चना का एक बीज विकसित किया है। संकाय के अधिष्ठाता प्रो. आंजनेय पांडेय ने बताया कि केंद्र सरकार ने इस बीज को पेटेंट प्रदान किया है। पूर्व छात्र की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे सहित ग्रामोदय परिवार के लोगों ने नीति रंजन को बधाई एवं शुभकामना दी है।

### आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक

**चित्रकूट।** भीम आर्मी पार्टी के जिला कार्यालय में आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक हुई। इसमें मुख्य मंडल प्रभारी नीरज कश्यप, मंडल प्रभारी अजय वर्मा, हसन खान गोलू ने पार्टी की गतिविधियों का जायजा लिया गया। पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जातीय समीकरण को ध्यान रखते हुए पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करें, समाज में हो रहे अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ें। इस मौके पर संजय कुमार गौतम, कुंवर सिद्धार्थ, इंद्रभान अंबेडकर, जागेश्वर यादव, आजाद रविराज वर्मा, कोमल सूर्यवंशी, बाबूलाल यादव, श्रीपाल प्रजापति, रामपाल वर्मा, भरत लाल रहे।

# छात्रा के विवाह की जानकारी पर सकते में आए अधिकारी

## नीति आयोग की टीम के मुआयने के दौरान हुआ खुलासा, सदस्यों ने जताया रोष

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** नीति आयोग की टीम ने अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन मंगलवार को आकांक्षी ब्लाक के गांवों में विकास योजनाओं की हकीकत परखी। टीम के सदस्य उस समय सकते में आ गए, जब यह पता चला कि कक्षा आठ की एक छात्रा का बाल विवाह हो गया है। इस खुलासे से जिम्मेदारों और चाइल्ड लाइन की भूमिका पर भी प्रश्नचिह्न लग गए।

जानकारी के मुताबिक, नीति आयोग की टीम ग्राम पंचायत खजुरिहा कला पहुंची। टीम के सदस्यों ने यहां जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी और फिर ये लोग उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। एक सदस्य ने बच्चों से बातचीत के दौरान यह पूछ लिया कि गांव या आसपड़ोस में कम उम्र में बच्चों की शादी तो नहीं होती। इस पर एक छात्रा ने बताया कि ऐसा होता है। उसने नाम लेकर बताया कि हाल ही में उसकी एक सहेली, जो कक्षा आठ की छात्रा है, की शादी हुई है। वह इस समय ससुराल में है। इस पर टीम सन्न रह गई। आननफानन में रजिस्टर मंगाया गया और पाया गया कि छात्रा का नाम अंकित है पर वह गैरहाजिर है। नीति आयोग के सदस्यों ने इस पर रोष जताते हुए जिम्मेदारों और चाइल्डलाइन की भूमिका पर भी सवाल उठाए। इस संबंध में जब प्रधानाध्यापक मुन्नालाल से जानकारी करने की कोशिश की गई तो वह कुछ नहीं बता पाए। बीडीओ रामनगर हरीओम गुप्ता का फोन नहीं लगा। बीईओ रामनगर एनपी सिंह ने बताया कि उनको भी जानकारी मिली है कि कक्षा आठ की छात्रा की शादी उसके माता पिता ने हाल ही में की है। इस मामले में वह पता करेंगे कि कैसे हुआ।



मुआयने को पहुंची नीति आयोग की टीम। अमृत विचार




वह विद्यालय, जहां की छात्रा की हो गई शादी। अमृत विचार

### गांवों में देखे विकास कार्य, जानी सच्चाई

- नीति आयोग की टीम में पवन दीक्षित, कुलदीप सिंह हैं। इनके साथ यूनीसेफ के सदस्य भी मौजूद रहे। टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर, नांदिन कुर्मियान, खजुरिहा कला आदि गांवों में विकास कार्यों को देखा। बाद में ब्लाक सभागार में बीडीओ के साथ बैठक की। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधीक्षक डा. देवमणि त्रिपाठी, डॉ. शैलेंद्र सिंह, आलोक सिंह, दिलीप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, जीवनराम आदि मौजूद रहे।

## शोषण के खिलाफ आवाज उठाना ही सच्ची श्रद्धांजलि

**चित्रकूट।** जनवादी महिला समिति ने मंगलवार को निर्भया दिवस मनाया। इस मौके पर मोमबत्तियां जलाकर सामूहिक दुराचार की शिकार निर्भया को यादकर श्रद्धांजलि दी गई।

ह्यूमन राइट्स लीगल नेटवर्क के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि 16 दिसंबर 2012 को पुरानी दिल्ली में यह कांड हुआ था। इसमें पीड़िता से दुराचार कर उसे चलते वाहन से फेंक दिया गया था। जिंदगी के लिए संघर्ष करती निर्भया ने 29 दिसंबर 12 को सिंगापुर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. प्रणव मुखर्जी ने इसकी जांच के लिए न्यायिक समिति का गठन किया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि सरकार और पुलिस की विफलता से ऐसे कांड होते हैं। जनवादी महिला समिति जिलाध्यक्ष पूनम ने कहा कि निर्भया को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब महिलाएं निडर होकर शोषण, अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करें। इस मौके पर सुंता देवी, कोदिया देवी, तेरसिया, मिर्ची, गुड़िया देवी, कुसुमलली, निर्मला, नेहा, सोनम, अंजली, मंजू, प्रीति आदि रहीं।

# पांच जनवरी को होगा बार एसोसिएशन का चुनाव

- एल्डर कमेटी ने की तिथियों की घोषणा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला बार की एल्डर कमेटी ने चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी है। कार्यक्रम के अनुसार, पांच जनवरी को मतदान और छह जनवरी को मतगणना के बाद अधिवक्ता संघ के नए अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों की घोषणा होगी । इस संबंध में एल्डर कमेटी के चेयरमैन बुआराम शुक्ला ने पत्र जारी किया है।

20 दिसंबर तक अधिवक्ताओं का सदस्यता शुल्क जमा होगा। 22 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन, 23 व 24 दिसंबर को आपत्तियों का निस्तारण, 26 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन और 30 और 31 दिसंबर को नामांकन होगा। एक जनवरी 26 नामांकन पत्रों की जांच एवं वापसी का दिन है। तीन जनवरी को अपराह्न दो बजे से संघ भवन में प्रत्याशियों का दक्षता भाषण होगा। पांच जनवरी को प्रातः नौ बजे से सायं चार बजे तक मतदान किया जाएगा। अगले दिन मतगणना होगी।

### समिति का कोरम पूरा नहीं : सचिव

उधर, तिथियों की घोषणा होने के बाद जिला बार एसोसिएशन के सचिव पंकज त्रिपाठी ने एक पत्र जारी किया। इसमें उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर को आम सभा की बैठक है। एल्डर कमेटी के सदस्य रहे जगदीश प्रसाद मिश्रा एडवोकेट के निधन होने से पद रिक्त है, जिससे कमेटी का कोरम पूरा नहीं होता है।

### ग्रामोदय विवि के विद्यार्थियों ने कला प्रदर्शनी में भाग लिया

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट के छात्र–छात्राओं ने शिमला में आयोजित राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में सहभागिता की। इस दौरान प्रदर्शित कलाकृतियों की दर्शकों ने सराहना की और इन्हें खरीदा। ललित कला शिक्षक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में स्वाति झा, दीपेंद्र मंडल, ऋचा प्रजापति, प्रिया विश्वकर्मा, शिवानी देवी, रोशनी सिंह एवं राखी सोनी ने अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। समूह के वापस लौटने पर कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने बधाई दी।




नाविकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी देते स्टोरी टेलर गौरव श्रीवास्तव।

## धार्मिक स्थलों से जुड़ी कहानी सुना पर्यटकों को करें प्रभावित

- प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्टोरी टेलर ने नाविकों को समझाया

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** भजन संध्या रैन बसेरा में मंगलवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की मौजूदगी में नाविकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट लखनऊ से आए स्टोरी टेलर गौरव श्रीवास्तव ने नाविकों को समझाया कि किस तरह से संबंधित स्थल से जुड़ी कहानी सुनाकर बाहर से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को प्रभावित किया जा सकता है।

श्रीवास्तव ने चित्रकूट की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नाविकों को बताया कि पर्यटकों को यहां के घाटों, नौका विहार एवं प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी प्रभावी ढंग से दें। जिलाधिकारी ने भी नाविकों को सलाह दी कि वे चित्रकूट की विरासत के बारे में पर्यटकों को बताएं। पर्यटकों को आकर्षित करने एवं उनके अनुभव को यादगार बनाने में नाविकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नौका विहार के दौरान घाटों एवं पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जाए तथा नौका विहार उपरांत ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था को भी प्रोत्साहित किया जाए। इसी क्रम में मुन्ना, विनोद आदि नाविकों को क्यूआर कोड भी दिए गए। नाविक रामगोपाल की प्रस्तुति पर जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। डीएम ने यह कहकर नाविकों का हौसला बढ़ाया कि जो बेहतर एवं नवाचारी कार्य करेगा, उसे पर्यटन विभाग से पुरस्कृत किया जाएगा। नाविकों को ड्रेस कोड के रूप में शर्ट प्रदान की गई। इस दौरान संयुक्त निदेशक पर्यटन आरके रावत, एलडीएम अनुराग शर्मा आदि अधिकारी एवं नाविक मौजूद रहे। बाद में डीएम ने रैन बसेरा का निरीक्षण किया। शौचालय से पानी बहने पर इसे बंद कराने, सफाई का ध्यान रखने और अलाव जलाए जाने के लिए निर्देशित किया।

## सच्चे मन से भगवान का नाम सुमिरन करने से होता है कल्याण

**राजापुर चित्रकूट।** ग्राम पंचायत रुपौली के सिद्धाश्रम शिव बाबा के प्रांगण में मंगलवार से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक समारोह के आयोजक दंडी स्वामी इंद्रदेव प्रतापगढ़ हैं। पहले दिन कथावाचक वृंदावन निवासी उमेश महाराज ने कथा का महात्म्य बताया। उन्होंने कहा कि कलियुग में सच्चे मन से भगवान का नाम सुमिरन करने से कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण के 18 हजार श्लोक में से एक एक श्लोक दैहिक, दैविक और भौतिक संताप को नष्ट कर देता है। कथा सत्संग सुरसरि के समान है।

## दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने का आरोपी दबोचा

- शादी के बाद भी धमकाकर बनाए शारीरिक संबंध

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिस ने नाबालिग से दुराचार और उसका वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़िता से शादी के बाद भी शारीरिक संबंध बनाए।

थाना मऊ अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया था कि शादी से पहले राममूरत यादव पुत्र चंद्रशेखर यादव ने शादी का झांसा देकर कई बार दुराचार किया और मोबाइल से वीडियो बना लिया था। जब उसने शादी करने के लिए राममूरत से कहा तो उसने गालीगलौज की, धमकी दी कि शादी नहीं करेगा। उसके बाद दोनों के बीच कोई बात नही हुई। 18 अप्रैल को उसकी शादी घरवालों ने दूसरी जगह कर दी। इसके बाद राममूरत ने उससे शारीरिक संबंध न बनाने पर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर देने की धमकी दी। उसने उसे जबरन खेत पर बुलाया और दुराचार कर वीडियो और फोटो वायरल कर दी। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह ने राममूरत को अहिरी बालापुर मोड़ से गिरफ्तार किया।

## अभिभावकों और समाज को जागरूक करने पर दिया जोर

**रामनगर (चित्रकूट)।** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत विद्यालय में मीनामंच सुगमकर्ता शिक्षक-शिक्षिकाओं की दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला बीआरसी में हुई। मंगलवार को इसका समापन किया गया।

खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने प्रतिभागियों को शिक्षा में लैंगिक असमानता दूर करने के उद्देश्य से गठित मीनामंच की अवधारणा व उसके कार्य के बारे में बताया। निर्देश दिए कि विद्यालय में मीना मंच की गतिविधियों को नियमित रूप से करें, जिससे बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके। मीना मंच के माध्यम से अभिभावकों एवं समाज को जागरूक करने पर भी जोर दिया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर प्रेमचंद यादव, आलोक कुमार श्रीवास्तव रहे।



कार्यशाला में जानकारी देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

**सख्ती** — मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक में मातहतों को दिए सख्त दिशा–निर्देश

# एक दूसरे पर न डालें, समयसीमा में पूरी कराएं सड़कें

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त और नोडल अधिकारी चित्रकूट अजीत कुमार ने मंगलवार को जिले में हो रहे विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि नई सड़कों का निर्माण निर्धारित समयसीमा में कराया जाए। सड़क निर्माण में आने वाली समस्याओं को पीडब्लूडी, एनएच बांदा, एनएच प्रयागराज, ग्रामीण क्षेत्र आदि की बताकर एक दूसरे के ऊपर डालकर बचने का प्रयास न करें।

कमिश्नर ने कहा कि विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। एक्सईएन विद्युत ने जानकारी दी कि सितंबर में 314 ट्रांसफार्मर खराब हुए थे, जिनको बदल दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 21 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। लो वोल्टेज की वजह से दिक्कत आ रही है, जिसे दूर करा दिया जाएगा। कमिश्नर ने हिदायत दी कि किसानों को सिंचाई में किसी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि चरवाहों का मानदेय समय से दिया जाए। वाल्मीकि आश्रम में पत्थर गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। किसी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए। मंडलायुक्त ने एनएच बांदा और प्रयागराज के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा संबंधी ब्रेकर आदि बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को उनकी सक्रियता पर बधाई दी। सीएमओ को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोरों का भी निरीक्षण करें। कई स्टोरों पर एक्सपायरी दवाएं भी मिलती हैं, तत्काल उनको हटाएं।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मंडलायुक्त का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो भी दिशा निर्देश दिए गएं हैं, उनको तत्परता से पूरा कराया जाएगा। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी डीएन पांडेय, अपर मंडलायुक्त अमरपाल सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, न्यायिक अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

**कोलगदहिया में जलापूर्ति की दिक्कत:** एक्सईएन ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोलगदहिया गांव में जलापूर्ति में दिक्कत आ रही है। इसे जल्द ही दूर कर दिया जाएगा। मंडलायुक्त ने कहा कि मिशन के अंतर्गत कामों को समयसीमा में कराएं और तय समय पर गांवों में जलापूर्ति होनी चाहिए।

**नियमित रूप से खुलें सार्वजनिक शौचालय:** मंडलायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बने सार्वजनिक शौचालयों को नियमित रूप से खोलने के निर्देश दिए। सीएमओ को निर्देशित किया कि मरीजों को बाहर न भेजें। स्वास्थ्य केंद्रों पर कंबल, कमरों में हीटर, अलाव, जनरेटर आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। सीएचसी व पीएचसी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।



बैठक में विकास कार्यों की जानकारी लेते मंडलायुक्त अजीत कुमार। अमृत विचार

### जिले में पर्याप्त खाद, कमी जिम्मेदारों में

कमिश्नर ने कहा कि जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। इस संबंध में कई बार सामने आता है लेकिन ऐसा नहीं है। कमी है तो अधिकारियों और कर्मचारियों में। संबंधित अधिकारी सही से वितरण कराएं तो सभी को उर्वरक मिल सकती है।

### सभी की काल रिसीव करें अधिकारी

कमिश्नर ने अधिकारियों से कहा कि कोई भी फोन लगाता है तो उसे रिसीव करें। जनसाधारण की समस्याएं सुनने के लिए हम लोग बैठे हैं। जो भी काल करे, उसकी बात सुनें। शिकायतकर्ता के प्रति उदासीनता नहीं होनी चाहिए। उसके साथ अच्छा व्यवहार करें।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम HARSHIT DINESH SAHU से बदलकर HARSHIT SAHU रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-DINESH KUMAR SAHU ADD-S 275 SECTOR-5 SITAPUR ROAD JANKIPURAM EXTENSION POST-JANKIPURAM DIST-LUCKNOW-226031 (U.P.)

**सूचना**

शपथ करता शहंशाह पुत्र मोहम्मद आलम निवासी ग्राम औरंगपुर गहदेवा ,कुर्सी खेड़ा थाना व तहसील रसूलाबाद कानपुर देहात अपने सगे भाइयों सद्दाम,फरमने, हसन अली,सहनूर पुत्र गण मोहम्मद आलम के क्रिया कलापों व समाज में गलत कार्यो से क्षुब्ध धोकर उक्त सभी भाइयों से संबंध विच्छेद करता है उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य पर उनकी जवाब देही नहीं होगी

**सूचना**

पहले मेरा नाम DILIP KUMAR था अब मैने बदलकर अपना नाम DILEEP KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-BANSI LAL R-O- 18,GOPALPUR PANDIT PO JAHANGIRGANJ, TEH ALAPUR, AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम Km Chitranshi से बदलकर Chittranshi Srivastava हो गया है अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। D/o - Late Raj Kamal Srivastava Add - C-1365/5 Indira Nagar Sector- C Indira Nagar Dist- Lucknow-226016 (U.P.)

**सूचना**

पहले मेरा नाम RAKIYA BANO था अब मैने बदलकर अपना नाम ROKAIYA BANO रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O-ABDUL KAYYOOM R/O-BAGMEERA BHITWA MANGRAULI BAZAR SHUKUL, AMETHI**

**सूचना**

मैं **प्रमोद कुमार विश्वकर्मा पुत्र बुधई निवासी ग्राम–कोटवा, नवीकोट नन्दना, नगर पंचायत व तहसील–बख्शी का तालाब, जिला–लखनऊ** । यहकि प्रमोद व प्रमोद कुमार विश्वकर्मा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे प्रमोद व प्रमोद कुमार विश्वकर्मा दोनों नामो से जाना पहचाना जाता है।

**सूचना**

मेरा नाम स्कूल मे पिता ने शौम्या जैसवाल लिखवाया था पति ने आधार बनवाते समय अनु जैसवाल नाम करवा दिया शौम्या व अनु दोनों एकही महिला हूं। मुझे शौम्या उर्फ अनु जैसवाल पत्नी स्व योगेश जैसवाल के नाम से जाना जाय। मो– 7565099599

**सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनुपमा चौधरी, पत्नी स्व. सुख लाल चौधरी के पक्ष में निष्पादित मूल विलेख, जो आवासीय मकान से संबंधित है जिसका क्षेत्रफल 40.74 वर्ग मीटर तथा मकान नं0 6A/739 जो आवास विकास वृंदावन योजना–1, लखनऊ में स्थित है, बुक नं0–1, जिल्द संख्या 8609 पृष्ठ संख्या 279 से 292, सीरियल नं0 8687 में दर्ज है और जिसका पंजीकरण 27–09–2007 को हुआ था जो कि कही खो गया है। यदि किसी व्यक्ति को उपयुक्त वर्णित मूल दस्तावेज प्राप्त हो तो उससे विनम्र निवेदन है कि नीचे दिये गये नंबर पर संपर्क करे –8423246098

**सूचना**

मैने अपने पुत्र दीपक अवस्थी तथा पुत्रवधू अर्चना के अनैतिक कृत्यों तथा गलत आचरण से पूरे परिवार का अब से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है यदि इनके द्वारा कोई भी अपराधिक गतिविधि या कृत्य किया जाता है तो यह उसके स्वंय जिम्मेदार होगें । मैने दीपक अवस्थी तथा पुत्रवधू अर्चना मिश्रा से अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है तथा इनको अपनी सम्पूर्ण चल एवं अचल सम्पत्ति से पूर्ण रुप से बेदखल कर रहा हूँ। **अशोक कुमार पुत्र स्व: सरजू प्रसाद निवासी मकान नं0–169 बाजार रोड, मड़ियांव गांव जानकीपुरम, लखनऊ,**

**सूचना**

मैं सलमान अहमद पुत्र स्व0 शाहिद हुसैन वारसी निवासी सी/513 बाल्मीकि नगर माल गोदाम रोड शहर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी। मेरा नाम सलमान अहमद वारसी के साथ पूर्व में मेरा एक दूसरा नाम सलमान अहमद भी था। मेरे और मेरे पुत्र नोमान अहमद के आधार कार्ड व पैनकार्ड पर मेरा नाम सलमान अहमद वारसी अंकित है। उक्त दोनों नाम सलमान अहमद वारसी व सलमान अहमद मेरे ही हैं। वर्तमान में मैं सलमान अहमद वारसी के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। भविष्य में भी मैं सलमान अहमद वारसी के नाम से जाना जाऊंगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पति डा0 रामधनी वर्मा की मृत्यु दिनांक 14.02.2017 को हो गई थी। यह कि भूखण्ड सं0–4 व 4ए, खसरा सं0– 519 व 520 का मिनजुमला स्थित बटहा सबौली, वार्ड– लाला लाजपत राय, लखनऊ की सम्पत्ति पर पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाईनेसं लि0 द्वारा एक लोन जारी किया गया था जिसके सभी भुगतान चुका दिये है मैं चाहती हूँ कि इस सम्पत्ति के कागजात जारी किये जाये (लोन कोड– 06000004223)। **छाया वर्मा पत्नी स्व0 डा0 रामधनी वर्मा 496/179 छोटा चांदगंज, निराला नगर लखनऊ उ0प्र0– 226020**

**सूचना**

मैं अपने छोटे पुत्र अर्जुन को गलत चाल–चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति और संबंधों से बेदखल करता हूं। अर्जुन द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन और अनैतिक कृत्यों से मेरा तथा मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **मन्त राम पुत्र जगदत्त ग्राम टेढवा नवाबाद, परगना व तहसील उतरौला, जिला बलरामपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **भुल्लन सुत राम नरेश निवासी ग्राम –बलरामऊ, थाना गोसाईगंज, परगना बरौंसा, तहसील संदर, जनपद सुलतानपुर,** अपने पुत्र अमित प्रजापति के आवांछनीय, असामाजिक एवं. अनुचित चाल–चलन, आज्ञा उल्लंघन तथा मेरे प्रति कर्तव्यों की घोर उपेक्षा के कारण, उसे दिनांक 16–12–2025 से अपने समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से पूर्णतः बेदखल (Disown) करता हूँ। अतः भविष्य में यदि उक्त पुत्र मेरे नाम, मेरी सम्पत्ति या मेरे सम्बंध का किसी भी प्रकार से उपयोग करता है अथवा किसी प्रकार का दावा करता है, तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उसी की होगी, इसके लिए मैं उत्तरदायी नहीं रहूँगा। साथ ही, आम जनता, बैंक, वित्तीय संस्थान एवं सम्बंधित व्यक्ति यह ध्यान रखें कि उक्त पुत्र को मेरी सम्पत्ति से कोई अधिकार, हित का दावा प्राप्त नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि हमारी सम्पत्ति भवन संख्या 21/1180डी स्थित इन्दिरा नगर लखनऊ से सम्बन्धित आवन्टन पत्र कहीं खो गया है इसको किसी सहकारी / सरकारी बैंक या संस्था में बन्धक आदि नहीं किया गया है इस सम्पत्ति को केनरा बैंक RAH अवध विभूति खण्ड में बन्धक कर ऋण लिया जा रहा है। वाचस्पति पाठक पुत्र हीरा लाल पाठक, निवासी– 21/1180डी इन्दिरा नगर लखनऊ

**सूचना**

Flat No- A–36/34/01, तल–तृतीय, टाईप–आश्रय–1, ब्लाक–A–36, सुलभ आवास योजना, स्थित– सेक्टर–1, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0 में है। उपरोक्त सम्पत्ति को लखनऊ विकास प्राधिकरण अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के माध्यम से श्री विनय त्रिपाठी व श्रीमती संजू त्रिपाठी के पक्ष में आंवटन किया है। उपरोक्त सम्पत्ति का मूल आंवटन पत्र मेरे द्वारा कही खो गया है। जिसका प्रयोग किसी व्यकित या अन्य द्वारा अवैध माना जायेगा।

**सम्पत्ति स्वामी – विनय त्रिपाठी**

# अमृत विचार

बुधवार, 17 दिसंबर 2025






अगर आप खुद को कमजोर समझते हैं, तो आप सबसे बड़ा पाप करते हैं।

**-स्वामी विवेकानंद**, विचारक

## सांसों पर संकट

दिल्ली में सांस-सांस संकटाकीर्ण है। यह प्रदूषण का आपातकाल है। वायु गुणवत्ता सूचकांक के खतरनाक स्तर पर पहुंचने और एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम द्वारा अगले छह दिनों तक इसे 'बहुत खराब' श्रेणी का बने रहने का पूर्वानुमान लगाए जाने के बाद ऐसा लगता है कि कभी चीन के शहरों में लगने वाले एयर पॉल्यूशन इमरजेंसी को लागू करने का समय आ गया है। जब सीएक्यूएम द्वारा पहले ग्रैप-3 और फिर ग्रैप-4 लागू करने, 50 फीसद कर्मचारियों का वर्क फ्रॉम होम, बीएस-4 बड़े व्यावसायिक वाहनों पर रोक, निर्माण गतिविधियां बंद, स्कूल हाइब्रिड मोड, कचरा या ईंधन जलाने पर प्रतिबंध, डीज़ल जनरेटर, आरएमसी प्लांट, स्टोन क्रशर, ईंट भट्ठे और खनन पर रोक लगाने के बावजूद हालात नहीं सुधरे तो यह मानना होगा कि मौजूदा उपाय आवश्यक तो हैं, पर अपर्याप्त हैं।

जब एक्यूआई खतरनाक सीमा पार हुआ तो चीन के बीजिंग, शंघाई जैसे शहरों ने ग्रेडेड नहीं, बल्कि पूर्ण आपातकाल अपनाया। निजी वाहनों पर व्यापक प्रतिबंध, उद्योगों का अस्थायी शटडाउन, स्कूलों की पूर्ण ऑनलाइन शिफ्ट, सार्वजनिक परिवहन को निःशुल्क बनाया, सख्त प्रवर्तन लागू किया। लंदन ने लो-एमिशन ज़ोन, पेरिस ने कार-फ्री डे और सियोल ने रियल-टाइम चेतावनी के साथ कड़े ट्रैफिक नियंत्रण लागू किए। दिल्ली-एनसीआर को भी ऐसे निर्णायक, अल्पकालिक कठोर कदम उठाने होंगे। समस्या केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है। पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों में भी हवा बिगड़ चुकी है। यहां क्षेत्रीय दृष्टिकोण जरूरी है- राज्यों के बीच साझा कार्ययोजना, पराली प्रबंधन में वित्तीय प्रोत्साहन, ईंट भट्ठों का तेजी से स्वच्छ तकनीक में रूपांतरण, शहरी धूल नियंत्रण और ट्रक-बसों के उत्सर्जन की सख्त जांच बहुत जरूरी है। यूपी सरकार ने इस बाबत सख्ती बरते जाने की घोषणा की है। पर निरीक्षण, चालान और प्रतिबंध का असर तभी होगा, जब स्थायी प्रवर्तन और पारदर्शी डेटा साझा किया जाए। एयर मॉनिटरिंग की कमी भी एक बड़ी बाधा है। राजधानी में 40 स्टेशन हैं, जबकि अधिकांश शहर सिंगल डिजिट में। लो-कॉस्ट सेंसर, मोबाइल मॉनिटरिंग व निजी-शैक्षणिक साझेदारी से नेटवर्क तेजी से बढ़ाया जा सकता है। डेटा जितना व्यापक होगा, नीति उतनी सटीक बनेगी।

प्रदूषण का असर केवल नागरिकों तक सीमित नहीं- जानवर, पक्षी और शहरी जैव-विविधता भी इससे प्रभावित हैं। आश्रय, पानी के स्रोत और पशु-चिकित्सा तैयारियों पर सरकारों को समानांतर ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ्य के मोर्चे पर, जब सर्वेक्षण बताते हैं कि दिल्ली की 80 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रदूषण संबंधी बीमारी से जूझ रही है, तो स्वास्थ्य क्षति के मुआवजे, बीमा प्रीमियम में राहत और प्रदूषण-जनित रोगों के लिए विशेष फंड पर विचार अनिवार्य है। प्रदूषण निवारण केवल सरकारों का काम नहीं। जनता की भागीदारी- कारपूलिंग, कचरा न जलाना, स्वच्छ ईंधन, शिकायत ऐप्स का उपयोग- निर्णायक भूमिका निभा सकती है। आज अदालती सुनवाई के बाद प्रशासन निर्णायक कार्रवाई के लिए कितना बाध्य होगा, देखना होगा।

### प्रसंगवश

## समुद्र का मौन कैदी 'क्षामेन्क' और नैतिकता

अर्जेंटीना के तट पर स्थित एक छोटा-सा समुद्री पार्क आज संसार के सबसे गूंगे श्रुति-स्थलों में से एक बन चुका है। पार्क के कंक्रीट के टैंक में जल-उमड़ की आवाज नहीं, बल्कि एक स्थिर सन्नाटा है। उस सन्नाटे का नाम है क्षामेन्क। यह एक ऑर्का व्हेल (समुद्री व्याघ्र मछली) है, जो पिछले तैंतीस वर्षों से कैद में है और बीस वर्षों से पूरी तरह अकेले है। दक्षिण अमेरिका में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन के लिए बनी हुई यह आखिरी ऑर्का है। उसका टैंक आकार में उसके ही शरीर के लिए बहुत छोटा है। एक फीका पड़ा अंडाकार कटघरा, जिसमें धूप से उजला कंक्रीट और क्लोरीनयुक्त पानी है। घंटों तक वह बिल्कुल निष्क्रिय तैरता रहता है। वहां लहरें नहीं, वहां जीवन नहीं, वहां सिर्फ प्रतीक्षा है। उसकी कहानी आज सिर्फ एक जीव की नहीं, बल्कि उन अनगिनत समुद्री प्रजातियों की कहानी है, जिन्हें हमारी मानव-मनोरंजन की भूख ने समुद्र से काट लिया है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

व्हेल, डॉल्फिन और ऑर्का जैसी प्रजातियां पृथ्वी की सबसे जटिल, सबसे सामाजिक और सबसे बुद्धिमान जीवों में गिनी जाती हैं। जंगल में नहीं, समुद्र की अनंत गहराई में, ये प्रजातियां मातृवंशीय समूहों में रहती हैं, ध्वनि-भाषा सीखती हैं, शोक मनाती हैं, सहयोग करती हैं। रोजाना सौ किलोमीटर से अधिक दूरी तय करना इनके लिए सहज है। किंतु जब इन्हें समूह से अलग कर कैद में रखा जाता है, तो यह केवल बंदीकरण नहीं, बल्कि उनका संवेदनात्मक ढहना है।

वैज्ञानिक आंकड़ों के अनुसार, ऑर्का की वैश्विक आबादी कम-से-कम पचास हजार अनुमानित है। कुछ स्थानों पर यह संख्या और अधिक बताई गई है, किंतु निरंतर गिरावट की आशंका भी जताई गई है। उदाहरण के लिए अंटार्कटिक सागर के दक्षिणी भाग में अकेले लगभग 25 हजार ऑर्का हो सकते हैं।

इन विशाल और बुद्धिमान जीवों के लिए समुद्र-आश्रय उपयुक्त था, लेकिन मानव गतिविधियों ने उन्हें उनके प्राकृतिक घर से बाहर निकाल दिया। क्षामेन्क की ही तरह, ये जीव न केवल प्राकृतिक घर खो रहे हैं, बल्कि उनका जीवन प्रदर्शन भी मानव मनोरंजन के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। पार्कों में बताया जाता है कि ये व्हेल-डॉल्फिन हमारी पृथ्वी के राजदूत हैं, प्रकृति और मनुष्य के बीच सेतु हैं। परंतु हर टिकट, हर शो उस संदेश के विपरीत सिद्ध हो रहा है। यह मात्र दृश्य-मनोरंजन बन जाता है और उस मनोरंजन के पीछे पड़ा है, एक भय-विषाद और उपेक्षा की कहानी।

वर्ष 2013 में भारत सरकार ने डॉल्फिनों को 'गैर-मानव व्यक्ति' का दर्जा दिया था। यह दुनिया में ऐसा पहला कदम था, जिसने यह माना कि अत्यधिक बुद्धिमत्ता और संवेदनशीलता वाली प्रजातियों को मनोरंजन के उद्देश्य से कैद में रखना न केवल अनैतिक है, बल्कि समय की मांग के अनुरूप नहीं है। इसके बाद भारत ने डॉल्फिन शो व मनोरंजन-उद्देश्य प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत की गंगा-डॉल्फिन का संरक्षण भी इसी दृष्टिकोण का उदाहरण है, जहां नदी की सफाई अभियान और जलीय पारितंत्र के पुनरुद्धार में इन जीवों की भूमिका सामने रखी गई है। मनोरंजन के नाम पर वन्य जीवन को कैद में रखना अब विवेचना का विषय बन गया है। फ्रांस ने डॉल्फिन शो बंद कर दिए हैं। कनाडा ने मनोरंजन-उद्देश्य के लिए व्हेलों व डॉल्फिनों का प्रजनन व आयात बंद कर दिया है। अमेरिका में कुछ समुद्री पार्कों ने अपने गेट बंद कर दिए हैं। परंतु क्षामेन्क जब तक उसी टैंक में तैरता रहेगा, हमारा सवाल अनुत्तरित रहेगा। क्या हमने वास्तव में उसकी आजादी की ओर कदम उठाया है?

# पीडीए की काट है पंकज का चुना जाना





दिग्विजय सिंह
कानपुर

बिहार विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत से उत्साहित भाजपा ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां अभी से ही शुरू कर दी हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव के पीडीए की काट के लिए पार्टी ने अपने परंपरागत मतदाता कुर्मी जाति के पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है। केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री का पद संभाल रहे पंकज की कुर्मी ही नहीं यादव, नाई आदि जातियों में भी मजबूत पकड़ है। पिछड़ी जाति में मजबूत पकड़ रखने वाले पंकज चौधरी पर उन मतदाताओं को वापस लाना है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से छिटक कर इंडिया गठबंधन के साथ चले गए थे। खासकर कुर्मी मतदाताओं ने तो भाजपा को बड़ा झटका दिया था। परिणामस्वरूप भाजपा बुंदेलखंड की हमीरपुर-महोबा, चित्रकूट-बांदा, जालौन-भोगनीपुर, फतेहपुर आदि सीटों पर हार गई थी। 2014 में 71 और 2019 में 62 सीटें जीतने वाली भाजपा को 2024 में 33 सीटों से ही संतोष करना पड़ा था, जबकि सपा ने 37 सीटें जीत ली थीं।

2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने संविधान बचाओ का नारा दिया था। आरोप लगाया था कि यदि भाजपा सत्ता में आई और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, तो वे डॉ. भीमराव आंबेडकर का संविधान बदल देंगे। उनके द्वारा गढ़ा गया, यह नैरेटिव दलित और पिछड़ी जाति के मतदाताओं के दिलों में उतर गया था। इसका नतीजा यह हुआ कि पार्टी को अयोध्या जैसी सीट पर भी सपा उम्मीदवार के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

बुंदेलखंड की तरह ही पूर्वांचल की बलिया समेत कई सीटों पर पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। अब संविधान बदलने का मुद्दा खत्म हो चुका है। कांग्रेस और सपा के पास अगर कोई मुद्दा है, तो वह है वोट चोरी का। राहुल गांधी बिहार में भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाकर मैदान में उतरे थे, हालांकि उनके गठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस हो या सपा इस मुद्दे को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में पंकज चौधरी के पास अब मौका है कि वे भाजपा से दूर हुए दलित और पिछड़ी जाति के मतदाताओं को पुनः भाजपा से जोड़ें। उम्मीद लगाई जा रही है कि उनकी नई टीम में जातीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि अखिलेश यादव के पीडीए की धार को पूरी तरह से कुंद किया जा सके।

गोरखपुर के घंटाघर हरबंश गली के घर में जन्मे पंकज चौधरी राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजनीतिक पारी की शुरुआत 1989 में गोरखपुर नगर निगम के पार्षद चुनाव के साथ की थी। वे यह चुनाव जीते भी थे। वह गोरखपुर नगर निगम के उप महापौर भी रह चुके हैं। 1989 में जब गोरखपुर जिले का बंटवारा हुआ और महाराजगंज जिला बना, तो वे वहां शिफ्ट हो गए और उसे ही अपनी राजनीति का केंद्र बनाया। उनके बड़े भाई प्रदीप चौधरी एक बार और उनकी मां उज्ज्वला चौधरी दो बार महाराजगंज जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी हैं।

1991, 1996, 1998 में लगातार तीन बार सांसद बने पंकज चौधरी 1999 में हार गए थे, हालांकि 2004 में पुनः जीते। 2009 में उन्हें फिर हार का सामना करना पड़ा। अब वे 2014 से लगातार लोकसभा चुनाव जीत रहे हैं, इसीलिए केंद्र सरकार में वित्त राज्यमंत्री का पद संभाल रहे हैं। कुर्मी जाति के मतदाताओं पर उनकी मजबूत पकड़ तो है ही, पिछड़ी जाति के मतदाताओं को भी उनकी राजनीति खूब रास आती है।

यूपी में भाजपा की राजनीति पिछड़ी जाति के ही नेताओं के इर्द- गिर्द घूम रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में पिछड़ी जाति के मतदाताओं के मिले अपार समर्थन के बाद मौर्य जाति से आने वाले केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद कुर्मी जाति के स्वतंत्र देव सिंह अध्यक्ष बने। उनके बाद जाटों में मजबूत पकड़ रखने वाले जाट नेता भूपेंद्र चौधरी को कमान सौंपी गई थी और अब पुनः कुर्मी जाति के मजबूत नेता पंकज चौधरी अध्यक्ष बनाए गए हैं।

भाजपा में एक पद का सिद्धांत है, ऐसे में अब पंकज चौधरी के अध्यक्ष बनने के बाद उनका पद रिक्त होगा। ऐसे में उम्मीद है कि यूपी से किसी पिछड़ी जाति के ही नेता को वहां मंत्री बनाया जा सकता है। इसके साथ ही राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार होने की उम्मीद है। यहां कुछ और पिछड़ी और दलित जाति के विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का फोकस पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के साथ ही दलित मतदाताओं पर भी है। चूंकि भाजपा को हराने की ताकत रखने वाले गठबंधन के साथ ही मुस्लिम मतदाता जाता है। ऐसे में सपा के साथ तो इस जाति के मतदाता मजबूती से खड़े हैं।

सपा का ध्यान दलित मतदाताओं पर कुछ ज्यादा दिख रहा है, क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में पिछड़ी जाति के मतदाताओं के साथ दलित मतदाता भी भाजपा से छिटक गया था। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम भी कुर्मी जाति से हैं और वे फतेहपुर से सांसद भी हैं। अब अपनी ही जाति के नेता के भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद उनके लिए चैलेंज बढ़ गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब सपा प्रदेश अध्यक्ष और सपा मुखिया भाजपा के नए कदम के बाद कुर्मी मतदाताओं को पार्टी से छिटकने न देने के लिए कुछ नई रणनीति पर काम करेंगे। पार्टी कुर्मी जाति के बड़े नेताओं की सक्रियता बढ़ा सकती है, ताकि नए भाजपा अध्यक्ष के असर को कम किया जा सके। पंकज चौधरी के अध्यक्ष बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है।

> भाजपा ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव के पीडीए की काट के लिए पार्टी ने पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है।

### आमने



चुनाव आते-जाते रहते हैं, लेकिन कांग्रेस का एजेंडा आज भी सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इर्द-गिर्द ही घूमता है। ऐसे जहरीले बोल सड़क से नहीं, बल्कि पार्टी की शीर्ष नेतृत्व से निकलते हैं। यह सामान्य राजनीतिक विरोध नहीं, व्यक्तिगत दुर्भावना का प्रदर्शन है, जो खतरनाक है।

**-अमित मालवीय**
बीजेपी नेता

### सामने



रामलीला मैदान में कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान दिया नारा जनता के गुस्से की अभिव्यक्ति है और मैं बयान पर कायम हूं। नारा राजनीतिक आलोचना का हिस्सा है। जनता सरकार से परेशान है और वही गुस्सा उनके शब्दों में दिखाई दिया है।

**-मंजु लता मीणा**
महिला कांग्रेस अध्यक्ष, जयपुर

# डिजिटल डेटाः मर्यादा व भरोसे का नया ढांचा



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

भारत का डिजिटल परिवेश तेजी से बदल रहा है, पर इस बदलाव के साथ एक स्पष्ट विरोधाभास भी उभर कर सामने आया है, जहां डिजिटल सेवाएं नागरिकों की दिनचर्या में गहराई तक पैठ बना चुकी हैं, वहीं निजी डेटा को लेकर फैली अव्यवस्था वर्षों से अनदेखी होती रही। डिजिटल ऐप हों या ऑनलाइन सेवाएं- अधिकांश कंपनियां लोगों की गतिविधियों, पसंद, स्थान और व्यवहार से जुड़े आंकड़े लगातार इकट्ठा करती रहीं, लगभग ऐसे जैसे कि नागरिक की निजी जानकारी का अपना महत्व और संवेदनशीलता है ही नहीं। इस अनियंत्रित विस्तार के बीच सवाल उठना स्वाभाविक था कि क्या तकनीकी विकास नागरिक अधिकारों से ऊपर रखा जा सकता है।

यही पृष्ठभूमि डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम और उसके हाल में अधिसूचित नियमों को विशेष महत्व देती है। अधिनियम की भाषा और ढांचा कुछ अहम परिभाषाओं पर आधारित है, जिन्हें समझना जरूरी है। डेटा फिड्युसरी वह संस्था है, जो तय करती है कि व्यक्तिगत डेटा क्यों और कैसे लिया जाएगा। डेटा प्रिंसिपल वह व्यक्ति है, जिससे वह डेटा संबंधित है और बच्चों या दिव्यांगों के मामले में इसमें अभिभावक शामिल होते हैं। डेटा प्रोसेसर वे इकाइयां हैं, जो फिड्युसरी की तरफ से डेटा को संभालती हैं। सहमति प्रबंधक वह तंत्र होगा जो नागरिकों को अपनी सहमति को एक पारदर्शी मंच पर नियंत्रित करने का विकल्प देगा और किसी भी विवाद की अपील का रास्ता टीडीसैट तक जाता है। यह संरचना तकनीकी रूप से भले सुदृढ़ दिखाई दे, पर इसकी सफलता की असली परीक्षा तभी होगी जब यह व्यवस्था भारतीय डिजिटल व्यवहार और संस्थागत क्षमता के अनुरूप काम कर सके।

अधिनियम सात सिद्धांतों पर टिका है- सहमति, पारदर्शिता, उद्देश्य की स्पष्टता, डेटा की न्यूनतम मात्रा, सटीकता, सीमित समय तक भंडारण और जवाबदेही। ये सिद्धांत किसी भी आधुनिक डेटा संरक्षण कानून की बुनियाद माने जाते हैं। वर्षों तक कंपनियों की नीति रही कि 'जितनी जानकारी मिले, उतनी रख लो।' अब उन्हें केवल आवश्यक डेटा लेने और उसका उद्देश्य स्पष्ट करने की कानूनी बाध्यता होगी। सवाल यह है कि क्या कंपनियां अपने कारोबारी मॉडल को इसके अनुरूप बदलने में सक्षम और इच्छुक होंगी।

सरकार ने कंपनियों को यह बदलाव अपनाने के लिए अठारह महीने का समय दिया है। बड़े डिजिटल कारोबारों को 2027 तक पूरी तरह नियमों के मुताबिक काम करना होगा। यह समय लंबा लग सकता है, मगर जिन कंपनियों के सिस्टम अभी भी पुराने ढर्रे पर टिके हैं, उनके लिए यह तैयारी आसान नहीं होगी। उन्हें नए सॉफ़्टवेयर, नए नियंत्रण ढांचे और ऐसे सिस्टम बनाने होंगे, जो नागरिक के हर अधिकार का तुरंत पालन कर सकें। डेटा कहां है, कब बदला, किसने देखा- यह सब पता लगाने की सुविधा बनानी पड़ेगी। यह खर्चा भी है और क्षमता की परीक्षा भी, पर इससे सबसे बड़ी चीज़ मजबूत होती है- विश्वास।

नए नियमों में कहा गया है कि सहमति स्पष्ट और सरल भाषा में ली जाएगी, और नागरिक जब चाहें इसे वापस ले सकेंगे। यह भी अनिवार्य किया गया है कि किसी डेटा उल्लंघन की स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल सूचित किया जाए, लेकिन व्यवहारिक कठिनाइयां यहीं से शुरू होती हैं। भारत में अनेक छोटी और मध्यम कंपनियों के पास ऐसे तकनीकी ढांचे ही नहीं हैं, जो इन दायित्वों को समयबद्ध ढंग से पूरा कर सकें। बड़ी कंपनियां भी अपने पुराने सिस्टम को नए मानकों के अनुरूप ढालने में चुनौतियों का सामना करेंगी, इसलिए यह मान लेना कि पूरी डिजिटल अर्थव्यवस्था बिना अड़चन इस बदलाव को अपना लेगी, यथार्थवादी नहीं होगा।

सरकार ने डेटा संरक्षण बोर्ड को पूरी तरह डिजिटल तरीके से काम करने वाला निकाय बनाया है। शिकायतें ऑनलाइन दर्ज होंगी और सुनवाई भी डिजिटल होगी। इससे प्रक्रिया तेज़ और पारदर्शी हो सकती है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि बोर्ड कितनी स्वतंत्रता और दक्षता के साथ काम कर पाता है। नियामक संस्थाओं की कार्यक्षमता को लेकर भारत का अनुभव मिला-जुला रहा है।

निजता और सूचना के अधिकार के बीच संतुलन भी एक महत्वपूर्ण विषय है। संशोधन यह स्पष्ट करता है कि निजी जानकारी तभी साझा होगी जब जनहित बड़ा हो। यह प्रावधान संतुलित लगता है, लेकिन इसके इस्तेमाल में सावधानी की बहुत ज़रूरत होगी। पारदर्शिता की मांग और निजता की सुरक्षा, दोनों लोकतांत्रिक ढांचे की बुनियाद हैं। किसी एक को कमजोर करते हुए दूसरे को मजबूत करने की प्रवृत्ति लंबे समय में संस्थागत पारदर्शिता को नुकसान पहुंचा सकती है।

कुल मिलाकर, डेटा संरक्षण का मौजूदा ढांचा उम्मीद जगाता है, पर इसका वास्तविक प्रभाव तभी सामने आएगा, जब कानून के पीछे की भावना व्यवहार में भी उतनी ही साफ़ दिखाई दे। कंपनियों को अपनी प्रणालियों में सुधार करना होगा, सरकार को अपने अधिकारों का संयमित उपयोग करना होगा और नागरिकों को अपने अधिकारों की जानकारी रखनी होगी। तीनों मोर्चों में किसी भी ढील का अर्थ होगा कि यह ढांचा केवल कागज़ों पर मजबूत दिखेगा, व्यवहार में नहीं।

> सरकार ने डेटा संरक्षण बोर्ड को पूरी तरह डिजिटल तरीके से काम करने वाला निकाय बनाया है। शिकायतें ऑनलाइन दर्ज होंगी और सुनवाई भी डिजिटल होगी।

### सोशल फोरम

## ध्यान से सुनें, खंडहर की दीवारें बातें करती हैं!

एक लफ़्ज़ है खंडहर, जिसमें कितने ही अल्फ़ाज़ गूंथे हैं। कितना कुछ है जो यह एक अकेला लफ़्ज़ निगल गया। जब किसी ने एक ख़्वाब देखा होगा कि हम यहां अपनी दहलीज़ बनाएंगे। वह दहलीज़ जिसकी पीठ पर एक मुस्कुराता सा घर होगा। उसमें मेहराबें, दर-ओ-दीवार, ताखें और उन ताखों में रखे चराग़, बेजान दीवारों को सांस बख़्शेंगे।



हफीज किदवई
ब्लॉगर

बरामदे में पड़े तख़्त पर कोई आवाज़ देगा, अरे ठहर जाओ, दम लो ज़रा, मेरे नज़दीक तो आओ। क्या बूढ़े लोगों के साय तुम्हें काटते हैं और फिर तुम खिसियाकर कहोगे, नहीं-नहीं, बस आप ही के पास तो आ रहे थे। आंगन से कोई हम उम्र इशारा करेगा, अरे यार! पिछली खिड़की से पार हो लो, वरना यह लंबा फंसाएंगी।

अजीब कशमकश, एक तरफ़ दिल है कि बाहर जाने को बेताब, पैर हैं कि बुजुर्गों की आवाज़ में बंधे चले जा रहे। मैं बड़ी कोशिश करता हूं, इनसे निकलने की, अपने आंगन की यादों और नए आसमान के बीच एक डोर बनाने की, मगर फिर कोई फूहड़ों की तरह कह देता है, कहां फंसे हो खंडहरों में!

कौन बताए कि यार यह खंडहर नहीं हैं। यह तमाम दास्तानों का कब्रिस्तान नहीं हैं। अरे इसमें मुझे पानदान उठाए कोई दिखता है। तो कोई चाय की प्याली लिए खड़ा मिलता है। कोई बेले के फूल चुनता, तो कोई कामदानी के काम में सर झुकाए दिखता है। कोई कंधे पर हाथ रखकर दुआएं देता निकल जाता है। तो कोई कान खींचकर यह कहते हुए लखौरियों में खो जाता है कि अब हमारी याद आई है।

मैं ऐसी हर दीवार, ऐसे हर दर, ऐसे हर बरामदे, ऐसे हर आंगन में खो जाता हूं। जहां कभी जिंदगियां न जाने कौन-कौन से ख़्वाब देख रहीं थीं! मगर जैसे ही कोई इन्हें 'खंडहर' कहकर पुकारता है। मेरा दिल लरज़ जाता है। सोचता हूं कि कितनी जिंदगियां यहां गुलज़ार थीं। इसमें हंसते-मुस्कुराते लोगों ने कब सोचा था कि एक रोज़ उनके जिस्म के साथ दीवारें भी मुर्दा ही जाएंगी। सफ़ेद दुपट्टा ओढ़े कितनी ही बूढ़ी औरतों ने इन घरों को ज़िंदा रखा। वह गुज़रीं इधर-उधर उनके बच्चों ने इन बरामदों को दो दिन में यतीम कर दिया।

मुझे चूने से पुती इन दीवारों से अलग कोई खींच ले जाता है। यह कहते हुए, कहां इन खंडहरों में गुम हो, उसे क्या पता, एक खंडहर तो दिल में भी मौजूद है,उससे कैसे बाहर निकलोगे दोस्त...!

### सामयिकी

## राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों से उम्मीदें और यथार्थ

हम सबने प्रचलित मुहावरा सुना है- 'दीपक तले अंधेरा'। यह सच है कि चाहे दीपक हो, बल्ब या मोमबत्ती, उसके नीचे तल पर अंधेरा रहता ही है। कोठारी आयोग ने 1968 में देश को पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति दी। दूसरी नीति 1986 में आई और फिर 34 वर्षों बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू हुई। कागजों पर रंगीन सपने सजाए गए, उम्मीदों के सुंदर-सुंदर रंग बिखेरे गए, कुछ बदलाव धरातल पर भी दिखे, जैसे- शिक्षा सबके लिए सुलभ हुई, सार्वभौमिक लक्ष्य स्पष्ट हुए। मैकाले की 1835 की नीतियों की विसंगतियां उजागर हुईं। शिक्षकों के लिए इन-सर्विस प्रशिक्षण, क्लस्टर रिसोर्स केंद्र, ब्लॉक रिसोर्स सेंटर, डाइट जैसी व्यवस्थाएं बनीं। अब स्कूल शिक्षा 10+2 की जगह 5+3+3+4 प्रारूप की शुरुआत हो रही है।



रमाकांत प्रसाद
पूर्व प्राचार्य

अंतिम हितधारक- बच्चा, उसके कक्षा-कक्ष से होते हुए व्यापक समाज तक मूल्यपरक, जीवनोपयोगी शिक्षा को उच्च आदर्श के साथ लक्ष्य तक पहुंचने का ठोस रोडमैप और क्रियान्वयन का सजग तंत्र आज भी अधूरा और बिखरा हुआ है। अब फिर मुहावरे पर लौटते हैं- 'दीपक तले अंधेरा'। सोचिए, यदि दीपक के चारों ओर दर्पण लगा दिए जाएं, तो क्या उसके नीचे अंधेरा रहेगा? उत्तर स्पष्ट है- नहीं। दर्पण प्रकाश को हर दिशा में फैलाकर उन हिस्सों को भी उजागर कर देता है, जो पहले अंधेरे में थे।

शिक्षा के क्षेत्र में यह दर्पण है- चिंतनशील शिक्षक। ऐसा शिक्षक जो रचनात्मकता और नवाचार के माध्यम से बच्चों को ज्ञान निर्माण के 360 दृष्टिकोण से जोड़ता है। वह हर तरफ से अनुभव के अवसर सृजित करता है, बच्चों को उनकी अपनी इंद्रियों से सीखने का मौका देता है और दर्पण की तरह उन्हें उनकी क्षमता का प्रकाश दिखाता है। यही शिक्षक शिक्षा को जीवंत बनाता है, संप्रेषण कौशल, समस्या समाधान की दक्षता, विकसित करने के लिए प्रेरित करता है और सही मायनों में संसार को जानने की दिशा में सही एवं तार्किक मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह कथन सर्वथा उचित है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने वाले निर्माता हैं। उनकी भूमिका जितनी मजबूत होगी, राष्ट्र उतना ही सशक्त और विकसित होगा। वर्तमान परिस्थिति में शिक्षक खासकर प्राथमिक शिक्षक के चुनौतियों को अकादमिक और गैर-अकादमिक, एसआईआर में मतदाता पहचान सुनिश्चित करने के लिए बीएलओ ड्यूटी के साथ जोड़कर देखते हैं। यदि शिक्षक सामाजिक पृष्ठभूमि को नहीं समझते, तो वे बच्चों की वास्तविक जरूरतों और समस्याओं को पहचान नहीं पाएंगे।

शिक्षकों को गैर-शैक्षिक दायित्व देना मतदाता पहचान सुनिश्चित करने के लिए एसआईआर या बीएलओ ड्यूटी में लगाना- कितना उचित या अनुचित है। इसे समाज, चुनाव आयोग, न्यायालय और स्कूल के नजरिए से समझने की कोशिश करतें हैं। हर विद्यार्थी अलग सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आता है। शिक्षक को केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सामाजिक संदर्भ को भी समझना जरूरी है। यही समझ शिक्षा को जीवन से जोड़ती है और बच्चों को सही दिशा देती है। संदीपनी आश्रम में कृष्ण और सुदामा की शिक्षा का उल्लेख हमें मिलता है, जहां शिक्षा केवल शास्त्रों तक सीमित नहीं थी। इसमें धनुर्विद्या, राजनीति, नैतिकता, कृषि, पशुपालन जैसे व्यावहारिक विषय भी शामिल थे। गुरुकुल के विद्यार्थी आश्रम के कार्यों में भाग लेते थे। जल लाना, लकड़ी लाना, भोजन बनाना। इससे शिक्षा जीवन से जुड़ी रहती थी और अहंकार दूर होता था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।





# प्रो. राय ने रेखांकन से किया भारतीय विरासत को जीवंत

प्रो. हरीश चंद्र राय के यथार्थवादी शैली में गतिशील रेखांकन इतने सजीव दिखते हैं कि ऐसा लगता है कि अभी बोल पड़ेंगे। प्रो. हरीश के रेखांकन अजंता, एलोरा, राजपूत और मुगल शैलियों पर आधारित हैं। उन्होंने रेखांकन और चित्रों के माध्यम से भारतीय विरासत की आत्मा को जीवंत किया है। वह न केवल शानदार चित्रकार और मूर्तिकार थे, बल्कि एक अच्छे शिक्षक भी थे। शिमला से पहले उन्होंने बरेली कॉलेज में भी अपनी सेवाएं दी थीं। वह ताउम्र कला और रंगों की दुनिया में सितारे की तरह चमकते रहे। उन्होंने कला क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया। वह हिमाचल में आर्ट्स कॉलेज के फाउंडर प्रिंसिपल भी रहे। हिमाचल सरकार ने उनकी कला को सराहा और राज्य संग्रहालय शिमला में हरिश चंद्र कला दीर्घा की स्थापना की। भले ही आज वे हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनकी कलाकृतियां कलाप्रेमियों के दिलों में हैं।

*–रामराज मिश्रा, बरेली*



27 मई वर्ष 1923 को बरेली के मोहल्ला मलूकपुर में हरीश चन्द्र राय का जन्म हुआ था। उन्होंने लखनऊ स्थित आर्ट्स कॉलेज से स्नातक किया था। वे लंबे समय तक वह बरेली कॉलेज में हिंदी-कला के शिक्षक रहे। उन्होंने बरेली कॉलेज में सोसाइटी ऑफ आर्ट्स का गठन किया। इसी सोसाइटी के माध्यम से एक रेखांक केंद्रित पुस्तक क्रिएशन ऑफ आर्ट्स 1952 में प्रकाशित हुई थी। बड़े बाजार की एक इलेक्ट्रिक प्रेस से इसका मुद्रण बीएस वर्मा ने किया था। हरीश चंद्र ने शिमला में 1961 से 1979 तक सेवाएं दीं। वह पोर्ट्रेट, सीनरी आदि बनाने में ऑयल, वाटर और पेस्टिल कलर का इस्तेमाल करते थे। उन्होंने 96 वर्ष तक निरंतर कला का सर्जन किया। हिमाचल सरकार ने वर्ष 2001 में उन्हें अचीवमेंट पुरस्कार से भी नवाजा। आजादी से पहले उन्होंने ब्रिटिस सेना में आर्टिस्ट के रूप में सेवाएं दी थीं।



## सर्वपल्ली राधाकृष्णन का बनाया था लाइव स्कैच

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जब उपराष्ट्रपति थे, तब वह वर्ष 1955 में बरेली कॉलेज के दीक्षांत समारोह में आए थे। वहां हरीश चंद्र राय ने उनका लाइव पेंसिल स्कैच बनाया था, जिस पर डॉ. सर्वपल्ली के हस्ताक्षर भी हैं। हरीश चंद्र राय प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु शिवानंद के शिष्य थे। उन्होंने अपने गुरु का भी पेंसिल स्कैच तैयार किया था, जिस पर उनके गुरु के हस्ताक्षर हैं। उनके रेखांकन यथार्थवादी शैली में हैं। उन्होंने हस्त मुद्राएं, पैर की मुद्राओं का रेखांकन किया। भाव-भंगिमा को व्यक्त करने के लिए उन्होंने वन लाइन स्कैच बनाए। मुगल, पहाड़ी और राजस्थानी शैली के एक चश्म (आंख), चेहरे भी बनाए, ताकि मुखाकृतियों का अध्ययन बारीकी से किया जा सके। जमीन पर बैठे और खड़े लोगों के चित्र अलग-अलग मुद्राओं में बनाए हैं। शिमला में रहते हुए उन्होंने पहाड़, जंगल और पर्वत के प्राकृतिक दृश्यों को भी उकेरा, जिसमें उन्होंने फोटोग्राफी का सहारा नहीं लिया। जैसे आंखों की बनावट, साफ सुथरे नाक-नक्श, अंगुलियों का लचीलापन है, जो श्रेष्ठ रेखांकन में विशेषाएं होती हैं, वह सभी उसमें विद्यमान हैं।

## दिग्गज चित्रकारों का मिला सानिध्य

हरीश चंद्र राय के कला गुरु एवं प्रसिद्ध चित्रकार एके हलदर, श्रीधर मजूमदार, एलएम सेन रहे, जिनके सानिध्य में उन्होंने काम किया। उनकी पुत्री एवं रंगकर्मी अमला राय ने बताया कि 2023 में पिता के जन्मशताब्दी वर्ष पर शिमला में कला उत्सव का आयोजन किया था। अब हर साल पिता की स्मृति में कला उत्सव का आयोजन होता है। पिता के कला पक्ष के संदर्भ में उन्होंने बताया कि पिताजी का ध्यान स्कैचिंग पर ज्यादा रहता था। वह अभ्यास के लिए अपने छात्रों को भी यही सीख देते थे। जीवनभर वह कला में ही रमे रहे। 30 अक्टूबर 2018 को मुंबई में उनका निधन हुआ था।



## प्रारंभिक रेखांकन का अनमोल संग्रह

'प्रो. हरीश चंद्र राय के रेखांकन' पुस्तक के संपादक बरेली निवासी हरिशंकर शर्मा कहते हैं कि पुराने कलाकारों की कलाकृतियां तो मिल जाती हैं, मगर आरंभिक कार्य दुर्लभ होते हैं। यह पुस्तक उनकी प्रारंभिक रेखांकन का अनमोल संग्रह है, जो कला जगत के लिए महत्वूपर्ण है। यह पुस्तक हरीश चंद्र राय की बेटी अमला राय को समर्पित है।

आर्ट गैलरी

## विंसेंट वान गॉग की पेंटिंग आइरिस



आइरिस डच कलाकार विंसेंट वान गॉग की एक ऑयल पेंटिंग है। इसे उन्होंने 1889 में बनाया था। यह एक लैंडस्केप है, जिसमें क्रॉप किया हुआ कंपोजिशन है और यह उन कई सौ पेंटिंग्स में से एक है, जो वान गॉग ने 1890 में अपनी मौत से एक साल पहले फ्रांस के सेंट-रेमी-डी-प्रोवेंस में सेंट पॉल-डी-मौसोल पागलखाने में बनाई थीं। यह 1990 से लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में द गेटी के परमानेंट कलेक्शन में है। यह पेंटिंग जीवंत रूप से खिलते हुए आइरिस के फूलों को डायनामिक ब्रशस्ट्रोक के साथ दिखाती है। फूल गहरे नीले और बैंगनी रंगों का मिश्रण हैं, जो हरे पत्तों, लाल-नारंगी मिट्टी और बैक ग्राउंड में पीले फूलों के साथ कंट्रास्ट बनाते हैं। वैन गॉग की खास इंपेस्टो तकनीक पेंटिंग में टेक्सचर और मूवमेंट जोड़ती है, जिससे एक जोशीला और एक्सप्रेसिव एहसास होता है।

### वान गॉग के बारे में



विंसेंट वान गॉग का जन्म 30 मार्च 1853 को नीदरलैंड के एक छोटे से गांव में हुआ था। अपने शुरुआती जीवन में, उन्होंने एक कला डीलर, शिक्षक और उपदेशक के रूप में काम किया, लेकिन उन्हें कहीं भी सफलता नहीं मिली। 27 साल की उम्र में, उन्होंने कला को अपना करियर बनाने का फैसला किया और अपने भाई थियो के वित्तीय सहयोग से पूरी तरह पेंटिंग के लिए समर्पित हो गए। अपने दस साल के कलात्मक करियर में, वान गॉग ने 2,000 से अधिक कलाकृतियां बनाईं, जिनमें लगभग 860 ऑयल पेंटिंग शामिल हैं। उनकी शैली बोल्ड रंगों, नाटकीय और अभिव्यंजक ब्रश स्ट्रोक और कंटूर्ड रूपों के लिए जानी जाती है, जिसने आधुनिक कला पर एक बड़ा प्रभाव डाला। उनकी कुछ सबसे प्रसिद्ध कृतियों में आइरिस, द स्टारी नाइट (The Starry Night), सनफ्लॉवर्स (Sunflowers), द पोटैटो ईटर्स (The Potato Eaters) और द बेडरूम (The Bedroom) शामिल हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी में सिर्फ दो पेंटिंग बेचीं और वे भी बहुत कम कीमत पर। इसके अलावा उन्होंने अपनी कई पेंटिंग मुफ्त में दे दीं। उनकी जिंदगी में उनके काम की इतनी कम सराहना हुई कि एक पेंटिंग को तो मुर्गी के दड़बे के दरवाजे के तौर पर इस्तेमाल किया गया। उनके निधन के बाद दुनिया ने उनके काम को पहचाना। नवंबर 1987 में न्यूयॉर्क में एक नीलामी में, उनकी पेंटिंग 'आइरिस' (मई 1889) रिकॉर्ड 49 मिलियन डॉलर की कीमत पर बिकी।

रंग-तरंग

## काशी तमिल संगमम

बीते सोमवार 15 दिवसीय प्रसिद्ध काशी तमिल संगमम 4.0 का समापन हुआ। इस वर्ष का संगमम रामेश्वरम में एक विशालसमापन समारोह के साथ खत्म हुआ, जो काशी से तमिलनाडु तक संस्कृति के उद्भव और विकास को सांकेतिक तौर पर पूरा किया गया। संगमम का प्रमुख उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सांस्कृतिक और सभ्यातागत संपर्क को आगे बढ़ाना था। यह आयोजन उत्तर और दक्षिण भारत की संस्कृति के मिलन का उत्सव है। जब भी काशी और तमिल भाषा के




संबंधों की बात होती है, तो एक नाम सबसे प्रमुखता से सामने आता है महर्षि अगस्त्य का। महर्षि अगस्त्य केवल एक ऋषि नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा के वह स्तंभ हैं, जिन्होंने उत्तर और दक्षिण को एक सूत्र में पिरोया। ऋषि अगस्त्य का काशी से गहरा नाता रहा। उन्हें तमिल भाषा का जनक भी माना जाता है। काशी तमिल संगमम 4.0 का यह संस्करण "लेट्स लर्न तमिल -तमिल करकलम" पर आधारित था, जिसमें तमिल भाषा सीखने और भाषा की एकता को संगमम का केंद्र थी। प्रमुख कार्यक्रम में तमिल करकलम (वाराणसी के स्कूलों में तमिल पढ़ाना), तमिल करपोम (काशी क्षेत्र के 300 छात्रों के लिए तमिल सीखने का स्टडी टूर) और ऋषि अगस्त्य वाहन अभियान (तेनकासी से काशी तक सभ्यतागत मार्ग का पता लगाना) शामिल रहा।

# पहाड़ की बेटी ने नृत्य से गढ़ी अपनी राह

नारी सशक्तिकरण

क्या आपने कभी सोचा है कि संसाधनों की कमी और पहाड़ जैसी तमाम परेशानियों का सामना करने वाली छोटे से पहाड़ी कस्बे की बेटी अपनी घरेलू जिम्मेदारियों के बीच अपने हुनर को सोशल मीडिया के माध्यम से एक अंतर्राष्ट्रीय मंच तक ले जा सकती है? लेकिन ऐसा हुआ है और यह कर दिखाया है, उत्तराखंड के पिथौरागढ़ की रहने वाली जानकी रावत ने, जिन्होंने नृत्य के प्रति अपने बचपन के शौक को न केवल एक पहचान बनाया, बल्कि इसे आत्मनिर्भरता का माध्यम भी बना लिया। जानकी आज उन सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं, जो मानती हैं कि उम्र या परिस्थितियां सपनों की राह में बाधा बन सकती हैं।

*–रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा*

जागेश्वर में जन्मीं जानकी रावत को बचपन से ही संगीत का काफी शौक था और पह नृत्य को अपना कैरियर बनाने का सपना देखती थीं। स्कूल, कॉलेज के अलावा आसपास के इलाकों में उन्हें जहां भी अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाने का मौका मिलता। वह उससे नहीं चूकती। कुमाऊं यूनिवर्सिटी से एम.ए. की शिक्षा प्राप्त करने के बाद जानकी का विवाह हुआ। शादी और घरेलू दायित्वों के बावजूद, उन्होंने अपने अंदर के कलाकार को मरने नहीं दिया। स्कूल के दिनों से ही मंच पर अपनी छाप छोड़ने वाली जानकी के लिए पारिवारिक सहयोग एक ऐसी शक्ति बनकर उभरा, जिसने उन्हें अपनी कला को सोशल मीडिया के विशाल मंच पर प्रस्तुत करने का साहस दिया। ससुराल में पारिवारिक जिम्मेदारियों के बाद भी जानकी ने अपने कदम डिगने नहीं दिए। अलग-अलग मंचों पर अपनी प्रस्तुति के साथ ही उन्होंने अपने पति के सहयोग से अपनी प्रतिभा को सोशल मीडिया पर पहचान दिलाने की कोशिश शुरु की। शुरुआत में उन्होंने इंस्टाग्राम पर डांस की रील्स बनाना शुरू किया। उनकी कुमाऊंनी संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। इस सकारात्मक प्रतिक्रिया ने उन्हें यूट्यूब चैनल जानकी रावत ब्लॉग शुरू करने के लिए प्रेरित किया। जिस पर उनकी इस प्रतिभा की सराहना करने वाले दर्शकों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। साथ ही अब सोशल मीडिया जानकी के लिए आजीविका का जरिया भी बन गया है।



### कड़ी मेहनत से मिलने लगा मंचीय सम्मान

पिथौरागढ़ निवासी जानकी रावत की अपने हुनर के प्रति शिद्दत अब रंग लाने लगी है और उन्हें अब मंचीय सम्मान भी मिलने लगा है। वर्ष 2025 जानकी के लिए बेहद खास रहा। इस साल देश की सुप्रसिद्ध संस्कार सांस्कृतिक समिति अल्मोड़ा ने प्रतिष्ठित गोल्ज्यू महोत्सव 2025 में अपने जीवन का पहला स्टेज शो करने का मौका दिया। जानकी ने यहां भी अपने हुनर का जमकर जादू बिखेरा और दर्शकों की खूब वाहवाही भी लूटी।

### आत्मविश्वास बांटने की पहल

जानकी रावत ने अपनी सफलता को केवल व्यक्तिगत नहीं रखा। अपने अनुभव और कोरियोग्राफी के ज्ञान का उपयोग करते हुए उन्होंने अब पिथौरागढ़ में अपनी डांस क्लास शुरू की है। यहां वह सिर्फ नृत्य नहीं सिखाती, बल्कि महिला सशक्तिकरण का बीज बोती हैं। उनकी कक्षा में बच्चियां और महिलाएं अपनी रचनात्मकता को पहचान रही हैं और आत्मविश्वास हासिल कर रही हैं। यह पहल दिखाती है कि एक सफल महिला न केवल खुद आगे बढ़ती है, बल्कि दूसरी महिलाओं के लिए भी रास्ते बनाती है। जानकी की यात्रा यह सिद्ध करती है कि प्रत्येक महिला के अंदर एक अनूठी प्रतिभा छिपी होती है। जरूरत है उसे पहचानने और सही मंच देने की। आपकी परिस्थितियां चाहे जो भी हों, दृढ़ इच्छाशक्ति और परिवार के थोड़े से सहयोग से आप भी अपनी पहचान बना सकती हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### आईओबी में 3% तक हिस्सेदारी ओएफएस के जरिये बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) में तीन प्रतिशत तक हिस्सेदारी का विनिवेश बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये करने का फैसला किया है। बुधवार से शुरू होने वाली इस हिस्सेदारी बिक्री से सरकार को मौजूदा बाजार भाव पर करीब 2,100 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। मंगलवार को बीएसई पर आईओबी का शेयर 1.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 36.57 रुपये पर बंद हुआ। आईओबी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सरकार मूल पेशकश के तहत दो प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 38.51 करोड़ शेयर बेचेगी। इसके अलावा 'ग्रीन शू' विकल्प यानी अतिरिक्त बोली आने पर उसे रखने के तहत अतिरिक्त एक प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 19.25 करोड़ शेयर भी बेचने का विकल्प रखा गया है।

### मिजोरम एडीबी से 10.8 करोड़ डॉलर का ऋण लेगा

**आइजोल।** मिजोरम सरकार राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ 10.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 980 करोड़ रुपये) के ऋण समझौते पर जल्द ही हस्ताक्षर करेगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री लालरिनपुई ने मंगलवार को कहा कि इस ऋण को एडीबी ने इसी महीने 'मिजोरम के लिए सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने हेतु सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को समर्थन' परियोजना के तहत मंजूरी दी है।

### सेबी बोर्ड की बैठक में म्यूचुअल फंड नियमों में बदलाव पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी का निदेशक मंडल वरिष्ठ अधिकारियों के हितों के टकराव पर गठित उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट पर बुधवार को विचार करेगा। अधिकारियों ने कहा कि निदेशक मंडल की बैठक में अनिवासी भारतीयों के लिए केवाईसी मानकों में ढील और 'समापन नीलामी सत्र' शुरू करने का प्रस्ताव शामिल है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय की अध्यक्षता में होने वाली यह चौथी बोर्ड बैठक होगी। पांडेय ने इस साल एक मार्च को पदभार संभाला था।

# कमजोर होते रुपये ने बढ़ाई विदेशी निकासी, दबाव में घरेलू शेयर मार्केट

## सेंसेक्स में लगातार दूसरे दिन 533 अंकों की गिरावट, निफ्टी 167 अंक फिसला

मुंबई, एजेंसी

डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर चले जाने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के बीच मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 533 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 167 अंक की गिरावट रही। यह शेयर बाजार में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। सोमवार को भी बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए थे।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 533.50 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,679.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 592.75 अंक गिरकर 84,620.61 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 167.20 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,860.10 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 1,468.32 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1,792.25 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीद की।



### रुपये में रिकॉर्ड गिरावट से नकारात्मक असर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एफआईआई के लगातार बिकवाली करने और वैश्विक स्तर पर कमजोर धारणा के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये में आई रिकॉर्ड गिरावट ने घरेलू शेयर बाजारों को नकारात्मक दायरे में धकेल दिया। ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, डॉलर के मुकाबले रुपये के 91 के स्तर के पार चले जाने से व्यापक आर्थिक पहलुओं को लेकर चिंता पैदा हुई और निवेशकों ने जोखिम से बचना बेहतर समझा।

### कमजोर डॉलर के आगे भी रुपया बेबस लुढ़ककर सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

91.01@ डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिका मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 23 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 91.01 प्रति डॉलर (अस्थाई) पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में कोई सफलता न मिलने और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से रुपये की विनिमय दर में यह गिरावट आई। कारोबार के बीच रुपया डॉलर के मुकाबले पिछले बंद भाव से 36 पैसे टूटकर 91.14 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था लेकिन अंत में इसमें कुछ सुधार हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि डॉलर के कमजोर होने और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी कमी के बावजूद भी स्थानीय मुद्रा में गिरावट को रोका नहीं जा सका। रुपया पिछले 10 कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले 90 से गिरकर 91 पर आ गया। यह पिछले पांच सत्र में ही डॉलर के मुकाबले एक प्रतिशत लुढ़का है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार रुपये के इस महीने 92 के स्तर को पार करने का अनुमान है।

### विदेशी बाजारों की ओर बढ़े भारतीय निवेशक

**नई दिल्ली।** रुपये में जारी गिरावट ने वैश्विक निवेश को चुनिंदा विकल्प बना दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय निवेशक अब अमेरिकी इक्विटी, सूचकांक और क्षेत्र आधारित ईटीएफ, निजी बाजार सहित दूसरे विदेशी बाजारों में अपनी भागीदारी लगातार बढ़ा रहे हैं। वेस्टेड फाइनेंस की 'हाउ इंडिया इन्वेस्ट्स ग्लोबली 2025' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इससे पोर्टफोलियो बनाने के लिए अधिक सुनियोजित तरीके और वैश्विक बाजार में भागीदारी को लेकर बढ़ते भरोसे का पता चलता है। रिपोर्ट के मुताबिक शोध, डिजिटल साधनों और शिक्षा तक व्यापक पहुंच ने इस बदलाव को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है। रिपोर्ट में कहा गया कि रुपये का लगातार कमजोर होना दीर्घकालिक नतीजों को प्रभावित करता है। विदेशी इक्विटी और ऋण में निवेश वित्त वर्ष 2018-19 में 42.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से चार गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

## स्वास्थ्य सेवा, कृषि क्षेत्र में एआई को बढ़ावे के लिए गूगल देगा 84 लाख डॉलर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने मंगलवार को स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा एवं टिकाऊ शहरों के लिए भारत के एआई उत्कृष्टता केंद्रों को 80 लाख अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। साथ ही, भारत के स्वास्थ्य मॉडल के विकास में सहयोग के लिए 4,00,000 अमेरिकी डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है।

गूगल, भारतीय भाषाओं के समाधान प्रदान करने वाले मॉडल बनाने के लिए ज्ञानीडॉटएआई, कोरोवरडॉटएआई, और भारतजेन को 50,000 अमेरिकी डॉलर का अनुदान भी दे रहा है। गूगल ने कहा कि वह स्वास्थ्य एवं कृषि के लिए बहुभाषी एआई-संचालित अनुप्रयोगों का समर्थन करने के लिए वधवानी एआई को 45 लाख अमेरिकी डॉलर की धनराशि प्रदान कर रहा है। कंपनी की ओर से आधिकारिक घोषणा में कहा गया कि ये घोषणाएं भारत के एआई परिवेश को मजबूत करने के लिए गूगल द्वारा किए गए नये सहयोग एवं वित्त पोषण प्रतिबद्धताओं की एक श्रृंखला को दर्शाती हैं।

# बेरोजगारी दर नवंबर में घटकर 7 माह के निचले स्तर 4.7% पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है। यह इससे पहले अक्टूबर 2025 में 5.2 प्रतिशत थी।

मंत्रालय ने कहा कि नवंबर 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर घटकर नए निचले स्तर 3.9 प्रतिशत पर आ गई, जबकि शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल 2025 में दर्ज किए गए इसके पिछले न्यूनतम स्तर के बराबर है। अप्रैल 2025 में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। बयान के अनुसार कुल मिलाकर रुझान श्रम बाजार की स्थितियों के मजबूत होने का संकेत देते हैं, जिन्हें ग्रामीण रोजगार में बढ़ोतरी, महिला भागीदारी में वृद्धि और शहरी श्रम मांग में क्रमिक सुधार का समर्थन मिला है। नवंबर 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.8 प्रतिशत रह गई, जो अक्टूबर 2025 में 5.4 प्रतिशत थी।

यह गिरावट ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में महिला बेरोजगारी दर में कमी के कारण आई। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.0 प्रतिशत से घटकर 3.4 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 9.7 प्रतिशत से घटकर 9.3 प्रतिशत हो गई। कुल पुरुष बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.6 प्रतिशत रह गई, जो अक्टूबर 2025 में 5.1 प्रतिशत थी। क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2025 में ग्रामीण और शहरी पुरुष बेरोजगारी दर क्रमशः 4.1 प्रतिशत और 5.6 प्रतिशत रही, जबकि इससे पिछले महीने यह क्रमशः 4.6 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत थी।

## बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से एटीएफ बिक्री 4.1% घटी

**नई दिल्ली।** इस महीने की शुरुआत में बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से दिसंबर के पहले पखवाड़े में विमान ईंधन (एटीएफ) की बिक्री चार प्रतिशत से अधिक घट गई।

कोविड महामारी से पैदा हुए व्यवधानों से उबरने के बाद पिछले दो वर्षों से भारत में विमान ईंधन या एटीएफ की मांग लगातार बढ़ रही थी लेकिन बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से दिसंबर 2025 में यह सिलसिला टूट गया। एयरलाइन ने लगभग 5,000 उड़ानें रद्द कीं। एटीएफ बिक्री 1-15 दिसंबर तक 3,31,400 टन रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,45,400 टन था। मासिक आधार पर बिक्री में 7.2% की गिरावट आई। विमान ईंधन के विपरीत इस अवधि में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसे अन्य प्रमुख ईंधन की बिक्री बढ़ी। डीजल की बिक्री सालाना आधार पर लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर 33 लाख टन हो गई। त्योहारी मांग कम होने से इसमें मासिक आधार पर 5.5 प्रतिशत की कमी हुई।

## अमेरिका में नवंबर में 64,000 नौकरी बढ़ीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने देरी से जारी की गई रोजगार संबंधी रिपोर्ट में बताया कि नवंबर में 64,000 नौकरियां बढ़ीं, जबकि अक्टूबर में 1.05 लाख नौकरियां घटीं। ट्रंप प्रशासन की कटौतियों के बाद संघीय कर्मचारियों की संख्या कम होने से अक्टूबर में नौकरियों में गिरावट हुई। अमेरिका में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गई, जो 2021 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। श्रम विभाग ने मंगलवार को अक्टूबर और नवंबर दोनों महीनों के रोजगार आंकड़े जारी किए।

# एआई को नियंत्रित करने के लिए नए कानून नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने मंगलवार को कहा कि सरकार एआई के लिए नए कानून या नियम लाने से बचना चाहती है जब तक कि यह बेहद जरूरी न हो। उन्होंने कहा कि उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम जैसे मौजूदा कानूनी ढांचे का इस्तेमाल किया जाएगा।

उद्योग संघ एसोचैम की 'एआई लीडरशिप मीट' में कृष्णन ने कहा



- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी विभाग सचिव ने कहा- बेहद जरूरी होने पर ही लाए जाएंगे ऐसे कानून

कि सरकार का नियामक दृष्टिकोण विचारशील एवं सावधानीपूर्ण है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार में बाधा न डाले। उन्होंने कहा, वैसे भी, हमारे देश में कई कानून हैं इसलिए मेरी हमेशा यही प्रवृत्ति रहती है कि जब तक बिल्कुल जरूरी न हो, कोई नया कानून या नियम न बनाया जाए। पहले यह देखने की कोशिश करें कि मौजूदा कानूनों के साथ क्या किया जा सकता है। कृष्णन ने कहा, अब तक एआई के नियमन के प्रति हमारा दृष्टिकोण बेहद व्यावहारिक रहा है और यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हम किसी भी परिस्थिति में नवाचार के रास्ते में बाधा नहीं बनना चाहते।

उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिनियम और हाल ही में अधिसूचित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम के प्रावधानों में एआई के उपयोग से संबंधित काफी सारे मुद्दे पहले से ही शामिल किए गए हैं। सचिव ने कहा, समय आने पर विनियमन की आवश्यकता होगी या नहीं, इस पर हम अन्य पहलुओं के साथ विचार करेंगे। उन्होंने कहा, हमारा जोर उन नियमों को लागू करने पर होगा जो एआई के विकास को संभव बनाएंगे।



# सोनिया-राहुल के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से अदालत का इन्कार

## नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी को झटका, अदालत ने आरोपपत्र को बताया आधारहीन

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पांच अन्य के खिलाफ धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि इस मामले में दाखिल आरोपपत्र एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर की गई जांच पर आधारित है, न कि किसी मूल अपराध से संबंधित प्राथमिकी पर। कानून के तहत इस पर संज्ञान लेना स्वीकार्य नहीं है। ईडी ने अदालत के आदेश के खिलाफ अपील करने की बात कही है।

आदेश के मुख्य हिस्से को पढ़ते हुए न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा पहले ही प्राथमिकी दर्ज कर चुकी है इसलिए ऐसे में गुण-दोष के आधार पर ईडी के तर्कों पर विचार करना जल्दबाजी होगी। ईडी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, दिवंगत पार्टी नेता मोतीलाल वोरा एवं ऑस्कर फर्नांडिस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी 'यंग इंडियन' पर आपराधिक साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है। आरोप है कि उन्होंने 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड' (एजेएल) की लगभग 2,000 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों का अधिग्रहण किया। यह कंपनी 'नेशनल हेराल्ड' अखबार का प्रकाशन करती है।

जांच एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया है कि गांधी परिवार की 'यंग इंडियन' में 76 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जिसने 90 करोड़ रुपये के ऋण के बदले धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया।



### गांधी परिवार को एफआईआर की कॉपी देने से इन्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज की गई नई एफआईआर की कॉपी की मांग की थी। अदालत ने मंगलवार को कहा कि एफआईआर के बारे में जानकारी साझा की जा सकती है, लेकिन दस्तावेज की प्रमाणित कॉपी आरोपियों को नहीं दी जाएगी। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नया आपराधिक मामला दर्ज किया है।

### कांग्रेस ने कहा- सत्य की जीत, मोदी सरकार की साजिश नाकाम हुई

कांग्रेस ने अदालत के फैसले को सत्य की जीत करार दिया। कहा, मोदी सरकार की गैरकानूनी कार्रवाई और साजिश नाकाम हो गई है तथा दुष्प्रचार भी ध्वस्त हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जब नेशनल हेराल्ड, कांग्रेस पार्टी और हमारे नेताओं को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगाए गए, तब भी मैंने यही कहा था कि हम अंग्रेजों से नहीं डरे तो भाजपा-आरएसएस या मोदी-शाह क्या चीज हैं। आज अदालत ने भी मोदी सरकार की कार्रवाई को अवैध ठहराकर राजनीतिक बदले की दुर्भावना से रची इस साजिश को नाकाम किया है। उन्होंने कहा कि वोट चोर सरकार लोकतंत्र को कुचलने की जितनी भी जोर-जबरदस्ती कर ले, हम 140 करोड़ भारतीय नागरिकों के लिए और संविधान को बचाने के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। सत्य की जीत निश्चित है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि अब इस बात की पोल खुल गई कि कैसे 'गैंग्स ऑफ गांधीनगर' सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल निजी सेना की तरह करता है। उन्होंने कहा, आपने देखा है कि इस देश का लोकतंत्र तबाह होने की कगार पर है, अगर किसी ने उसे रोककर रखा है, तो वे राहुल गांधी हैं। इसलिए सत्ता पक्ष साजिश रचता है कि कैसे राहुल गांधी जी के हौसले को तोड़ दिया जाए।

# जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा अध्यक्ष की ओर से जांच समिति के गठन को दी है चुनौती
- लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय, दोनों सदनों के महासचिव से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई करने पर सोमवार को सहमति जताई जिसमें उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष की ओर से उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए गठित जांच समिति को चुनौती दी है। जांच समिति में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल हैं।



न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय और दोनों सदनों के महासचिवों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। इस मामले पर अगली सुनवाई के लिए सात जनवरी 2026 की तारीख तय की गई है। राष्ट्रीय राजधानी में 14 मार्च को जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास के भंडारगृह में आग लगने के बाद जले हुए नोटों के बंडल बरामद किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट जस्टिस वर्मा की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें न्यायाधीश जांच अधिनियम द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत लोकसभा द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की वैधता को चुनौती दी गई थी।

जस्टिस वर्मा की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि संसद के दोनों सदनों में उन्हें हटाने के संबंध में प्रस्ताव पेश करने के लिए यह अनिवार्य है कि तीन सदस्यीय समिति का गठन लोकसभा और राज्यसभा दोनों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए, न कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा एकतरफा रूप से। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार किसी भी सदन में न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव स्वीकार हो जाने पर अध्यक्ष तीन सदस्यीय समिति का गठन करेंगे जो उन आधारों की जांच करेगी जिन पर न्यायाधीश को हटाने (यानी आम भाषा में महाभियोग) की मांग की गई है।

### दिल्ली: कोहरे और खराब मौसम की वजह से 126 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खराब मौसम की वजह से मंगलवार सुबह 126 उड़ानें रद्द हो गईं। हवाई अड्डे के अधिकारियों के मुताबिक इनमें दोपहर 12 बजे तक दिल्ली से जाने वाली 49 घरेलू उड़ानें और दिल्ली आने वाली 77 उड़ानें शामिल हैं। मंगलवार को हालांकि सोमवार की तरह घना कोहरा नहीं छाया रहा, लेकिन सोमवार को हुई देरी और रद्द रही उड़ानों का असर परिचालन पर देखने को मिला। इसके अलावा, कुछ असर कम दृश्यता का भी रहा है। सोमवार को 228 उड़ानें रद्द रही थीं जिनमें 131 जाने वाली और 97 आने वाली उड़ानें थीं। इसके अलावा पांच उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा था। दिल्ली एयरपोर्ट की तरफ से दोपहर के समय सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया गया है कि अब विमानों का परिचालन निर्बाध रूप से हो रहा है लेकिन सुबह रही देरी का कुछ असर आगे भी देखा जा सकता है।

- सोमवार को रद्द हुई थीं 228 उड़ानें, परेशानी से जूझे यात्री

### हैदराबाद : महिला ने आठ साल की बेटी को चौथी मंजिल से फेंका, मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में 37 वर्षीय एक महिला ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ झगड़े के बाद अपनी आठ वर्षीय बेटी को आवासीय इमारत की चौथी मंजिल से फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मलकाजगिरि पुलिस थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार दोपहर को हुई, जिसके परिणामस्वरूप लड़की की मौत हो गई। अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि निजी कर्मचारी के रूप में काम करने वाली महिला रविवार रात से अपने परिवार के सदस्यों के साथ हुए झगड़ों के बाद मानसिक रूप से परेशान थी। उसने सोमवार को अपनी बेटी को इमारत की चौथी मंजिल पर ले जाकर नीचे फेंक दिया। इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### गोवा अग्निकांड : मशहूर रेस्तरां 'द केप' नियमों के उल्लंघन पर सील

**पणजी।** दक्षिण गोवा जिले में स्थित प्रमुख रेस्तरां 'द केप गोवा' को अग्नि और अन्य सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक सोमवार को जारी आदेश के अनुसार पर्यटन विभाग ने एक अस्थाई झोपड़ी के लिए अनुमति दी थी, लेकिन पाया गया कि प्रतिष्ठान स्वीकृत क्षेत्र से बाहर एक पूरे रेस्तरां का संचालन कर रहा था। आदेश में कहा गया है कि अनिवार्य सुरक्षा मंजूरी के बिना परिसर का निरंतर संचालन मानव जीवन और संपत्ति के लिए एक गंभीर और वास्तविक खतरा पैदा करता है विशेष रूप से आग, शॉर्ट-सर्किट, संरचना से जुड़ी कोई आपदा या निकासी की आवश्यकता वाली किसी भी आपात स्थिति में। यह कार्रवाई छह दिसंबर को उत्तरी गोवा के अरपोरल में एक नाइट क्लब में लगी भीषण आग के बाद की गई है, जिसमें 25 लोगों की जान चली गई थी।

## मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ विपक्ष ने किया प्रदर्शन

- हाथों में राष्ट्रपिता के पोस्टर लेकर संसद परिसर में लगाए महात्मा गांधी जिंदाबाद के नारे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने और नए विधेयक में राष्ट्रपिता का नाम नहीं होने के खिलाफ मंगलवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य नेताओं ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट खड़े होकर नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने हाथ में महात्मा गांधी का पोस्टर ले रखा था और 'महात्मा गांधी की जय' के नारे लगाए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार के कदम को महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान करार दिया और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपिता के विचारों तथा गरीबों के अधिकारों से नफरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस जन विरोधी विधेयक का सड़क से संसद तक पुरजोर विरोध करेगी। प्रियंका गांधी जब विधेयक में महात्मा गांधी का नाम नहीं होने को लेकर सरकार की आलोचना कर रही थीं तभी सत्तापक्ष के किसी सदस्य ने कहा कि महात्मा गांधी आपके परिवार के नहीं थे। इस पर प्रियंका ने कहा, हां, मेरे परिवार के नहीं थे, लेकिन मेरे परिवार जैसे ही हैं। यही भावना पूरे देश की है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को अपना नाम भी बदल देना चाहिए।

### थरूर का सरकार पर कटाक्ष राम का नाम बदनाम न करो

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को लोकसभा में 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पेश किए जाने का विरोध किया और देव आनंद की मशहूर फिल्म 'हरे रामा हरे कृष्णा' के एक गीत का उल्लेख करते हुए सत्तापक्ष पर कटाक्ष किया कि 'देखो ओ दीवानो तुम ये काम न करो, राम का नाम बदनाम न करो।' थरूर ने कहा, महात्मा गांधी का राम राज्य का दृष्टिकोण कभी भी पूरी तरह राजनीतिक प्रोजेक्ट नहीं था। यह एक सामाजिक-आर्थिक ब्लूप्रिंट था जो गांवों को मजबूत बनाने पर आधारित था और ग्राम स्वराज में उनका अटूट विश्वास उस दृष्टिकोण का मुख्य हिस्सा था।

## मेसी के कार्यक्रम में अराजकता पर बंगाल के खेल मंत्री का इस्तीफा

**कोलकाता।** फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कार्यक्रम में अराजकता को लेकर पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने इस्तीफा दे दिया है, जिसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को स्वीकार कर लिया है।

ममता बनर्जी ने मेसी से जुड़े कार्यक्रम के आयोजन में कुप्रबंधन को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर खेल मंत्री अरूप बिस्वास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। इससे पहले बिस्वास ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खेल मंत्री के पद से मुक्त होने का अनुरोध किया था। हालांकि वह कैबिनेट मंत्री के रूप में बने रहेंगे और उनके पास बिजली विभाग का प्रभार बना रहेगा। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग को फिलहाल अपने पास रखने का फैसला किया है।

## कुपवाड़ा: बारूदी सुरंग विस्फोट से सेना का जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बारूदी सुरंग में विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों के अनुसार, 13 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के हवलदार जुबैर अहमद सोमवार को सीमावर्ती जिले के त्रेहगाम क्षेत्र स्थित पुताहा खान गली में बारूदी सुरंग में विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

उन्होंने बताया कि घायल जवान को द्रुगमुल्ला स्थित सैन्य अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को घर भेज दिया गया।

# राष्ट्रपति भवन में बना परम वीर दीर्घा

- दीर्घा में सभी 21 परम वीर चक्र विजेताओं के चित्र प्रदर्शित

नई दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रपति भवन में परम वीर दीर्घा के उद्घाटन के दौरान एक सैन्य अधिकारी को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में परम वीर दीर्घा का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि इस दीर्घा में सभी 21 परम वीर चक्र विजेताओं के चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। इस दीर्घा का मकसद आगंतुकों को राष्ट्रीय नायकों के बारे में जानकारी देना है जिन्होंने देश की रक्षा में अदम्य संकल्प और अजेय भावना का प्रदर्शन किया।

यह उन बहादुरों की याद का सम्मान करने की भी एक पहल है जिन्होंने मातृभूमि की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी है। जिन गलियारों में परम वीर दीर्घा बनाई गई है, वहां पहले ब्रिटिश एडीसी के चित्र लगे हुए थे। भारतीय राष्ट्रीय नायकों के चित्रों को प्रदर्शित करने की यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता को छोड़ने और गर्व के साथ भारतीय संस्कृति, विरासत और शाश्वत परंपराओं की समृद्धि को अपनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। परम वीर चक्र भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान है।

## पाकिस्तान ने 13 दिन में टेक दिए थे घुटने

पाकिस्तान के खिलाफ 1971 की लड़ाई में भारतीय सेना की जीत के प्रतीक के रूप में हर साल 16 दिसंबर को भारत विजय दिवस मनाता है। जीत की 54 वीं वर्षगांठ पर देशभर में मंगलवार को सेनाओं की वीरता की सराहना के साथ लड़ाई में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 16 दिसंबर 1971 को सशस्त्र बलों के शौर्य, दृढ़ संकल्प और अटल निश्चय के परिणामस्वरूप भारत को पाकिस्तान के विरुद्ध एक ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई। इसके परिणामस्वरूप एक आजाद देश के रूप में बांग्लादेश का जन्म हुआ और इस निर्णायक जीत ने हमारे क्षेत्र के भू-राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया। इस 13 दिवसीय युद्ध में भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना द्वारा प्रदर्शित तत्पर रणनीति, उत्कृष्ट समन्वय और भारत की सैन्य दक्षता को प्रदर्शित किया।

## विजय दिवस पर वीरों का नमन



### भारतीय सेना ने ढाका को घेरा

- 25 मार्च 1971 को पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्चलाइट शुरू किया। बंगाली नेताओं, छात्रों, बुद्धिजीवियों को कुचलना शुरू किया। हज़ारों लोगों की हत्या, महिलाओं पर अत्याचार के साथ हिंदू अल्पसंख्यकों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया। बांग्लादेशी स्वतंत्रता सेनानियों को समर्थन देने से बौखलाए पाकिस्तान ने 3 दिसंबर 1971 को भारत के पश्चिमी हिस्से पर हवाई हमला किया। इसके बाद भारत ने पूर्वी और पश्चिमी दोनों मोर्चों पर जवाबी कार्रवाई की। भारतीय सेना ने केवल 13 दिनों में ढाका को घेर लिया और पाकिस्तान की सेना को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया।

### 1971 के युद्ध की पृष्ठभूमि

- पूर्वी पाकिस्तान में अत्याचार ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार की थी। पाकिस्तान में पहला सार्वभौमिक चुनाव 1970 में कराया गया जिसमें शेख मुजीबुर रहमान की पार्टी अवामी लीग को स्पष्ट बहुमत मिला फिर भी राष्ट्रपति याह्या खान और जुल्फिकार अली भुट्टो ने सत्ता हस्तांतरण से इनकार कर दिया। सत्ता न सौंपे जाने पर पाकिस्तानी सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में निर्मम दमन शुरू किया। लाखों लोग मारे गए और करीब 1 करोड़ शरणार्थी भारत आए। मानवीय संकट और सीमा पर दबाव के कारण भारत ने हस्तक्षेप कर मुक्ति वाहिनी का समर्थन किया।

### 93 हजार सैनिकों ने डाले थे हथियार

- 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने ढाका (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) में भारतीय सशस्त्र बलों के सामने आत्मसमर्पण किया था। भारत को निर्णायक विजय मिली और पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र होकर बांग्लादेश बना। लगभग 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण था।

### ऐतिहासिक आत्मसमर्पण

- सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एए के नियाजी के नेतृत्व में जंग लड़ रही पाकिस्तान की सेना ने 16 दिसंबर 1971 में हथियार डाल दिए। ढाका के रेसकोर्स ग्राउंड में भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष पाकिस्तानी सेना ने बिना शर्त आत्मसमर्पण किया। लगभग 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने हथियार डाले। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण था। इसके बाद बांग्लादेश का स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय। इसी को याद करने के लि 16 दिसंबर को भारत में विजय दिवस मनाया जाता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नवनीत सिंह को मिला अनंतकृष्णन पुरस्कार

**कोलकाता।** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वैज्ञानिक नवनीत सिंह को प्रतिष्ठित प्रोफेसर टीएन अनंतकृष्णन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मंगलवार को जारी एक बयान से यह जानकारी मिली। जेडएसआई के एक बयान में कहा गया कि यह पुरस्कार प्रसिद्ध वर्गीकरण वैज्ञानिक (टैक्सोनॉमिस्ट) सिंह को बेंगलुरु में आयोजित 'स्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण में कीट' विषय पर राष्ट्रीय संवाद के दौरान प्रदान किया गया। सिंह को शास्त्रीय वर्गीकरण और कीट पतंगों और तितलियों के पारिस्थितिक अध्ययन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है।

### पाकिस्तान में आया 5.2 तीव्रता का भूकंप

**कराची।** पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची के कुछ हिस्सों और बलूचिस्तान प्रांत के कुछ इलाकों में 5 .2 तीव्रता का भूकंप आया है। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र बलूचिस्तान के सोनमियानी में था, जिसकी गहराई 12 किलोमीटर थी और यह कराची से लगभग 87 किलोमीटर दूर था। रेस्क्यू 1122 के एक अधिकारी ने बताया कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### फेंटानिल प्रतिबंध को ट्रंप ने किए दस्तखत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेंटानिल को सामूहिक विनाश का हथियार करार देने वाले कार्यकारी आदेश पर सोमवार को दस्तखत कर दिए। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में इस आदेश पर हस्ताक्षर किए।

# शाह के साथ वार्ता से भारत और जॉर्डन में साझेदारी हुई मजबूत

## दो दिवसीय यात्रा के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जॉर्डन यात्रा बेहद फलदायी रही

- हुसैनीया महल में शाह अब्दुल्ला मोदी ने की आमने-सामने बैठक

अम्मान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ उनकी वार्ता ने नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन, डिजिटल परिवर्तन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विरासत सहयोग समेत प्रमुख क्षेत्रों में भारत-जॉर्डन साझेदारी को मजबूत किया है। दो दिवसीय यात्रा के अंत में मोदी ने कहा कि मेरी जॉर्डन यात्रा बेहद फलदायी रही है। उन्होंने शाह अब्दुल्ला द्वितीय और जॉर्डन के लोगों को उनकी असाधारण मित्रता के लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि हमारी चर्चाओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन, डिजिटल परिवर्तन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विरासत सहयोग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत-जॉर्डन साझेदारी को मजबूत किया है। हमने मिलकर जो परिणाम हासिल किए हैं, वे हमारे नागरिकों के लिए प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगे। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले सोमवार को मोदी ने हुसैनीया महल में शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ आमने-सामने बैठक की। मंगलवार को जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने अपने देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की सराहना की, जिसकी पहचान आपसी विश्वास, सौहार्द और सद्भावना है। इसमें कहा गया है कि दोनों ने भारत-जॉर्डन के बहुआयामी संबंधों का सकारात्मक मूल्यांकन किया है, जो राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, सुरक्षा, संस्कृति और शिक्षा सहित सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय स्तर पर और बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों के बीच उत्कृष्ट सहयोग की भी सराहना की।



इथोपिया पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर किया गया स्वागत।

### भारत, जॉर्डन का तीसरा बड़ा व्यापारिक साझेदार

अपनी बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने अपनी-अपनी विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने में विश्वसनीय साझेदार के रूप में आपसी हित के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने और एक साथ खड़े रहने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने मजबूत द्विपक्षीय व्यापार की सराहना की, जिसका वर्तमान मूल्य 2 .3 अरब अमेरिकी डॉलर है और भारत जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। दोनों नेता द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

### इथियोपिया पहुंचे मोदी, संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की चार दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को इथियोपिया पहुंचे। इथियोपिया की अपनी पहली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की यात्रा और ग्लोबल साउथ के लिए भारत-इथियोपिया साझेदारी क्या मायने रखती है विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली के साथ द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा भी करेंगे। प्रधानमंत्री की इथियोपिया यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक कि यह यात्रा 'ग्लोबल साउथ' में साझेदार के रूप में भारत और इथियोपिया के बीच गहरी दोस्ती और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि होगी। मोदी इथियोपिया की दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे। वह यात्रा के तीसरे चरण के तहत इथियोपिया से ओमान जाएंगे।

## मेक्सिको में छोटा विमान क्रैश, सात लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको में सोमवार को आपात स्थिति में उतरने का प्रयास करते समय एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। मेक्सिको के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मेक्सिको के असैन्य सुरक्षा समन्वयक एड्रियन हर्नांडेज ने बताया कि यह दुर्घटना सैन माटेओ एटेंको में हुई, जो टोलुका हवाई अड्डे से तीन मील (पांच किलोमीटर) दूर एक औद्योगिक क्षेत्र है और मेक्सिको सिटी से लगभग 31 मील (50 किलोमीटर) पश्चिम में स्थित है। विमान ने मेक्सिको के प्रशांत तट पर स्थित अकापुल्को से उड़ान भरी थी। हर्नांडेज ने कहा कि निजी विमान में सवार होने के लिए आठ यात्रियों और चालक दल के दो सदस्यों ने पंजीकरण कराया था लेकिन दुर्घटना के घंटों बाद तक केवल सात शव ही बरामद किए जा सके।

उन्होंने बताया कि विमान ने संभवतः एक फुटबॉल मैदान पर उतरने की कोशिश की थी लेकिन पास की एक दुकान की धातु की छत से टकरा गया, जिससे भीषण आग लग गई। दुर्घटना की जांच चल रही है। सैन माटेओ एटेंको की मेयर एना मुनीज ने 'मिलेनियो टेलीविजन' को बताया कि आग के कारण क्षेत्र से लगभग 130 लोगों को बाहर निकालना पड़ा।

# पाकिस्तान में पीएम को कैद करना ही है लोगों की इच्छा का सम्मान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र में भारत का पाकिस्तान पर करारा तंज



भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कड़े शब्दों में पाकिस्तान के विभाजनकारी एजेंडे की आलोचना करते हुए कहा कि इस्लामाबाद का अपने लोगों की इच्छा का सम्मान करने का अनूठा तरीका यह है कि वह एक निर्वाचित प्रधानमंत्री को जेल में डाल देता है और अपने सेना प्रमुख को आजीवन कानूनी सुरक्षा दे देता है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने सोमवार को सुरक्षा परिषद में 'शांति के लिए नेतृत्व' विषय पर हुई खुली बहस के दौरान पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद द्वारा जम्मू कश्मीर और सिंधु जल संधि का मुद्दा उठाए जाने के बाद कड़ा जवाब दिया। हरीश ने कहा कि आज की खुली बहस में पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर का अनुचित उल्लेख भारत और उसके लोगों को नुकसान पहुंचाने पर केंद्रित है। एक गैर-स्थायी सुरक्षा परिषद सदस्य, जो अपने विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के हर मंच और हर बैठक का दुरुपयोग करता है, उससे अपनी निर्धारित जिम्मेदारियों और दायित्वों को निभाने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भारत, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का उसके सभी रूपों और स्वरूपों में पूरी ताकत से मुकाबला करेगा। भारत ने पाकिस्तानी दूत के उस दावे को भी खारिज कर दिया कि जम्मू कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र चार्टर, प्रासंगिक सुरक्षा परिषद प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की इच्छा के अनुसार सुलझाया जाना चाहिए।

हरीश ने कहा कि पाकिस्तान के पास अपने लोगों की इच्छा का सम्मान करने का बेशक एक अनूठा तरीका है , एक प्रधानमंत्री को जेल में डालना, सत्ता में रहे राजनीतिक दल पर प्रतिबंध लगाना और संविधान संशोधन के द्वारा सशस्त्र बलों द्वारा एक संवैधानिक तख्तापलट की राह बनाने की अनुमति देना तथा अपने सेना प्रमुख को आजीवन सुरक्षा देना।

# आईएस से प्रेरित थी बॉण्डी बीच पर गोलीबारी

मेलबर्न, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलियाई पुलिस अधिकारियों ने जांच के बाद दी जानकारी

ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉण्डी बीच पर हनुक्का उत्सव के दौरान सरेआम गोलीबारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) से प्रेरित एक आतंकवादी हमला था। ऑस्ट्रेलिया की संघीय पुलिस आयुक्त क्रिसी बैरेट ने मंगलवार को यह बात कही। इस हमले में 15 लोग मारे गए थे।

ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने बताया है कि संदिग्ध हमलावर पिता और पुत्र थे। उन्होंने बताया है कि एक हमलावर (50) को पुलिस ने मार गिराया जबकि उसका 24 वर्षीय बेटा घायल हो गया और अस्पताल में उसका उपचार हो रहा है। मारे गए हमलावर की पहचान अधिकारियों ने साजिद अकरम के रूप में की है। मंगलवार को नेताओं और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने पहली बार संदिग्धों की विचारधाराओं के बारे में पुष्टि की। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि ये टिप्पणियां प्राप्त साक्ष्यों पर आधारित थीं, जिनमें जब्त किए गए वाहन में इस्लामिक स्टेट के झंडे मिलना भी शामिल है। इस हमले में घायल हुए 25 लोग अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं।

### एक संदिग्ध मूल रूप से हैदराबाद का निवासी

हैदराबाद। ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर पिछले सप्ताहांत हुई गोलीबारी में संलिप्त संदिग्धों में शामिल साजिद अकरम मूल रूप से हैदराबाद का रहने वाला है। तेलंगाना पुलिस ने मंगलवार को बताया कि साजिद 27 साल पहले ऑस्ट्रेलिया चला गया था और उसका हैदराबाद में रहने वाले अपने परिवार से सीमित संपर्क था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, साजिद और उसके बेटा नवीद अकरम के कट्टरपंथी बनने के पीछे के कारकों का भारत या तेलंगाना में किसी स्थानीय प्रभाव से कोई संबंध नहीं प्रतीत होता है।

## ट्रंप ने बीबीसी पर दायर किया मानहानि का केस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 अरब डॉलर के हर्जाने की मांग करते हुए सोमवार को बीबीसी के खिलाफ मुकदमा दायर किया, जिसमें ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि के साथ भ्रामक और अनुचित तरीके से व्यापार करने का आरोप लगाया। मुकदमे में ट्रंप का झूठा, मानहानिकारक, भ्रामक, अपमानजनक, भड़काऊ और दुर्भावनापूर्ण चित्रण करने का आरोप लगाया गया है। इसे 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश बताया गया है।

# इजराइल पहुंचे जयशंकर, शीर्ष नेतृत्व से करेंगे वार्ता

- रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे दोनों देश

यरूशलम, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर इजराइल की दो दिवसीय यात्रा के तहत मंगलवार को तेल अवीव पहुंचे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तृत बातचीत करेंगे। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के भारत के प्रस्तावित दौरे की तैयारियां की जा रही हैं।

नेतन्याहू ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत की थी, जिसके बाद इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह अपने भारतीय समकक्ष से जल्द मुलाकात करेंगे। इजराइल यात्रा के दौरान जयशंकर का राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग, प्रधानमंत्री नेतन्याहू और विदेश मंत्री गिदोन सार से मिलने का कार्यक्रम है। यरूशलम में एक सूत्र ने कहा दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के मकसद से चर्चा द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी। जयशंकर अबू धाबी से तेल अवीव पहुंचे, जहां उन्होंने प्रतिष्ठित सर बानी यस फोरम में हिस्सा लिया था। अबू धाबी में वह 15 दिसंबर को आयोजित भारत-यूएई संयुक्त आयोग की 16वीं बैठक और भारत-यूएई रणनीतिक संवाद के 5वें दौर में भी शामिल हुए थे। नेतन्याहू की बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा से दोनों पक्षों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की एक श्रृंखला शुरू होने की उम्मीद है। इजराइल के पर्यटन मंत्री हैम काट्ज, उद्योग मंत्री नीर बरकत, कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिक्टर और वित्त मंत्री बेजेलल स्मोट्रिच ने भारत की यात्रा की थी।



इजराइल के समकक्ष के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 17 दिसंबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 18 दिसंबर 02 .32 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 17 .11 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज आपको अचानक कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। प्रेम संबंधों में धोखा मिल सकता है। मधुमेह के रोगियों को दवाओं के प्रयोग में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। अपच के कारण मुंह में छाले पड़ सकते हैं।

**वृष** — आज पहले की गई मेहनत से आपको लाभ मिलेगा। आर्थिक परेशानियों को लेकर थोड़ा परेशान होना पड़ेगा। व्यवसाय में नए तरीके की योजना अपनानी पड़ेगी। रिटेल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में अचानक परिवर्तन हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज इससे आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। सहकर्मियों के सहयोग से आपके काम जल्दी में पूरे हो जाएंगे। करियर के नए अवसर आपको मिल सकते हैं। आपको जीवनसाथी की सलाह लेनी चाहिए।

**कर्क** — आज उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है। दोस्तों के व्यवहार के कारण मूड खराब हो सकता है। किसी पर भी आंख-मूदकर विश्वास न करें। कोई महत्वपूर्ण काम अचानक आपको करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज अपने खर्चों को सीमित और संतुलित रखें। कार्यक्षेत्र में आपको अपने वर्चस्व की चिंता रहेगी। सामाजिक विषयों में आपकी रूचि बढ़ेगी। निजी रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। काम का अतिरिक्त बोझ आने के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे।

**कन्या** — आज प्रभावशाली लोगों से संबंध मजबूत होंगे। नई संपत्ति या मकान आदि खरीदने का विचार बना सकते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। फाइनेंस संबंधी कार्यों की जटिलता दूर होगी।

**तुला** — आज लघु उद्योग कर रहे लोगों को कठिनाई हो सकती है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहने वाले हैं। अपने स्वार्थ के लिए गलत मार्ग का चुनाव न करें। कुछ निजी समस्याओं के कारण मन विचलित रह सकता है।

**वृश्चिक** — आज परिजनों के साथ मौज व मनोरंजन का आनंद लेंगे। आप अपनी छोटी-छोटी गलतियों को दूर करने के लिए प्रयासरत हो सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। रियल एस्टेट व्यापारियों को बड़ा लाभ हो सकता है।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में आपका अपमान हो सकता है। अपने विचारों व निर्णयों को सदैव पहली प्राथमिकता दें। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा। नशे का सेवन बिल्कुल भी न करें। शेयर मार्केट में बड़ा पैसा निवेश करने से आपको बचना चाहिए।

**मकर** — आज नई नौकरी खोज रहे हैं तो सफलता मिलने की पूरी संभावना है। पैतृक संपदा प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। अटके मामलों को धीरे-धीरे सुलझा लेंगे। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अचानक धन लाभ भी हो सकता है।

**कुंभ** — आज इसके कारण आपके कई छूटे हुए कार्य पूरा होने की संभावना बन रही है। इन्श्योरेंस जैसे निवेश से उत्तम लाभ प्राप्त होगा। अपने शारीरिक सौंदर्य और फिटनेस को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। आप समय का बेहतरीन सदुपयोग करेंगे।

**मीन** — आज लोग आपकी आदतों की आलोचना कर सकते हैं। पुराने संबंधों का लाभ आपको मिल सकता है। अपनी मानसिक स्थिति सकारात्मक बनाकर रखें। व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपने उत्पादों या सेवाओं की गुणवत्ता पर अत्यधिक ध्यान देना पड़ेगा।

## सुडोकू -4

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 3 | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | 6 | | 3 |
| | | | 8 | 9 | | | | 5 |
| 8 | | 1 | | | 3 | 5 | 2 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | 2 | 4 | 5 | | | 8 | | 7 |
| 1 | | | | 4 | 5 | | | |
| 7 | | 6 | | | | 3 | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 1 | |

## सुडोकू - 3 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 4 |



“सूर्यकुमार ऐसा खिलाड़ी है जो अपने दम पर पांचों मैच जीता सकते हैं। वह फॉर्म में नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि वह अच्छे खिलाड़ी नहीं हैं। वह सर्वश्रेष्ठों में से है। कोई और वह नहीं कर सकता जो उसने किया है। –शिवम दुबे, भारतीय बल्लेबाज


स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

कानपुर, बुधवार, 17 दिसंबर 2025


# टी-20 शृंखला में निर्णायक बढ़त पर टीम इंडिया की निगाहें

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथा मैच आज, कप्तान सूर्या पर लगातार बढ़ रहा दबाव

**लखनऊ, एजेंसी**

शुभमन गिल का खराब प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन साथ ही खराब फॉर्म से जूझे रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव भी समीक्षा के दायरे में हैं क्योंकि भारत बुधवार को यहां चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सही संतुलन तलाश कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैच की शृंखला में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगा। तीसरे मैच में सूर्यकुमार के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था, जिसने उन्हें शीर्ष बल्लेबाज बनाया था क्योंकि भारत 118 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा किया कर रहा था लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया और सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए।

एक समय उनका दबदबा स्थापित करने वाले शॉट अनियमित परिणाम दे रहे हैं और धर्मशाला में मैच भी अलग नहीं था क्योंकि वह अपना चिर-पिरचित पिक-अप शॉट खेलते हुए आउट हुए जो उनके निरंतर संघर्ष को उजागर करता है। सूर्यकुमार ने कहा कि वह खराब फॉर्म से नहीं जूझ रहे। उन्होंने रविवार को धर्मशाला में भारत की जीत के बाद कहा कि मैं नेट में शानदार बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं वह सब कुछ करने की कोशिश कर रहा हूं जो मेरे नियंत्रण में है। जब रन आने होंगे तो वे निश्चित रूप से आएंगे। मैं खराब फॉर्म से नहीं जूझ रहा, लेकिन निश्चित तौर पर रन नहीं बना पा रहा। हालांकि आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बताते हैं। भारतीय कप्तान एक साल से अधिक समय से लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। मौजूदा सत्र में इस प्रारूप में उनका औसत 15 से कम है। इसके अलावा 2025 में उनके नाम कोई अर्धशतक नहीं है जो उनके करियर में इस तरह का सबसे लंबा चरण है। वह इस दौरान केवल दो बार 20 गेंद से अधिक बल्लेबाजी करने में सफल रहे हैं। टी-20 विश्व कप में दो महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में गत चैंपियन टीम चाहेगी कि उनका कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज जल्द लय फिर से हासिल कर ले।

### गिल के पारी का आगाज करने से शीर्ष क्रम अस्थिर

उप कप्तान शुभमन गिल का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा है। उनके पारी का आगाज करने से भारत का शीर्ष क्रम अस्थिर हो गया है। गिल ने अच्छी तरह से स्थापित संजू सैमसन की जगह ली। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज को अभिषेक शर्मा के साथ प्रभावी साझेदारी बनाने के बावजूद पहले निचले क्रम में धकेल दिया गया और अंततः बाहर कर दिया गया। गिल ने अन्य प्रारूपों में अपना स्तर दिखाया है लेकिन टी20 अंतर्राष्ट्रीय में उन्हें अब भी उस आश्वस्त बल्लेबाज की झलक नहीं दिखाई है जो वह टेस्ट और एकदिवसीय में है। वह रविवार को कम लक्ष्य का पीछा करते हुए भी सिर्फ 28 रन ही बना पाए जिसने विश्व कप से पहले चिंताओं को कम नहीं किया है। विश्व कप से पहले भारत के पास इस प्रारूप में अब सिर्फ सात मैच हैं।

### बीमार से अक्षर बाहर, शाहबाज टीम में शामिल

अक्षर पटेल के बीमारी के कारण शृंखला से बाहर होने के बाद भारत ने शाहबाज अहमद को टीम में शामिल किया है जिससे कुलदीप यादव को अधिक मौके मिल सकते हैं। निजी कारणों से पिछला मैच नहीं खेलने के बाद जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। उनकी अनुपस्थिति में अर्शदीप सिंह पिछले मुकाबले में मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए जबकि हर्षित राणा ने भी धर्मशाला में उनका अच्छा साथ दिया। भारत फिलहाल पांच मैच की शृंखला में 2–1 से आगे है। पहले मैच में भारत का दबदबा था लेकिन दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने बाजी पलट दी। तीसरे मैच में भारत ने फिर एकतरफा जीत दर्ज की और दक्षिण अफ्रीका शृंखला को जीवंत रखने के लिए बुधवार को हर हाल में जीत के इरादे से उतरेगा।



### टीम में प्रतिस्पर्धा ने दक्षिण अफ्रीका को मजबूती दी : नोर्किया




**लखनऊ।** तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया के अनुसार बुनियादी बातों पर टिके रहना और टीम में सीमित स्थान के लिए बड़ी संख्या में मौजूद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा ने पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण अफ्रीका के सभी प्रारूपों में मजबूत बनाया है। पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब और टी–20 विश्व कप फाइनल में पहली बार पहुंचने जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियों से उत्साहित दक्षिण अफ्रीका ने खुद को विश्व क्रिकेट की खुद को एक बार फिर से मजबूत टीम के तौर पर स्थापित कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने भारत दौरे पर भी इस सफलता को जारी रखते हुए टेस्ट श्रृंखला में 2–0 से जीत दर्ज की। यह भारत में 25 वर्षों में उनकी पहली जीत थी। नोर्किया ने चौथे टी–20 से पहले कहा कि टीम ने प्रदर्शन किया है। टीम में कुछ नये और कुछ पुराने चेहरे है और उसे शानदार तरीके से संभाला जा रहा है। कुछ खिलाड़ी काफी समय से टीम से बाहर थे, लेकिन अब उन्हें लगातार और अधिक क्रिकेट खेलने का मौका मिल रहा है। नोर्किया भारत दौरे पर टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं थे लेकिन उनके मुताबिक सभी प्रारूप के टीमों के दृष्टिकोण में स्पष्टता दिखाई दी। उन्होंने कहा कि मैं कुछ समय से टेस्ट टीम के साथ नहीं रहा हूं लेकिन इस टीम (टी20) में वापसी कर उनकी सरल रणनीति को देखकर, मैं भी यथासंभव सरल रहने की कोशिश कर रहा हूं।

### द. अफ्रीका को व्यवस्थित संयोजन की तलाश, बदलाव जारी

पिछले साल जून में टी–20 विश्व कप फाइनल के बाद से दक्षिण अफ्रीका ने सबसे छोटे प्रारूप में 28 में से 18 मैच गंवाए हैं जो प्रदर्शन में निरंतरता की कमी को दर्शाता है। दक्षिण अफ्रीका को व्यवस्थित संयोजन की तलाश है और इसके लिए टीम प्रबंधन बदलाव कर रहा है, जिससे खिलाड़ी लय हासिल नहीं कर पा रहे और टीम को मैच गंवाने पड़े हैं। पिछले सत्र की उपविजेता टीम के पास नौ फरवरी को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच से पूर्व अंतिम एकादश को अंतिम रूप देने के लिए पांच मैच बचे हैं जिसमें से दो भारत के खिलाफ जबकि तीन घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ हैं। यह देखना होगा कि टीम खिलाड़ियों के रोटेशन की नीति पर कायम रहती है या नहीं।

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, एनटी तिलक वर्मा, शाहबाज अहमद, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, लूथो सिपाम्ला, ओटनील बार्टमैन, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, कोर्बिन बॉश, केशव महाराज और जॉर्ज लिंडे। **मैच शाम सात बजे।**

## हाईलाइट

### मसूद ने पीसीबी की पेशकश ठुकराई

**कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने पीसीबी के अंतर्राष्ट्रीय एवं खिलाड़ी मामलों के सलाहकार का पद लेने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि देश के लिए खेलते समय वह इसके साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। पिछले महीने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मसूद को इस आश्वासन के साथ पद की पेशकश की थी कि क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्हें निदेशक का स्थायी पद दिया जाएगा। यह पहली बार है जब किसी मौजूदा टेस्ट कप्तान को पीसीबी ने नौकरी की पेशकश की है।

### विंटर ओलंपिक्स में शिरकत करेगी केरी

**मिलान।** अमेरिकी गायिका और पॉप स्टार मारिया केरी मिलानो–कोर्टिना छह फरवरी को इटली की राजधानी मिलान के सैन सीरो स्टेडियम में होने वाले 2026 विंटर ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगी। केरी खास पेशकश करेंगी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि चाओ। मिलानो कोर्टिना 2026 के लिए तैयार हो जाइए। छह फरवरी को स्टेडियम सैन सिरो में मिलते हैं। मिलते हैं मिलान में। यह पहली बार होगा जब पांच बार की ग्रैमी अवॉर्ड विजेता केरी किसी ओलंपिक उद्घाटन समारोह में गाएंगी।

### डेल्फिक खेलों के लिए भारतीय दल रवाना

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय पाइथियन परिषद (आईपीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि 57 सदस्यीय भारतीय दल शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले युवा डेल्फिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। किर्गिस्तान के बिश्केक में 23 से 28 मार्च तक होने वाला यह आयोजन वैश्विक सांस्कृतिक कूटनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। भारतीय इतिहास में पहली बार कलाकारों की राष्ट्रीय टीम आधुनिक पाइथियन खेलों के बैनर तले किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

### यूसीआई 2.2 साइकिलिंग की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय साइकिलिंग के इतिहास में पहली बार उपमहाद्वीपीय पुरुष टीम एलीट रोड रेस पहले यूसीआई 2.2 बजाज पुणे ग्रां टूर 2026 का आयोजन पुणे में 19 से 23 जनवरी तक होगा। इससे अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिंग कैलेंडर का आगाज होगा। चार दिन तक चलने वाली चार चरण की 437 किलोमीटर की रेस है। इसमें 26 देशों के 150 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिस्ट शामिल होंगे। इस दौरान खेलमंत्री मनसुख मांडविया के अलावा ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा, भारतीय साइकिलिंग महासंघ के अध्यक्ष पंकज सिंह, चेयरमैन ओंकार सिंह और महासचिव मनिंदर पाल सिंह मौजूद थे।

### ऐश्वर्य ने विश्व रिकॉर्ड बनाकर जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली/भोपाल।** विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने मंगलवार को 68वीं निशानेबाजी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी परिसर में आयोजित पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में 470.5 का विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य का स्कोर मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 1.6 अंक अधिक है। दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में शॉटगन प्रतियोगिता में गुरजोत सिंह ने संयमित प्रदर्शन करते हुए 55 निशाने लगाकर पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियन मेराज अहमद खान को हराया।

# हरियाणा फाइनल में, झारखंड से मुकाबला

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

**पुणे, एजेंसी**

सामंत जाखड़ और अंकित की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत हरियाणा ने मंगलवार को हैदराबाद को 124 रनों से शिकस्त देकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की की जहां उसका सामना झारखंड से होगा। अंकित ने (57 रन) अर्श रंगा (30) के साथ 81 रनों की साझेदारी कर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने छह छक्के और एक चौका मारा।

हैदराबाद ने कुछ विकेट चटकाए, लेकिन छठे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आए जाखड़ ने आठ छक्के और एक चौका की मदद से 60 रनों की पारी के साथ टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। पार्थ वत्स ने आखिरी ओवरों में 45 रन बनाए और हरियाणा ने 7 विकेट पर 246 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.1 ओवर में 122 रन पर ऑल आउट हो गई। अमित राणा ने गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए, जबकि जाखड़, इशांत भारद्वाज और अंशुल कंबोज ने दो-दो विकेट लिए।

### मुंबई ने राजस्थान को तीन विकेट से हराया

**पुणे।** अजिंक्य रहाणे के नाबाद 72 रन और सरफराज खान के 73 रन की मदद से मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ग्रुप बी के मैच में राजस्थान को तीन विकेट से हराया। रहाणे ने 41 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों लगाए, लेकिन सरफराज ने 73 रन की पारी में सात छक्के और छह चौके जड़े। जीत के लिए 217 रनों के जवाब में मुंबई ने 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। रहाणे और सरफराज ने दूसरे विकेट के लिए 111 रन जोड़े। सरफराज को मानव सुतार ने आउट किया जिन्होंने तीन विकेट चटकाए। इससे पहले राजस्थान ने दीपक हुड्डा (31 गेंद में 51 रन) और मुकुल चौधरी (28 गेंद में नाबाद 54 रन) की पारियों के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 216 रन बनाए।

# अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों को मिली बड़ी सफलता

**अबूधाबी, एजेंसी**




इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में मंगलवार को कई बड़े खिलाड़ियों के साथ ‘अनकैप्ड’ (अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले) भारतीय खिलाड़ियों को बड़ी सफलता मिली। पृथ्वी साव और सरफराज खान जैसे बल्लेबाजों को अच्छी लय में होने के बावजूद शुरुआती चरण में कोई खरीदार नहीं मिला। सरफराज को दूसरे दौर में सीएसके ने 75 लाख रुपये में खरीदा।

सरफराज ने नीलामी से पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 73 रन बनाए थे। केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच कड़ी बोली लगी, जिसके अंत में चेन्नई की फ्रेंचाइजी पिछड़ गई। विदेशी खिलाड़ियों के लिए नीलामी के नियमों के अनुसार, शेष राशि बीसीसीआई के खिलाड़ी विकास कार्यक्रम में जाएगी। ऐसे में इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपये (19 लाख डॉलर) रहेगा। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को केकेआर ने 9.20 करोड़ में खरीदा, जबकि मप्र के तेज गेंदबाज मंगेश यादव को बेंगलुरु ने 5.20 करोड़ में खरीदा।

हैदराबाद ने इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन के लिए 13 करोड़ और लखनऊ ने ऑस्ट्रेलियाई के जोश इंग्लिस की सेवाएं 8.60 करोड़ में खरीदी। ऑस्ट्रेलियाई के कूपर कॉनॉली को पंजाब ने तीन करोड़ और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर को दिल्ली ने उनके आधार मूल्य दो करोड़ में खरीदा, जबकि न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे नहीं बिके। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक एक करोड़ में पुरानी टीम मुंबई में वापस लौटे। दो करोड़ वाले एनरिच नॉर्किया और लुंगी एनगिडी को क्रमशः लखनऊ और दिल्ली ने खरीदा। स्पिनरों में रवि बिश्नोई को राजस्थान ने 7.2 करोड़ और सीएसके ने राहुल चाहर को 5.20 करोड़ और अकील हुसैन को दो करोड़ में खरीदा।

### 26 मार्च से 31 मई के बीच खेला जाएगा लीग

**मुंबई।** आईपीएल का अगला सत्र 26 मार्च से 31 मई की विंडो (तय समय) के बीच होगा, देखना होगा है कि क्या आरसीबी अपने घरेलू मैदान बेंगलुरु में टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी कर पाएगा या नहीं। नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि आरसीबी ने आईपीएल 2025 जीता था। इस स्थल को कर्नाटक सरकार ने शर्तिया स्वीकृति दी है, लेकिन इस साल जून में आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत के बाद इसे जरूरी सुरक्षा मानकों को भी पूरा करना होगा।



### सबालेंका फिर डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं

**न्यूयॉर्क।** एरिना सबालेंका ने सोमवार को लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। उन्हें अमेरिकी ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सत्र का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से 80 प्रतिशत वोट मिले। सबालेंका 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। बेलारूस की 27 साल की सबालेंका 2025 में महिला टेनिस में मैच जीतने (63 जीत, 12 हार), खिताब जीने (चार) और फाइनल में पहुंचने (नौ) में सबसे आगे रहीं। उन्होंने एक करोड़ 50 लाख डॉलर की इनामी राशि जीतकर टूर रिकॉर्ड बनाया। वह पूरे साल नंबर एक खिलाड़ी रहीं। सबालेंका जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मेडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोको गॉफ से हारी थीं। वह जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचीं और फिर सितंबर में अमेरिकी ओपन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराकर करियर की चौथी ग्रैंड स्लैम एकल ट्रॉफी जीती। अमेरिका की अनिसिमोवा को विंबलडन और अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने के लिए सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी चुना गया। वह तीन और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं, जिसमें दोहा और बीजिंग में डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतना भी शामिल है।

# कमिंस-लियोन की तीसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम में वापसी

**एडीलेड, एजेंसी**

- **उस्मान ख्वाजा इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट के लिए एकादश में चयन से चूके**

अनुभवी उस्मान ख्वाजा इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में चयन से चूक गए हैं क्योंकि ट्रेविस हेड को जेक वेदराल्ड के साथ पारी का आगाज करने के लिए चुना गया है। अपने 39वें जन्मदिन से सिर्फ दो दिन दूर ख्वाजा को एडीलेड ओवल में बुधवार से शुरू होने वाले टेस्ट के लिए मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया की एकादश में जगह नहीं मिली।

ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैच की शृंखला में 2-0 से आगे है और एडीलेड में जीत या ड्रॉ के साथ एशेज बरकरार रख सकता है। इंग्लैंड ने अपनी एकादश सूची सोमवार को घोषित की थी। ऑस्ट्रेलियाई टीम में ब्रेंडन डोगेट और माइकल नेसर की जगह कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन की गेंदबाजी आक्रमण में वापसी हुई है जबकि शीर्ष सात में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

इसका मतलब है कि जोश इंग्लिस सातवें नंबर पर बरकरार रहेंगे जबकि ख्वाजा को पीठ की ऐंठन के कारण ब्रिस्बेन टेस्ट में जगह बनाने से चूकने के बाद दोबारा शामिल नहीं किया गया।

**ऑस्ट्रेलिया टीम :** जैक वेदराल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड। इंग्लैंड : जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, जोश टंग, ब्राइडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

## बैडमिंटन

### बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स : ग्रुप बी के मैच में कई ओलंपिक पदक विजेताओं से होगा सामना

# ग्रुप ऑफ डेथ में सात्विक–चिराग की होगी कड़ी परीक्षा

**हांगझोउ, एजेंसी**




सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बुधवार से शुरू होने वाले सत्रांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में कड़ी चुनौती मिलेगी, क्योंकि भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को उस ग्रुप में जगह मिली है जिसे ‘ग्रुप ऑफ डेथ’ (सबसे मुश्किल ग्रुप) माना जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हर वर्ग में आठ शीर्ष खिलाड़ी या जोड़ियां शामिल होती हैं जिनका चयन विश्व टूर कैलेंडर में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है।

दुनिया की पूर्व नंबर एक और अब तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी इस एलीट प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग को ग्रुप बी में कई ओलंपिक पदक विजेताओं का सामना करना होगा। भारतीय जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ करेगी जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं। इसके बाद उनकी भिड़ंत इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री से होगी।

शुक्रवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारतीय जोड़ी अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी जो पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हैं। चिया और यिक को यहां दूसरी वरीयता मिली है। आमने-सामने के रिकॉर्ड की बात करें तो सात्विक और चिराग ने दुनिया की सातवें नंबर की चीन की जोड़ी के खिलाफ तीन मैच जीते हैं जबकि सात मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। सितंबर में हांगकांग ओपन फाइनल में भी सात्विक और चिराग को लियांग और वांग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय जोड़ी ने हालांकि चीन मास्टर्स में पिछले मुकाबले में इस जोड़ी के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

सात्विक और चिराग को इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपनी एकमात्र भिड़ंत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में हार मिली थी, जबकि आरोन और सोह के खिलाफ भारतीय जोड़ी को परेशानी का सामना करना पड़ा है। प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो जोड़ियां सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी और ऐसे में गलती की गुंजाइश बहुत कम है।

### चोट से वापसी के बाद दिखाई निरंतरता

सात्विक और चिराग ने इस साल कोई खिताब नहीं जीता लेकिन भारतीय जोड़ी ने चोट के कारण ब्रेक के बाद वापसी करते हुए निरंतरता और लचीलापन दिखाया है। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक के साथ फॉर्म में वापसी की और हांगकांग ओपन तथा चीन मास्टर्स में उपविजेता रहे। भारतीय जोड़ी मलेशिया ओपन, इंडिया ओपन, सिंगापुर ओपन, चीन ओपन और डेनमार्क ओपन में भी सेमीफाइनल में पहुंची। साल के आखिर में होने वाले फाइनल्स में भारत की उपस्थिति छिटपुट लेकिन महत्वपूर्ण रही है। पीवी सिंधू यह खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने 2018 में महिला एकल का खिताब जीता था जबकि साइना नेहवाल 2011 में फाइनल में पहुंची थीं। युगल में ज्वाला गुट्टा और वी दिजू 2009 के सुपर सीरीज फाइनल में मिश्रित युगल के फाइनल में पहुंचे थे।

# कुंडू ने रचा इतिहास, युवा वनडे में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बने

### अंडर 19 एशिया कप

**दुबई, एजेंसी**




- **कुंडू और दीपेश देवेंद्रन ने पांच विकेट लेकर मलेशिया पर 315 रन से जीत की दर्ज**

अभिज्ञान कुंडू के रिकॉर्ड नाबाद 209 रन और दीपेश देवेंद्रन के पांच विकेट की मदद से भारत ने अंडर 19 एशिया कप मैच में मंगलवार को मलेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से युवा वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था।

कुंडू युवा वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। उन्होंने अपनी पारी में 125 गेंदों का सामना करके 17 चौके और नौ छक्के लगाये जिसकी मदद से भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। जवाब में दाहिने हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज देवेंद्रन ने 22 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए मलेशियाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। मलेशिया की टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई। भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंद में 50 रन बनाए। उन्होंने यूएई के खिलाफ इसी टूर्नामेंट में 171 रन की पारी खेली थी।

चौथे नंबर पर उतरे वेदांत त्रिवेदी और कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की। कुंडू ने अपनी पारी में 55 सिंगल निकाले। 17 वर्ष के कुंडू दक्षिण अफ्रीका के जोरिच वान शाकविक के बाद युवा वनडे में दोहरा शतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज हो गए। जोरिच ने इस साल की शुरुआत में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ 153 गेंद में 215 रन बनाये थे। त्रिवेदी ने 106 गेंद में सात चौकों की मदद से 90 रन बनाए। कुंडू ने कनिष्क चौहान के साथ पांचवें विकेट के लिये 87 रन की साझेदारी की।